* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 180

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही














### मैट्रिक में बेटियों ने दिखाया दम : कुल 90.39 फीसदी हुए पास

# ज्योत्सना ज्योति स्टेट टॉपर

- हजारीबाग के इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय का बजा डंका
- रिजल्ट 5.08 प्रतिशत गिरा
- रिजल्ट में पहले स्थान पर पूर्वी सिंहभूम, देवघर सबसे नीचे
- सना को दूसरा और करिश्मा-सृष्टि को तीसरा स्थान

राजीव

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड गठन के बाद पहली बार जैक ने समय से 20 दिन पहले मैट्रिक का रिजल्ट शुक्रवार को जारी किया। इसमें 90.39 फीसदी विद्यार्थी सफल रहे। मैट्रिक में झारखंड की बेटियों ने कमाल कर दिया। हजारीबाग के इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा ज्योत्सना ज्योति स्टेट टॉपर बनी। वह चतरा की रहने वाली है। उसने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल किया है। दूसरे नंबर पर सना संजूरी हैं, जिन्हें 493 अंक मिले हैं। थर्ड टॉपर करिश्मा कुमारी और सृष्टि सौम्या को 492 अंक मिले हैं। टॉप टेन स्टेट टॉपर में 44 विद्यार्थी शामिल हैं। रिजल्ट को जैक की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है।

बता दें कि पिछले साल रिजल्ट 95.47 प्रतिशत रहा था। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार रिजल्ट में करीब 5.08 प्रतिशत की गिरावट जरूर है, लेकिन खास यह है कि इस बार दो लाख पांच हजार 110 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। रिजल्ट की दृष्टि से पूर्वी सिंहभूम नंबर वन और देवघर सबसे निचले पायदान पर है। रांची 15वें स्थान पर पहुंच गया है। जैक सभागार में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने रिजल्ट जारी किया। इस मौके के गवाह जैक अध्यक्ष एके महतो, सचिव एसडी तिग्गा समेत अन्य बने।

परीक्षा में इस बार चार लाख 21 हजार 687 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। परीक्षा में शामिल होनेवाले छात्रों की संख्या चार लाख 18 हजार 623 रही। इसमें तीन लाख 78 हजार 398 परीक्षार्थी सफल रहे। फर्स्ट डिवीजन से दो लाख पांच हजार 110, सेकेंड डिवीजन से एक लाख 53 हजार 733 और थर्ड डिवीजन से 19 हजार 555 परीक्षार्थी पास हुए हैं।



### मैट्रिक का रिजल्ट : एक नजर

| | |
|---|---|
| परीक्षार्थियों की संख्या | 4,21,678 |
| परीक्षा में शामिल | 4,18,623 |
| कुल पास हुए | 3,78,398 |
| फर्स्ट डिवीजन | 2,05,110 |
| सेकेंड डिवीजन | 1,53,733 |
| थर्ड डिवीजन | 19,555 |
| रिजल्ट का प्रतिशत | 90.39 |
| लड़कियों का पास प्रतिशत | 91 |
| लड़कों का पास प्रतिशत | 89.70 |

### फाइव स्टेट टॉपर

| नाम | मार्क्स | स्कूल |
|---|---|---|
| ज्योत्सना ज्योति | 496 | इंदिरा गांधी स्कूल हजारीबाग |
| सना संजरी | 493 | इंदिरा गांधीस्कूल हजारीबाग |
| करिश्मा कुमारी | 492 | इंदिरा गांधीस्कूल हजारीबाग |
| सृष्टि सौम्या | 492 | इंदिरा गांधी स्कूल हजारीबाग |
| प्रतिभा महतो | 491 | उर्सूलाइन कांवेंट गर्ल्स स्कूल रांची |
| सुमित कुमार महतो | 491 | सेंट जॉन हाइस्कूल रांची |
| सुप्रिया कुमारी | 491 | इंदिरा गांधी स्कूल हजारीबाग |
| संभवी सुहाना | 490 | सरस्वती विद्या मंदिर लातेहर |
| सक्षम वर्मा | 490 | आइटीएसवीएम हाइस्कूल चतरा |
| फिजा फातिमा | 490 | मिल्लत हाइस्कूल, धनबाद |
| सुकृति कुमारी | 490 | इंदिरा गांधीस्कूल हजारीबाग |
| तनु राजमुक्ति | 490 | इंदिरा गांधी स्कूल हजारीबाग |

## खुशियों से झूम रहा स्टेट टॉपर का गांव

### डॉक्टर बन कर समाज सेवा करूंगी: ज्योत्सना



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। मैट्रिक परीक्षा में झारखंड की स्टेट टॉपर ज्योत्सना ज्योति मूल रूप से चतरा के गिद्धौर प्रखंड की रहने वाली है। गिद्धौर प्रखंड के पांडेबागी गांव की ज्योत्सना ज्योति ने कहा कि डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करूंगी। शुरू से ही ज्योत्सना मेधावी छात्रा रही है। उसकी प्रारंभिक शिक्षा पांचवीं तक गांव में ही सरकारी प्राथमिक विद्यालय से हुई। इसके बाद उसका दाखिला इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग में हो गया। कहा कि स्कूल से आने के बाद वह पूरी तरह पढ़ाई पर फोकस करती थी। छात्रावास में देर रात तक पढ़ती थी। कहा कि शिक्षा से ही बेहतर समाज का निर्माण हो सकता है। बेहतर रिजल्ट पाने के लिए विद्यार्थियों को निरंतर पढ़ाई करनी चाहिए। ज्योत्सना के पिता राजेंद्र कुमार दास सरकारी शिक्षक हैं। वर्तमान में मयूरहंड के स्वामी विवेकानंद प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य हैं। ज्योत्सना के दादा महादेव दास भी सरकारी शिक्षक थे। वह रिटायर्ड हो चुके हैं। ज्योत्सना की मां किरण कुमारी गृहिणी है।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है सेकेंड टॉपर सना



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मैट्रिक की सेकेंड स्टेट टॉपर सना संजूरी मूल रूप से लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड के सेंगेहातू तोराड़ गांव की रहने वाली है। हजारीबाग के इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में पढ़ाई कर रही है। रिजल्ट आने के बाद कहा कि आवासीय स्कूल में पढ़ने के रूटीन लाइफ चल रही थी। स्कूल में पढ़ाई के अलावा तीन से चार घंटे सेल्फ स्टडी करती थी। सना कहती है कि कभी नहीं सोचा था कि टॉप पांच में स्थान प्राप्त करूंगी, लेकिन अच्छे अंक मिलने की उम्मीद रखी थी। उन्होंने कहा कि पापा युसूफ अंसारी पेशे से किसान है। वे इंटर तक की पढ़ाई की। लेकिन, उनका सपना था कि जो परेशानी हम झेले हैं, वह बच्चे के भविष्य के आड़े नहीं आने दूंगा। शायद यही वह वजह है कि आर्थिक परेशानियों के बाद भी उन्होंने हॉस्टल भेजा। मेरी सफलता अकेले मेरी नहीं है। इसके पीछे पूरे परिवार का संघर्ष है। कहा कि सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना है।

### एयरोनॉटिकल इंजीनियर बनने का है सपना: करिश्मा



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। स्टेट की थर्ड टॉपर करिश्मा भी हजारीबाग इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा है। करिश्मा कहती है कि एयरोनॉटिकल इंजीनियर बनना है। कहा कि मैं संयुक्त परिवार की रहने वाली हूं। ऐसे में सबका सपोर्ट मिला। करिश्मा के पिता किसान हैं। करिश्मा ने बताया कि पापा की इच्छा थी कि इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय से पढ़ाई करूं। उन्होंने ही इसके लिए प्रोत्साहित किया। तैयारियों को लेकर करिश्मा ने बताया कि मैंने रेगुलर स्टडी की है। क्लास में जो पढ़ाया गया, वहीं सेल्फ स्टडी में की। कहती है कि कभी भी केवल गैस पेपर या क्वेश्चन बैंक पर भरोसा नहीं किया है। दूसरों से भी यही बात कहूंगी कि बुक्स जरूर पढ़ें। केवल नोट्स, गैस पेपर या क्वेश्चन बैंक के भरोसे न रहें। रेगुलर रूटीन फॉलो करें। पॉजिटिव रहें। करिश्मा धनबाद जिले के झरिया जयरामपुर की रहने वाली है।

# 21 राज्यों की 102 सीटों पर 67 फीसदी वोट

- हिंसा के बावजूद बंगाल में सर्वाधिक मतदान
- बिहार की चार सीटों पर सबसे कम मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर शुक्रवार को मतदान खत्म हो गया है। चुनाव आयोग से मिली आरंभिक जानकारी के अनुसार कुल 67 फीसदी मतदान हुआ है, हालांकि अंतिम रूप से मतदान का प्रतिशत जारी होने में कुछ समय लग सकता है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, सबसे अधिक 78 फीसदी मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ, जहां हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाएं सामने आयीं। सबसे कम मतदान बिहार में हुआ, जहां महज 54 फीसदी वोटरों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने कहा कि मतदान का आंकड़ा आरंभिक है। उन्होंने कहा कि मतदान आम तौर पर शांतिपूर्ण रहा। लोकसभा के साथ अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के लिए भी मतदान हुआ। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चलता रहा। पश्चिम बंगाल में 78 प्रतिशत मतदान हुआ और बिहार में 54 फीसदी वोट पड़े। मेघालय में 62 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं पूर्वी नगालैंड के छह जिलों में सन्नाटा पसरा रहा, जहां अलग राज्य की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों के एक संघ द्वारा अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के कारण लोग घरों में ही रहे।

पहले चरण के मतदान में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 लोग थर्ड जेंडर के थे। इनमें 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने थे। इसके साथ ही 20 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता थे। मतगणना चार जून को होगी। पहले चरण में जिन राज्यों की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ, उनमें तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (पांच), अरुणाचल प्रदेश (दो), मेघालय (दो), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (एक), मिजोरम (एक), नगालैंड (एक), पुडुचेरी (एक), सिक्किम (एक) और लक्षद्वीप (एक) शामिल हैं। इसके अलावा राजस्थान में 12, उत्तर प्रदेश में आठ, मध्य प्रदेश में छह, असम और महाराष्ट्र में पांच-पांच, बिहार में चार, पश्चिम बंगाल में तीन, मणिपुर में दो और त्रिपुरा, जम्मू कश्मीर तथा छत्तीसगढ़ में एक-एक सीट पर मतदान हुआ।

### बंगाल में हिंसा, दर्ज हुई शिकायतें

पश्चिम बंगाल में कूचबिहार सीट पर हिंसा के कारण मतदान प्रभावित हुआ। तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के सूत्रों ने बताया कि दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने मतदान के पहले कुछ घंटों में चुनावी हिंसा, मतदाताओं को धमकाने और चुनाव एजेंटों पर हमलों संबंधी क्रमशः 80 तथा 39 शिकायतें दर्ज करायी हैं। हिंसा प्रभावित मणिपुर में करीब 66 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर 71 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। राज्य के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाये गये एक आइइडी में विस्फोट होने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान की मौत हो गयी।

## न्यूज रील्स

### भाजपा प्रत्याशी 22 से करेंगे नामांकन

रांची। लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। झारखंड में चौथे से सातवें तक 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न होंगे। भाजपा के चौथे चरण में शामिल क्षेत्र सिंहभूम ,खूंटी, लोहरदगा और पलामू के एन डी ए उम्मीदवार की नामांकन प्रक्रिया 22 अप्रैल से शुरू होगी। 22 अप्रैल को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी गीता कोड़ा, 23अप्रैल को खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, 24 अप्रैल को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव और पलामू लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बीडी राम अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे।

### भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल एक्सपोर्ट की

नयी दिल्ली। भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की पहली खेप शुक्रवार (19 अप्रैल) को सौंप दी। ब्रह्मोस पाने वाला फिलीपींस पहला बाहरी देश है। भारत ने जनवरी 2022 में फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री के लिए 375 मिलियन डॉलर (3130 करोड़ रुपये) की डील की थी।

### प्रधानमंत्री ने अखिलेश यादव और राहुल गांधी पर कसा तंज

# दो शहजादों की शूटिंग, लेकिन फिल्म पहले ही रिजेक्ट कर दी गयी है: मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**अमरोहा/दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस समय दो शहजादों की फिल्म की शूटिंग चल रही है, जबकि उनकी फिल्म को जनता पहले ही रिजेक्ट कर चुकी है। शुक्रवार को यूपी के अमरोहा और मध्यप्रदेश के दमोह में भाजपा के समर्थन में चुनावी रैलियों में उन्होंने अखिलेश यादव और राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपी में फिल्म 'दो शहजादों की जोड़ी' की शूटिंग चल रही है, लेकिन उनकी फिल्म पहले ही रिजेक्ट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ये लोग हर बार परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की टोकरी उठा कर जनता से वोट मांगने निकल पड़ते हैं। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर लोगों की आस्था पर हमला करने का भी आरोप लगाया। पीएम ने अखिलेश और तेजस्वी पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार और यूपी में खुद को यदुवंशी कहने वाले नेताओं से मैं पूछता हूं कि अगर आप सच्चे यदुवंशी हैं, तो आप भगवान श्रीकृष्ण और द्वारका का अपमान करने वालों के साथ कैसे बैठ सकते हैं। कैसे उनके साथ समझौता कर सकते हैं।

बाद में मध्यप्रदेश के दमोह लोकसभा क्षेत्र के इमलाई गांव में पीएम मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को सनातन का विरोध करने वाला कहा। उन्होंने कहा कि ये लोग सनातन को डेंगू, मलेरिया कहते हैं। भगवान राम की पूजा को पाखंड बताते हैं। पीएम ने कहा, राम तो पूरे भारत की आस्था हैं और राम मंदिर में भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन का निमंत्रण इंडी गठबंधन को भी भिजवाया था, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया।






# झामुमो की प्रतिष्ठा से जुड़ गयी है न्याय उलगुलान महारैली

- सीएम चंपाई और कल्पना सोरेन ने भी कमर कसी
- 21 अप्रैल की रैली की तैयारी में इंडी गठबंधन के घटक दलों के साथ आदिवासी संगठन भी जुटे

सुनील सिंह




**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को होनेवाली उलगुलान न्याय महारैली को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इसमें इंडी गठबंधन के घटक दलों के साथ-साथ विभिन्न आदिवासी संगठन भी अपने स्तर से तैयारी में जुटे हैं। झामुमो द्वारा आयोजित इस महारैली में शामिल होने का न्योता इंडी गठबंधन के सभी नेताओं को दिया गया है। रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, नेशनल कांफ्रेंस के डॉ फारूक अब्दुल्ला, सपा के अखिलेश यादव, दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप सांसद संजय सिंह और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और उनके पुत्र तेजस्वी यादव सहित राष्ट्रीय स्तर के 14 नेताओं का जुटान होगा। महारैली में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की जगह उनके प्रतिनिधि के तौर पर राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन आयेंगे। चुनावी व्यस्तता की वजह से दक्षिण भारत के भी कई दिग्गज महारैली में शामिल नहीं हो पायेंगे। उन्होंने झामुमो नेतृत्व को यह जानकारी दी है कि महारैली जिन मुद्दों पर आयोजित की जा रही है और आगे जो रणनीति बनेगी, उसमें उनका साथ रहेगा।

महारैली को सफल बनाने के लिए इंडी गठबंधन ने समन्वय स्थापित करने के लिए राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय तैयारी और व्यवस्था समिति का गठन किया है। महारैली में लगभग पांच लाख लोगों को जुटाने का दावा किया जा रहा है। प्रभात तारा मैदान में मुख्य पंडाल आकार पा चुका है। उसकी लंबाई 40 मीटर और चौड़ाई 20 मीटर की है, जबकि दो सहायक मंच (30 गुणा 15) मीटर का होगा। महारैली में शामिल होने वाली जनता और पार्टियों के कार्यकर्ताओं को भीषण गर्मी में भी थोड़ी राहत मिल सके, इसके लिए दो अन्य पंडाल बनाये जा रहे हैं। पंडाल के अंदर और बाहर 20 से ज्यादा एलइडी स्क्रीन लगायी जा रही है।

महारैली को लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी कमर कस ली है। उन्होंने अपने आवास पर इंडी गठबंधन के साथ बैठक की है। कल्पना सोरेन भी सक्रिय हैं। झामुमो के महासचिव और केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य एक हफ्ते से प्रेस कांफ्रेंस से लेकर टेलीफोन ने नेताओं-कार्यकर्ताओं से संपर्क साध रहे हैं। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नहीं रहेंगे। उनकी जगह कल्पना सोरेन ने कमान संभाल ली है।

# 'बैटल ऑफ ब्राह्मण' का गवाह बनेगा गोड्डा संसदीय क्षेत्र

## ■ भाजपा के निशिकांत और कांग्रेस की दीपिका के बीच कहां हैं मुसलमान?

## ■ झारखंड की पहली सीट, जहां इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को लेकर मुसलमान गुस्से में हैं

झारखंड के 'मिथिलांचल', यानी गोड्डा संसदीय क्षेत्र में मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है। यहां 17वीं लोकसभा में सबसे सक्रिय सांसद डॉ निशिकांत दुबे के मुकाबले कांग्रेस ने महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह को उतारा है, जो उसी ब्राह्मण जाति से आती हैं, जिसकी इस क्षेत्र में बहुलता है। दीपिका पांडेय सिंह के मुकाबले में उतरने से यह तय हो गया है कि इस बार गोड्डा संसदीय क्षेत्र दो ब्राह्मणों के मुकाबले का गवाह बनेगा। गोड्डा झारखंड का इकलौता ऐसा संसदीय क्षेत्र है, जहां ब्राह्मणों की संख्या निर्णायक है। शायद यही कारण है कि कांग्रेस ने अपने नेता राहुल गांधी की बहुप्रचारित 'मुहब्बत की दुकान' का शटर यहां गिरा दिया और एक ब्राह्मण को टिकट दे दिया, जिसका विरोध भी बड़े पैमाने पर होने लगा है। गोड्डा के बारे में कहा जाता है कि ब्राह्मण और मुस्लिम ही यहां की जीत-हार तय करते हैं। इसलिए भाजपा के डॉ निशिकांत दुबे की राह अब आसान नजर आने लगी है, क्योंकि इन दोनों की गोलबंदी अब नहीं हो सकती। दूसरी तरफ दीपिका पांडेय सिंह के सामने अपनी पार्टी के साथ इंडी गठबंधन के दूसरे घटक दलों के नेताओं को साथ लाने की चुनौती है। इसके अलावा मुसलमानों में जो विरोध के स्वर पैदा हुए हैं, उससे पार पाना भी उनके लिए आसान नहीं होगा। वैसे डॉ दुबे और दीपिका पांडय सिंह में कई समानताएं हैं। कौन अपनी ताकत का बेहतर इस्तेमाल करता है और कमजोरियों पर नियंत्रण पाता है, यह तो 4 जून को पता चलेगा, लेकिन फिलहाल तो चुनावी रोमांच बढ़ रहा है। गोड्डा के क्या हैं समीकरण और क्या है चुनावी परिदृश्य, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड की एकमात्र ब्राह्मण बहुल सीट, गोड्डा में इस बार का चुनावी मुकाबला वास्तव में 'बैटल ऑफ ब्राह्मण' होने जा रहा है। गोड्डा लोकसभा सीट के इतिहास में पहली बार है कि मुख्य मुकाबले में महिला उम्मीदवार हैं। इस सीट पर भाजपा ने डॉ निशिकांत दुबे को उम्मीदवार बनाया है, वहीं लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस ने यहां से अपने उम्मीदवार की घोषणा की और महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया। कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह को उम्मीदवार घोषित करने से कुछ दिन पहले ही तीन बार के सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि यदि प्रदीप यादव और फुरकान अंसारी को उम्मीदवार बनाया जाता है, तो वह प्रचार नहीं करेंगे। उनके कार्यकर्ता ही चुनाव जिता देंगे। शायद इसलिए कांग्रेस ने उनके सामने एक ब्राह्मण प्रत्याशी उतारा है।

### क्या है निशिकांत दुबे और दीपिका पांडेय सिंह में समानता

गोड्डा लोकसभा सीट के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि मुख्य मुकाबले में ब्राह्मण उम्मीदवार आमने-सामने हैं। दोनों ही कान्यकुब्ज ब्राह्मण हैं। वैसे गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों की आबादी करीब चार लाख है, जिसमे अधिसंख्य मैथिल ब्राह्मण हैं। यही वजह है कि गोड्डा को 'झारखंड का मिथिलांचल' भी कहा जाता है। दोनों प्रत्याशियों का शैक्षणिक रिकॉर्ड देखा जाये, तो दोनों ने एमबीए की डिग्री ले रखी है। दोनों ही उच्च शिक्षा प्राप्त हैं।

### राजनीति में दोनों का स्ट्राइक रेट बढ़िया

निशिकांत दुबे ने पहली बार गोड्डा लोकसभा से 2009 में भाग्य आजमाया और जीत दर्ज की थी। इसके बाद उन्होंने 2014 और 2019 में जीत कर हैट्रिक लगायी है। अब वह अपनी चौथी जीत के लिए कोशिश कर रहे हैं। वहीं दीपिका पांडेय सिंह ने भी पहली बार 2019 में महगामा विधानसभा सीट से भाग्य आजमाया और जीत दर्ज की। अब वह गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार हैं।

### निशिकांत दुबे और दीपिका पांडे में भिन्नता

निशिकांत दुबे जब पहली बार गोड्डा से चुनाव लड़ने आये, तो वह क्षेत्र से पूरी तरह परिचित नहीं थे। वह खुद कह चुके हैं कि पहली बार जब चुनाव लड़ने आये, तो उन्हें देवघर से गोड्डा का रास्ता भी पता नहीं था, लेकिन आज की तारीख में निशिकांत दुबे को गोड्डा का हर व्यक्ति जानता है। उनकी पहचान एक मंजे हुए और आक्रामक तेवर वाले नेता के रूप में हो चुकी है। वह संसद में भी अपनी पहचान बना चुके हैं और झारखंड में वह झामुमो और कांग्रेस पर हमला करने का कोई मौका नहीं चुकते। दूसरी तरफ दीपिका पांडेय सिंह का मायका हो या ससुराल, दोनों ही पक्ष राजनीति से जुड़े रहे हैं। दीपिका पांडेय सिंह के पिता अरुण पांडेय संयुक्त बिहार में पार्षद थे, तो मां प्रतिभा पांडेय समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष रही हैं। ये पुराने कांग्रेसी रहे हैं। दीपिका पांडेय लगातार संगठन में काम करती रहीं। पहले वह कांग्रेस की झारखंड युवा कांग्रेस की महासचिव निर्वाचित हुईं। फिर राष्ट्रीय महिला मोर्चा की सचिव रहीं। फिर गोड्डा जिला कांग्रेस की अध्यक्ष बनीं। फिलहाल वह राष्ट्रीय कांग्रेस की सचिव हैं।




### गोड्डा में बंद हो गयी कांग्रेस की मुहब्बत की दुकान

गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह को टिकट देकर कांग्रेस ने संसदीय क्षेत्र के जातीय समीकरण को अपने पक्ष में करने की कोशिश जरूर की है, लेकिन उसके इस फैसले से उसकी मुहब्बत की दुकान पूरी तरह बंद हो गयी है। इसलिए मुसलमान उससे नाराज हो गये हैं। गोड्डा के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी और उनके विधायक पुत्र डॉ इरफान अंसारी ने तो यहां तक कह दिया है कि कांग्रेस गोड्डा सीट से चुनाव हार रही है। यह पहली बार है, जब मुस्लिम मतदाता कांग्रेस के खिलाफ खुल कर बोल रहे हैं और उसकी मुहब्बत की दुकान की खिल्ली उड़ा रहे हैं। सोशल मीडिया पर मुसलिम नेता यह सवाल कर रहे हैं कि नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान कैसे खुलेगी? झारखंड की 14 सीट में एक भी मुालमान को इंडिया गठनबंधन ने टिकट नहीं दिया। वह सवाल कर रहे हैं कि हिम्मत है सच्चाई को बोलने और मुकाबला करने की हममे... रांची सहित झारखंड में हम कहां? यह सवाल सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जाहिर है मुस्लिमों की इस नाराजगी का असर केवल गोड्डा में ही नहीं, पूरे झारखंड में पड़ेगा।

### गोड्डा का जातीय आंकड़ा

गोड्डा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं के जातिगत आंकड़ों पर गौर करने से स्थिति काफी कुछ साफ होती दिखती है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में वोटरों की कुल संख्या 19 लाख 95 हजार 192 है। यहां सर्वाधिक चार लाख की आबादी ब्राह्मणों की है, जबकि मुस्लिम साढ़े तीन लाख के आसपास हैं। यादवों की आबादी ढाई लाख है। इसके अलावा वैश्य की आबादी ढाई से तीन लाख है और आदिवासियों की आबादी डेढ़ से दो लाख और राजपूत, भूमिहार और कायस्थ की संख्या एक लाख के करीब है। शेष पंचगनिया दलित हैं। इस आंकड़े से यह साफ हो जाता है कि ब्राह्मणों की इतनी बड़ी आबादी यदि एकमुश्त किसी को वोट दे दे, तो फिर उसकी जीत को कोई रोक नहीं सकता है। डॉ दुबे इसी जाति से आते हैं और उनकी प्रतिद्वंद्वी दीपिका पांडेय सिंह भी। दोनों को स्वजातीय वोटरों पर भरोसा है। वैसे निशिकांत दुबे इससे पहले तीन बार ब्राह्मण मतदाताओं का पूरा सहयोग पा चुके हैं और इस बार भी वह उत्साहित हैं। भाजपा के पास ब्राह्मणों के अलावा दूसरी सवर्ण जातियों और भाजपा के कोर वोटर रहे वैश्य समुदाय का समर्थन भी है, जबकि दीपिका पांडेय सिंह का मुसलमानों ने जिस तरह विरोध किया है, उससे तो यही लगता है कि इस वर्ग का वोट उनसे जरूर दूर छिटकेगा। ब्राह्मण वोटर पहले कांग्रेस के साथ जुड़े रहे, लेकिन मोदी काल के बाद ये पूरी तरह से भाजपा के लिए वोट करते हैं। वे भाजपा को वोट तो नहीं देंगे, मतदान से वह दूरी बना सकते हैं।

### गोड्डा का सियासी इतिहास

गोड्डा लोकसभा सीट को भले ही आज भाजपा का गढ़ माना जाता है, लेकिन इतिहास के पन्नों को पलट कर देखें, तो इस सीट पर कभी कांग्रेस का राज हुआ करता था। वर्तमान में यहां कांग्रेस दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है। आखिरी बार 20 साल पहले साल 2004 में कांग्रेस के फुरकान अंसारी यहां से सांसद बने थे। उसके बाद गोड्डा में निशिकांत दुबे की इंट्री हुई और बीते तीन टर्म से निशिकांत यहां से सांसद हैं और 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने एक बार फिर उन पर ही भरोसा जताया है। निशिकांत ने गोड्डा में इंट्री के साथ ऐसा तूफान पैदा किया कि गोड्डा में कांग्रेस फिर वापस ही नहीं आ पायी। भाजपा ने अब तक गोड्डा से आठ बार और कांग्रेस ने छह बार जीत दर्ज की है। यहां क्षेत्रीय पार्टियों का दबदबा काफी कम रहा है। इस सीट के लिए मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चला है। 1977 के चुनाव में गोड्डा सीट पर जेपी आंदोलन का असर दिखा और 1977 में भारतीय लोक दल पार्टी से जगदंबी प्रसाद यादव सांसद बने और 1991 में झारखंड मुक्ति मोर्चा से सूरज मंडल ने यहां से जीत हासिल की थी। इसके अलावा गोड्डा सीट पर कभी भी क्षेत्रिय पार्टियों की वापसी नहीं हुई है।

### गोड्डा का राजनीतिक परिदृश्य

गोड्डा संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले तीन जिलों की छह विधानसभा सीटों में एक देवघर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के विधानसभा चुनाव में इन छह में से दो सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था, जबकि दो पर कांग्रेस और एक-एक पर झामुमो और झाविमो की जीत हुई थी। बाद में झाविमो के विधायक प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गये। इस तरह अभी चार सीट विपक्षी गठबंधन के पास और दो सीट भाजपा के पास है। देवघर सीट से वर्तमान में भाजपा के विधायक नारायण दास हैं, जबकि गोड्डा से अमित मंडल विधायक हैं। मधुपुर से झामुमो के हफीजुल अंसारी विधायक हैं। जरमुंडी, महगामा और पोड़ैयाहाट से क्रमशः कांग्रेस के बादल पत्रलेख, दीपिका पांडेय सिंह और प्रदीप यादव विधायक हैं। गोड्डा विधानसभा सीट से भाजपा के अमित मंडल और पोड़ैयाहाट से झाविमो के प्रदीप यादव विधायक हैं।

### गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के मुद्दे

बड़ा सवाल है कि गोड्डा में किन मुद्दों पर चुनाव लड़ा जायेगा। गोड्डा के ललमटिया में राजमहल कोल परियोजना के अंतर्गत एशिया का सबसे बड़ा कोयला पिट है। मुद्दा यह है कि स्थानीय ग्रामीणों को इसका कितना लाभ मिलता है। गोड्डा शहर में 16 सौ मेगावाट क्षमता वाला अडाणी का पावर प्लांट है। समझौते के मुताबिक इसका 25 फीसदी झारखंड को मिलना था, लेकिन नहीं मिल रहा है। गठबंधन इसे यहां मुद्दा बनायेगा। गोड्डा में बांग्लादेशी घुसपैठ एक बड़ी समस्या है। भाजपा इसे यहां बड़ा मुद्दा बना चुकी है। इसके अलावा गरीबी, पलायन और रोजगार जैसे मुद्दे तो हैं ही। लेकिन अभी से ही यहां जिस तरह जातीय गोलबंदी की कोशिशें होने लगी हैं, उससे तो यही लगता है कि यहां सबसे ऊपर जाति का ही मुद्दा रहेगा।

---

डोमचांच के प्रखंड प्रमुख सहित कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा

# इंडी गठबंधन सनातन विरोधी और भ्रष्टाचारी लोगों की जमात: बाबूलाल

**मोदी सरकार में सबका साथ सबका विकास साकार हो रहा : अन्नपूर्णा देवी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को मिलन समारोह आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डोमचांच के प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव सहित उनके समर्थकों को पार्टी की सदस्यता दिलायी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की साख खत्म हो चुकी है। यह एलायंस केवल नकारात्मक राजनीति करता है। ये सनातन विरोधी और भ्रष्टाचारी लोगों की जमात है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन केवल कमाने के लिए बनाया गया गठबंधन है। सत्ता प्राप्त कर देश और प्रदेश को लूटना इनके फितरत में शामिल है। उन्होंने कहा कि देश की जनता का भरोसा इंडी एलायंस पर नहीं है। जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रही है। उन्होंने झारखंड की 14 लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को अपार बहुमत से जीत दिलाने के लिए लग जाने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार में सबका साथ सबका विकास साकार हो रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस अवसर पर ऑनलाइन सदस्यता प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने दिलायी। संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने और धन्यवाद ज्ञापन कोडरमा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। कार्यक्रम में निवर्तमान जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी भी उपस्थित थे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में संजय मेहता, शिव शंकर राय, मनोज यादव, पिंटू यादव, रामदेव मेहता, दिनेश यादव, बैजू तिवारी, प्रवीण यादव, बैजनाथ यादव, राम सुरेश यादव, नीलू देवी, ममता कुमारी, विजय कुमार, विजय कुमार, रानी कुमारी, मनोज दास, गुड़िया देवी, प्रियंका रानी, संजय मेहता सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।



---

# देश के तानाशाही शासन को हटाने के लिए उलगुलान होगा: सुप्रियो

**रैली के माध्यम से देश में बैठी तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि शुक्रवार को देश में प्रथम चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। जो जानकारियां आ रही हैं उसमें 102 सीटों में 25-30 सीटें एनडीए गठबंधन को मिलती दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने निश्चित हार को देखते हुए विचलित हो गये हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है क्या बोलें, किस मुद्दे पर बोलें। पहले उनके सांसद कहते हैं कि अगली बार सरकार बनी तो संविधान बदला जायेगा। इसके बाद पीएम सफाई देते फिर रहे हैं। हद तो तब हो गयी जब पीएम कह रहे हैं कि संविधान निर्माण में 80-90 प्रतिशत सनातनी लोग थे। अब संविधान निर्माण में सनातनी शब्द की इंट्री कैसे हो गयी। जबकि हमारा संविधान कहता है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। हर चीज में हिंदू-मुस्लिम, सनातन करना क्या अच्छी बात है। उक्त बातें झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को पार्टी ऑफिस में इंडी गठबंधन की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कही। भट्टाचार्य ने कहा कि उलगुलान महारैली की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस रैली में आदिवासी-मूलवासी, झारखंड अस्मिता से जुड़े लोग, एचइसी के कर्मचारी, मजदूर, किसान, ठेला वाला, खोमचा वाला, हाट-बाजार से रोजी-रोटी कमाने वाले सहित समाज के हर वर्ग, जाति एवं धर्म के लोग पहुंचेंगे। 21 को भी से देश के तानाशाही शासन को हटाने के लिए उलगुलान होगा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि इस रैली के माध्यम से देश में बैठी तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का उलगुलान होगा। राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि इस रैली की पूर्व संध्या पर दही-चूड़ा खिलाया जायेगा ताकि मुंह की मिठास बनी रहे। उन्होंने बताया कि इस रैली में राजद के कार्यकर्ता और आम जनता भारी संख्या में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि देश के दो सीएम एक हेमंत सोरेन और केजरीवाल को अनैतिक तरीके से उन्हें साजिशन जेल में डाल दिया गया। इसके प्रति गुस्सा रांची से लेकर दिल्ली तक है। लोग आक्रोशित हैं, स्वतः स्फूर्त रैली में लोग आयेंगे।




---

# उलगुलान न्याय रैली के पोस्टर पर बाबूलाल मरांडी का तंज

**बाबूलाल ने बताया आदिवासी का अपमान**

**बीजेपी प्रवक्ता बोले-सीएम की तस्वीर ढूंढ़ो तो जाने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में होनेवाले झामुमो की उलगुलान न्याय महारैली को लेकर बाबूलाल ने तंज कसा है। रैली को लेकर रांची में लगाये गये पोस्टर-बैनर में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तस्वीर नहीं होने पर बीजेपी ने सवाल उठाया है।




**सीएम की तस्वीर पोस्टर से गायब :** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे आदिवासियों का अपमान बताया, तो बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री की तस्वीर नहीं होने पर तंज कसा। राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में लगी तस्वीर में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की बड़ी तस्वीर लगी हुई है। छोटी तस्वीरों में जेएमएम अध्यक्ष शिबू सोरेन के साथ इंडिया गठबंधन के बड़े नेताओं की तस्वीर लगी हुई है। इस पोस्टर में राज्य के मुख्यमंत्री की तस्वीर नहीं लगी है, जबकि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तस्वीर लगायी गयी है। जेएमएम केंद्रीय समिति के द्वारा जिले के कई हिस्सों में ये होडिंग लगायी गयी है, जिस पर बीजेपी ने सवाल खड़ा किया है। **बाबूलाल मरांडी ने बताया आदिवासी का अपमान :** प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जेएमएम द्वारा लगाये गये उलगुलान रैली के पोस्टर पर सवाल खड़ा करते हुए लिखा है कि उलगुलान रैली नहीं, आदिवासी अपमान रैली कहिए! रांची में होनेवाले इंडी एलायंस की रैली से झामुमो के संस्थापक सदस्य, झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री को पोस्टर से गायब कर हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोपी व्यक्ति को महिमामंडित किया जा रहा है। अब झामुमो का मतलब सिर्फ हेमंत सोरेन परिवार तक ही सीमित रह गया है। स्पष्ट है, इंडी की रैली में जमीन से जुड़े नेताओं को दरकिनार कर सिर्फ परिवारवादियों को ही जगह दी जा रही है। वहीं बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इस पर चुटकी लेते हुए एक्स पर लिखा है कि ढूंढ़ो तो जानें। मुझे रैली के इस पोस्टर में प्रदेश के मुख्यमंत्री @चंपाई सोरेन की तस्वीर कहीं नहीं दिखी। क्या आप देख पा रहे हैं?

# सुर्खियों में पहली बार उतरीं ये महिलाएं

**सलोनी**

एक जून तक सात चरणों में होने वाले इस चुनाव से 18वीं लोकसभा के कुल 543 सदस्य चुने जायेंगे। भाजपा समेत लगभग सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों की लिस्ट सामने आ गयी है। पहले दो चरण के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया भी पूरी हो गयी है। इस सूची में कई पुराने चेहरे हैं, तो कुछ नये नाम भी जोड़े गये हैं। इन नये नाम में शामिल चुनिंदा महिला उम्मीदवार खासतौर पर सुर्खियों में हैं, न सिर्फ इसलिए क्योंकि वे पहली बार चुनाव मैदान में हैं, बल्कि हर एक नाम के साथ कोई न कोई खास पहलू जुड़ा है।

**चुनाव में आधी आबादी**



कंगना रनौत

भारतीय जनता पार्टी ने अभिनेत्री कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। पहली बार चुनाव में उतरी कंगना का राजनीतिक रुझान बीते वर्षों में उनके द्वारा दिये गये बयानों से जाहिर होता रहा है और इस चुनाव में उन्हें टिकट मिलना तय माना जा रहा था। कंगना ने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। हालांकि, कांग्रेस ने अभी आधिकारिक तौर पर मंडी से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, लेकिन माना जा रहा है कि मौजूदा सांसद प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह कंगना के खिलाफ लड़ सकते हैं। कभी कांग्रेस का गढ़ रही मंडी सीट पर बीते दो लोकसभा से भाजपा जीत हासिल करती रही है, लेकिन साल 2021 के उपचुनाव में कांग्रेस इस सीट को बीजेपी से वापस छीनने में सफल रही थी। कंगना के सामने बेशक कड़ी चुनौती होगी, लेकिन वह एक अनुभवी राजनेता की तरह चुनाव प्रचार में जुटी हैं और अपने बयानों के चलते लगातार खबरों में हैं।



बांसुरी स्वराज

पेशे से वकील और पूर्व भाजपा नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज नयी दिल्ली लोकसभा सीट से पहली बार चुनाव लड़ने जा रही हैं। उनसे पहले इस सीट पर बीजेपी मीनाक्षी लेखी को टिकट देती रही है। मीडिया द्वारा परिवारवाद पर पूछे गये सवाल पर बांसुरी कहती हैं, सिर्फ इसलिए कि मेरी मां जनप्रतिनिधि थीं, इसका मतलब यह नहीं है कि राजनीति मेरे लिए वर्जित है। बीते 17 साल से वकालत कर रही बांसुरी अपने मीडिया इंटरव्यू में बताती हैं कि उन्होंने एबीवीपी कार्यकर्ता के तौर पर शुरुआत की थी और उन्हें पिछले साल दिल्ली भाजपा का सचिव नियुक्त किया गया था। अपनी मां के निधन से पहले से वह भाजपा की गतिविधियों में लगी रहती थीं। यहां तक कि उन्होंने सुषमा स्वराज की चुनाव एजेंट के रूप में भी काम किया है।



रोहिणी आचार्य

लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य इस चुनाव में एक नया चेहरा हैं। आरजेडी ने रोहिणी को बिहार की सारण लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। रोहिणी तकरीबन डेढ़ साल पहले पिता लालू प्रसाद को अपनी एक किडनी दान देने के बाद सुर्खियों में आई थीं। रोहिणी लालू प्रसाद यादव के नौ बच्चों में दूसरी संतान हैं और 2002 में समरेश सिंह से शादी के बाद वह सिंगापुर में रह रही थीं। रोहिणी और समरेश सिंह के एक बेटी और दो बेटे हैं। सारण वह सीट है, जहां से लालू पहली बार सांसद बने थे और चार बार सांसद रहे हैं, लेकिन बीते दो चुनावों से यह सीट भाजपा के खाते में है। यहां 2014 से भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी सांसद हैं और इस बार रोहिणी का मुकाबला उन्हीं से होना तय माना जा रहा है। रोहिणी ने यहां चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है और उन्हें देखने के लिए ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर भीड़ उमड़ रही है।



माधवी लता

हैदराबाद में भाजपा ने असदुद्दीन ओवैसी को चुनौती देने के लिए एक नयी महिला उम्मीदवार माधवी लता पर भरोसा जताया है। अच्छी वक्ता के तौर पर प्रसिद्ध 49 वर्षीय माधवी हैदराबाद की ही रहनेवाली हैं। वह भरतनाट्यम डांसर है, पेंटिंग करती हैं और समाज सेवा में भी सक्रिय रही हैं। हैदराबाद में 13 मई को वोट डाले जायेंगे। करीब चार दशक से हैदराबाद की लोकसभा सीट ओवैसी परिवार के पास है और फिलहाल यहां से एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी चार बार से सांसद हैं। माधवी लता इससे पहले कभी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ी हैं और भाजपा ने उन्हें क्यों चुना है, इस सवाल का जवाब वह मीडिया में इस तरह देती हैं, मेरा 20 साल की समाज सेवा का काम है। 8-10 महीने पहले मैंने हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र में फ्री में 1008 नॉर्मल डिलीवरी कराने का ऐलान किया। मेरे इस काम को देखकर दिल्ली में बैठे मोदी भाई ने मुझे मौका दिया।



शांभवी चौधरी

शांभवी चौधरी को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने बिहार के समस्तीपुर से टिकट दिया है। दिल्ली विवि के लेडी श्रीराम कॉलेज से ग्रेजुएशन और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से मास्टर्स की डिग्री हासिल करनेवाली 26 वर्षीय शांभवी बिहार के एक सियासी परिवार से आती हैं और इन दिनों सबसे युवा उम्मीदवार के तौर पर चर्चा में हैं। उनके पिता अशोक चौधरी जेडीयू नेता हैं और नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री हैं और वह चिराग पासवान की पार्टी की लोकसभा उम्मीदवार। दोनों ही दल बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं। शांभवी की शादी बिहार के चर्चित आइपीएस अधिकारी किशोर कुणाल के बेटे सायण कुणाल से हुई है। हाल ही में वह पहली बार किसी पार्टी की सदस्य बनीं और उन्हें लोकसभा का टिकट मिल गया।

# सोशल मीडिया का हो रहा गलत इस्तेमाल

**अक्षय**

चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद भी विरोधी को बदनाम किये जाने की साजिश रची जाती है। कोई साजिश कामयाब हो जाती है तो कोई फुस्स हो जाती है। पहले जब सोशल मीडिया का दौर नही था, तब किसी का नाम खराब करने के लिए अफवाह फैलाने का सहारा लिया जाता था। इसके लिए बाजाप्ता अफवाहबाज भी रखे जाते थे। इनका काम ही विरोधी के बारे में झूठी बातों को सच्चाई जैसी लगने वाली ऐसी चाशनी में डूबोकर फैलाना होता था, जो सच लगे। जमाना बदला और फिर सोशल मीडिया का जमाना आ गया। इसके साथ परंपरागत अफवाह बाजी धराशायी होने लगी। सोशल मीडिया पर की गयी अफवाहबाजी पर लोग सरसरी तौर पर यकीन भी करने लगे, लेकिन ऐसी अफवाह ज्यादा देर नही टिकती और इसकी पोल पट्टी खुल ही जाती है। औरंगाबाद में भी एक ऐसी ही अफवाह की पोल खुली। पोल खोलने के लिए भी सोशल मीडिया का सहारा लेना पड़ा, जिसके बारे में सोशल मीडिया पर अफवाह फैलायी गयी, उसे खुद सोशल मीडिया पर ही आकर सफाई देनी पड़ी। तब जाकर लोगों को यकीन हुआ कि यह सब साइबर सेल पर खेल खेलने वालों का कारनामा भर था।

## क्या है मामला

दरअसल औरंगाबाद में अचानक से निवर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के सोशल मीडिया पोस्ट का एक स्क्रीनशॉट फोटो व्हाट्सएप ग्रुप में तैरने लगी। इसमे यह लिखा था कि 'हर बार की तरह पहनेंगे ताज करेंगे राज, नहीं चाहिए पिछड़ी जाति का वोट कोई भी हो कोइरी कुम्हार अहीर दुसाध चमार'। यह स्क्रीनशॉट फोटो लगातार वायरल होने लगा। लोगों में तरह-तरह की चर्चा होने लगी। विरोधी तो इसे और ज्यादा ही फैलाने लगे। बात फैलते-फैलते भाजपा प्रत्याशी तक पहुंची और वे तुरंत एक्शन में आये और सोशल मीडिया पर आकर सफाई दी।

**चुनावी आरोप**



**भाजपा प्रत्याशी ने दी सफाई**

स्क्रीनशॉट फोटो के वायरल होते ही भाजपा प्रत्याशी सुशील सिंह के लिए आरोप से खुद का बचाव करना और अपना पक्ष रख कर निराधार करार देना लाजमी हो गया। लिहाजा उन्होंने भी मामले में अपनी सफाई देने का वीडियो बनाया और उन्होंने भी इसे वायरल करा दिया। उनके जवाबी वीडियो के वायरल होने के बाद जब समर्थकों से उन्हे इसकी सूचना मिलने लगी तब जाकर उन्होंने थोड़ी राहत महसूस की। वीडियो में भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि जिस स्क्रीनशॉट फोटो को शेयर किया गया है, वह उनके सोशल मीडिया एकाउंट से पोस्ट नहीं किया गया है। यह फेक है। यह विरोधियों की साजिश है। हर जाति धर्म के मतदाता उनके लिए आदरणीय है। वे सबका सम्मान करते हैं। अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। यदि कही भी मेरे बारे में कुछ भी उल्टा सीधा कहा जा रहा है तो मुझसे जानकारी कर लें। मैं गलत तौर तरीकों का सहारा लेने वाला शख्स नही हूं।

## किसने रची साजिश, खुलासा होना बाकी

मामले की साजिश किसने रची, इसका तो अभी खुलासा नहीं हुआ है। सिर्फ अनुमान ही लगाया जा रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह किसी विरोधी उम्मीदवार की साजिश हो सकती है। इस साजिश को रचने से विरोधी को कितना फायदा या नुकसान हुआ, इसका पता तो चुनाव परिणाम ही बतायेगा। वैसे औरंगाबाद सीट पर चुनाव संपन्न हो गया है।

# इंदिरा गांधी पर फेंका पत्थर, नाक टूटी, मगर नहीं रोकी चुनावी सभा

**चुनावी किस्से**

**राजवीर**



वर्ष 1967 के फरवरी का महीना था। लोकसभा चुनाव का प्रचार युद्ध चरम पर था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ओड़िशा में प्रचार के लिए गयी थीं। उन्हें पीएम बने एक साल ही हुआ था। विरोधी उन्हें अक्षम साबित करने में लगे थे। इसी बीच, एक जनसभा में जब इंदिरा विरोधियों पर निशाना साध रही थीं। कुछ उपद्रवियों ने पथराव शुरू कर दिया। एक ईंट का टुकड़ा इंदिरा की नाक पर लगा और खून बहने लगा। सुरक्षाकर्मी इंदिरा को मंच से दूर ले जाना चाहते थे, पार्टी के नेताओं ने भी सभा खत्म करने की बात कही, लेकिन इंदिरा ने इन्कार कर दिया। इंदिरा ने खून से लथपथ नाक को रुमाल से बांधा और मंच पर खड़ी हो गयीं। सुरक्षा अधिकारियों ने उनसे आग्रह किया कि वह दिल्ली लौट जायें, पर इंदिरा नहीं मानीं।

# जब एक सीट के लिए एक हजार प्रत्याशी खड़े हो गये!

**ऐसा भी हुआ था**

**राजीव**



1996 में तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव में इरोड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मोडाकुरिची नाम की विधानसभा सीट से एक स्थानीय समस्या का समाधान न होने से नाराज 1033 लोगों ने परचे भर दिये थे। उनके द्वारा नामांकन पत्रों की वापसी की तारीख बीत जाने पर भी अपने परचे वापस न लेने से चुनाव आयोग की समस्या उनकी समस्या से कहीं ज्यादा बड़ी हो गयी। अंततः उसकी परेशानियां इतनी बढ़ गयीं कि उसे उस सीट का चुनाव स्थगित करने के अलावा कोई रास्ता नहीं सूझा। फिलहाल किसी एक सीट के लिए प्रत्याशियों की यह संख्या अभी भी एक रिकॉर्ड है।

# लाल सूट, आंखों पर चश्मा, सहारनपुर की स्टाइलिश पोलिंग अफसर

**ग्लैमर का तड़का**



**शंकर**

उत्तर प्रदेश की सहारनपुर लोकसभा सीट पर चुनावी माहौल गरमाया हुआ है। यूपी में लोकसभा चुनाव के तहत पहले फेज में 8 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हुई है। पीलीभीत, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद और रामपुर में वोटर उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इवीएम में कैद कर चुके हैं। सहारनपुर में मुख्य चुनावी मुकाबला भाजपा के राघव लखनपाल और कांग्रेस के इमरान मसूद के बीच हो रहा है। वहीं, बसपा के माजिद अली सहारनपुर लोकसभा सीट पर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाते दिख रहे हैं। इस चुनाव में वोटिंग के बीच पोलिंग अधिकारी इशा अरोड़ा की चर्चा जोरों पर हो रही है। सहारनपुर की इस पोलिंग अधिकारी का ग्लैमरस अंदाज इस समय सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। लाल सूट और आंखों पर काला चश्मा लगाये इशा जब मतदान प्रक्रिया को पूरी कराने निकलीं तो अन्य मतदान पदाधिकारी उनके साथ सेल्फी लेने लगे। यूपी के चुनाव में पिछली बार रीना द्विवेदी ने सुर्खियां बटोरी थी।

सहारनपुर की मतदान अधिकारी इशा अरोड़ा लोकसभा चुनाव की वोटिंग के बीच चर्चा में आ गयी। पोलिंग पार्टी के साथ बूथ पर इवीएम लेकर रवाना होती इशा की तस्वीर और वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर अपलोड हुए, वायरल होने लगे। लोग इशा अरोड़ के बारे में जानने को उत्सुक दिखने लगे। इशा अरोड़ की ड्यूटी गंगोह विधानसभा के गांव मंहगी में लगी थी। वह जब पोलिंग सामग्री लेने पहुंची, तो उनके साथ अन्य मतदान पदाधिकारी भी फोटो लेते दिखने लगे। सभी इशा के ग्लैमरस अंदाज के कायल हो गये। इशा अरोड़ा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत हैं। वह सहारनपुर की ही रहने वाली हैं। दूसरी बार उनकी चुनावी ड्यूटी लगी थी। वह चुनावी कार्य को बेहतरीन तरीके से निभाने का प्रयास करती दिख रही थीं।

इशा अरोड़ा ने चुनावी व्यवस्था की तारीफ की। दरअसल, उनसे चुनाव कार्य में महिलाओं को होने वाली दिक्कत पर सवाल किया। इस पर उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से मतदान को लेकर शानदार व्यवस्था की गयी थी। हमें किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना नहीं करना पड़ता। इशा ने कहा कि वेयर हाउस से इवीएम मशीन लेने से लेकर पोलिंग बूथ तक पहुंचने तक हमें कोई दिक्कत नहीं हुई। किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। सुरक्षा कर्मियों ने भी पूरा सहयोग किया। यह एक अच्छा अनुभव रहा।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. : एम-41-एसडब्ल्यूएम-एएमओसी-आरएनसी-36,दिनांक: 18.04.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची -834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** तीन वर्षों की अवधि के लिए हटिया एवं रांची में एक-एक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र (2 अदद) का संचालन और रखरखाव। **कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित):** ₹ 47,59,307.12। **बयाना राशि :** ₹ 95,200/-। **ई-निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 09.05.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **बेबसाइट विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (PR-58)



रजिस्ट्री सं० डी एल०–33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–12042024–253649
CG-DL-E-12042024-253649
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1580] नई दिल्ली, बुधवार, अप्रैल 10, 2024/चैत्र 21, 1946
No. 1580] NEW DELHI, WEDNESDAY, APRIL 10, 2024/CHAITRA 21, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 10 अप्रैल, 2024**

**का.आ. 1665(अ)**– केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ **47 तारीख 29 December 2023**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के साहिबगंज जिले के गाँव – किशन प्रसाद वगैरह, तालुक–साहिबगंज और गाँव–,तालुक–मंडरो मे NH133B के कि.मी. 0 से कि.मी. 8.5 तक के भूखण्ड पर टोल प्लाजा के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "21/01/2024" को "श्वेत पत्र (हिन्दी)" और "टाईम्स आफ इंडिया (अंग्रेजी)" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपार्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए ;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी ।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के साहिबगंज जिले के गाँव– किशन प्रसाद वगैरह, तालुक–साहिबगंज और गाँव–, तालुक–मंडरो मे NH133B के कि.मी. 0 से कि.मी. 8.5 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण ।**

[फा.सं.:NHAI/PIU/PD/SBJ/LA/(3a)/09/3D]
अभय जैन, उप सचिव

जिला : साहिबगंज
प्रकाशन तिथि: 10.04.2024
https://egazette.gov.in/(S(4kekkeze3 mwa12w1n0whigc0))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/Notification_d_qr.cshtml?project_id=58303&notification_id=54244&EncHid=1713289074&l=2

**नोटः** इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।


# खगड़िया में बाहरी उम्मीदवार लाकर घर की बात कह रहे चिराग

**विद्यासागर**

खगड़िया लोकसभा सीट 2014 और 2019 में लोजपा के खाते में गयी थी। यहां से चौधरी महबूब अली कैसर दो बार भारी बहुमत से संसद पहुंचे थे, जबकि इस बार लोजपा राजेश वर्मा पर दांव आजमा रही है। तीसरी बार खगड़िया सीट को जीतना लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के लिए प्रतिष्ठा की बात बन चुकी है। अपने गृह जिला होने के कारण चिराग पासवान किसी भी कीमत पर खगड़िया में एक बार फिर लोजपा को जीत दिलाने के लिए कोई कसर छोड़ना नहीं चाह रहे हैं। खगड़िया पहुंचे चिराग पासवान ने अपने पिता दिवंगत रामविलास पासवान का जिक्र करते हुए इस सीट को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ दिया है। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि क्या चिराग की पार्टी खगड़िया के किले को फतह कर पायेगी? क्या चिराग अपने नये-पुराने सहयोगियों को एक सूत्र में बांध पायेंगे? वर्तमान सांसद चौधरी महबूब अली कैसर ने लोजपा से बगावत कर दी है। उन्होंने गुरुवार को सीपीआइएम उम्मीदवार संजय कुमार सिंह को अपना समर्थन दिया है।

## महागठबंधन दे रहा कड़ी टक्कर

खगड़िया लोकसभा सीट के लिए एक तरफ जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की तरफ से सभी जोर आजमाइश किये जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ महागठबंधन भी जीत के लिए कोई कोर कसर छोड़ने की फिराक में नहीं है। महागठबंधन ने अपने उम्मीदवार के रूप में खगड़िया सीट सीपीआइ (एम) को दिया है। ऐसे में एनडीए के लिए खगड़िया के किले को जीत पाना आसान नहीं होगा।

**बिहार का रणक्षेत्र**



## खगड़िया का चुनावी समीकरण

सात नदियों से घिरे खगड़िया लोकसभा क्षेत्र में करीब 17 लाख वोटर हैं। इनमें पुरुषों की आबादी 893,986 और महिलाओं की संख्या 793,640 है। यहां सबसे निर्णायक भूमिका में यादव वोटर होते हैं। वहीं दूसरे नंबर पर मुस्लिम समुदाय आते हैं, जबकि तीसरा नंबर निषाद समुदाय का है। खगड़िया लोकसभा क्षेत्र में यादव वोटरों की संख्या 340000 के करीब है। जबकि निषाद और मुस्लिम वोटर डेढ़-डेढ़ लाख हैं। यानी यह तीन जातियां चुनाव में अहम भूमिका में हैं, जो अगर वोट में तब्दील होकर किसी उम्मीदवार के पक्ष में चला जाए तो उसकी जीत लगभग तय मानी जा सकती है। वहीं कुर्मी और कुशवाहा दोनों जातियों के मतदाताओं को मिला दें तो इनकी संख्या ढाई लाख के करीब है, जबकि सवर्ण समुदाय के भी डेढ़ लाख मतदाता हैं।

## जदयू और भाजपा कार्यकर्ता नाराज

लोजपा प्रमुख चिराग पासवान के लिए एक तरफ जहां खगड़िया सीट प्रतिष्ठा का सबक बन चुका है, वहीं दूसरी तरफ उनके लिए एनडीए सहयोगियों को भी सहेजना टेढ़ी खीर के समान है। हालांकि गठबंधन की तरफ से एकजुटता की बात तो कही जा रही है, बावजूद इसके बताया जा रहा है कि कुछ जदयू खेमा और कुछ भाजपा कार्यकर्ता अपनी नाराजगी जता चुके हैं। हालांकि चिराग को इन सभी बातों का इल्म है। अब देखना यह है कि अपने गृह जिले में चिराग पासवान अपने पिता की विरासत का वोट एकजुट कर पाते हैं या नहीं?

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 90,000 रु./प्रति किलो |

# मैट्रिक में बेटियों ने दिखायी दबंगई

## एसटी की छात्रा टॉप, पिछड़े वर्ग की बेटियों का भी दबदबा

### टॉप टेन में 44 में 25 एससी और पिछड़ा वर्ग से

सतीश ठाकुर

**रांची (आजाद सिपाही)।** मैट्रिक की परीक्षा में बेटियों ने एक बार फिर अपनी दबंगई दिखायी है। अनुसूचित जाति और पिछड़ी जातियों की बेटियों ने टॉप3 पर कब्जा जमाया। स्टेट टॉपर से लेकर टॉप-3 में शामिल 4 बेटियां इन्हीं वर्गों से हैं। इसमें हजारीबाग की ज्योत्सना ज्योति, जो 496 अंक के साथ झारखंड टॉपर बनी है, वह अनुसूचित जाति से आती है। दूसरे नंबर सना संजूरी है। वह बीसी-1 से है। वहीं, तीसरे नंबर पर दो लड़कियां करिश्मा कुमारी और सृष्टि सौम्या है। करिश्मा कुमारी बीसी-2 से है, जबकि सृष्टि सौम्या बीसी-1 वर्ग से आती है।

टॉप-10 में इस बार 44 परीक्षार्थियों ने जगह बनायी है। इसमें 2 अनुसूचित जाति से है, 13 पिछड़ा वर्ग और 10 अति पिछड़ा वर्ग से आते हैं। इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग ने इस बार 19 टॉपर दिये हैं। एक टॉपर हजारीबाग जिले के ही बड़कागांव से है। बड़कागांव हाइस्कूल की रिया कुमारी भी बीसी-2 वर्ग से है। वह टॉप-10 में 8वें नंबर पर है। 44 में से सिर्फ 16 बच्चे सामान्य वर्ग से हैं। सामान्य वर्ग में सबसे अधिक अंक लातेहार के सरस्वती विद्या मंदिर की शांभवी सुहाना को मिला है। रैंक में वह 5वें स्थान पर रही। उसे 500 में 490 अंक प्राप्त हुए हैं।




हजारीबाग जिले ने इस बार 20 टॉपर दिये हैं, जिसमें 19 इंदिरा गांधी बालिका हाइस्कूल के स्टूडेंट्स हैं। फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड तीनों टॉपर हजारीबाग के इसी स्कूल से हैं। तीनों लड़कियां हैं। फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड टॉपर में चार स्टूडेंट्स हैं। सभी लड़कियां हैं। सेकेंड टॉपर इंदिरा गांधी बालिका हाइस्कूल हजारीबाग की सना संजूरी है। थर्ड टॉपर करिश्मा कुमारी और

### पांचवें पोजिशन पर पांच परीक्षार्थी

पांचवें पोजिशन की बात करें, तो इसमें पांच बच्चे हैं। सभी को 490 अंक प्राप्त हुए हैं। इनके नाम शांभवी सुहाना, सक्षम वर्मा, फिजा फातिमा, सुकृति कुमारी और तनु राजमुक्ति हैं। छठे स्थान पर पांच परीक्षार्थी हैं। इसमें माही कुमारी ठाकुर, प्रेरणा तिर्की, समृद्धि मेहता, सुभांगी सिंह, रिया कुमारी है।

### छह विद्यार्थी सातवें नंबर पर

झारखंड के छह परीक्षार्थी सातवें स्थान पर हैं, जिसमें मृदुला सिंह, जयदीप कुमार, अंकिता कुमारी, सिमरन कुमारी, नम्रता सेन गुप्ता और मोहित कुमार दास शामिल है।

### आठवें पोजिशन पर आठ परीक्षार्थी

मैट्रिक की परीक्षा में आठवें पोजिशन पर आठ परीक्षार्थी हैं। इनका नाम कल्पना कुमारी, नितेश कुमार महतो, सौरभ चटर्जी, तनुजा कुमारी कमल, पुष्पा कुमारी, रिया कुमारी, रुश्दा रानी और पवन कुमार शामिल है।

### नौवें पर छह, 10वें पर सात परीक्षार्थी

नौवें स्थान पर छह स्टूडेंट्स हैं। इनका नाम आस्था कुमारी, नेहा कुमारी सिन्हा, अनन्या कुमारी, कोमल साह, शांति कुमारी और निखिल कुमार ठाकुर है। 10वें पोजिशन पर सात विद्यार्थी हैं, जिनके नाम स्नेहा कुमारी, सपना रानी, करिश्मा कुमारी, सुजल कुमार, शुभ सवर्ण, प्रिंसी प्रिया और हर्षवर्धन हैं।

## बच्चों के इम्तिहान में सिस्टम फेल!

# 3 साल बाद मैट्रिक का रिजल्ट 5.08 फीसदी गिरा

### 2021 में 95 फीसदी, 2024 में 90 प्रतिशत बच्चे पास

राजीव

**रांची।** झारखंड अलग राज्य गठन के बाद 2017 में मैट्रिक का रिजल्ट दूसरी बार औंधे मुंह गिरा था। जैक बोर्ड गठन के बाद 2003 में मैट्रिक का रिजल्ट 33 प्रतिशत हुआ था। इसके बाद पूरे राज्य में हायतौबा मच गया। सिस्टम पर सवाल खड़े किये गये। व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया गया। शिक्षकों पर कार्रवाई का डंडा भी चला। इसके बाद एक ओर जहां सरकार व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटी। वहीं, शिक्षक कार्रवाई के डर से ही सही, लेकिन पढ़ाने में जुट गये। 2004 में तमाम प्रयास का ही प्रतिफल रहा कि रिजल्ट में अचानक 60.98 प्रतिशत बच्चे पास हो गये। इसके बाद तो ग्राफ संसेक्स की तरह चढ़ता गया। साल-दर-साल रिजल्ट में उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन 2017 का रिजल्ट एक बार फिर सोचने को विवश कर दिया है कि क्या झारखंड में प्रतिभाएं खत्म हो गयी हैं। ऐसा तो कतई नहीं है। कारण सीबीएसइ, आइसीएसइ, मेडिकल, इंजीनियरिंग समेत तमाम परीक्षाओं में झारखंडी छात्रों का डंका बजता रहा है। अब सवाल सिस्टम पर खड़ा हो रहा है। सवाल है कि क्या फिर सिस्टम 2003 की राह पर चल पड़ा है। अब तो 2003 वाली स्थिति भी नहीं है। व्यवस्था में अप्रत्याशित सुधार हुआ है। शिक्षकों की कमी काफी हद तक दूर कर ली गयी है। लैब-लाइब्रेरी का कांसेप्ट भी क्लियर हुआ है। फिर रिजल्ट क्यों गिरा, यह तो मंथन का विषय हो सकता है, फिलहाल यह कहा जा सकता है कि बच्चों के इम्तिहान में सिस्टम फेल हो चुका है।

### कहां खो गयी मास्साब की वो जादुई छड़ी

सरकार के कड़े तेवर के कारण 2004 से 2008 तक रिजल्ट में लगातार वृद्धि हो रही थी। रिजल्ट में गिरावट से न, तो शिक्षक और न ही पदाधिकारी चकित थे। सभी सुविधाओं और ग्रेडिंग का बहाना बना कर सवाल को टाल जाते थे। 2002 और 2003 में मैट्रिक परीक्षा के खराब रिजल्ट के कारण 747 शिक्षकों पर कार्रवाई हो गयी थी। इसके बाद 2004 में अचानक परिणाम में अप्रत्याशित वृद्धि हो गयी। रिजल्ट 60.98 प्रतिशत हुआ। इसके अगले ही साल फिर रिजल्ट में 13 फीसदी की वृद्धि हो गयी। आंकड़ा 72.70 तक पहुंच गया। हालांकि उस वक्त इस आंकड़े को देखकर सवाल भी खड़े हुए थे। विशेषज्ञों का मानना था आखिर हाइस्कूल के मास्टर साहबों के हाथ में कौन सी जादुई छड़ी आ गयी है कि लगातार रिजल्ट में रिकार्ड वृद्धि दर्ज की गयी। 2008 में रिजल्ट का प्रतिशत 87 तक हो गया। वहीं 2009 में 77.82 फीसदी और 2010 में 74.37 फीसदी तक पहुंच गया। इसके बाद से रिजल्ट गिरना शुरू हुआ। इधर, 2021 के बाद से रिजल्ट में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गयी। साल दर साल रिजल्ट का ग्राफ चढ़ता गया। पिछले साल रिजल्ट 95.47 प्रतिशत तक पहुंच गया था। इस कारण उम्मीद लगायी जा रही थी कि वह दिन दूर नहीं जब सीबीएसइ की तर्ज पर झारखंड बोर्ड के बच्चे भी 98-99 फीसदी पास होंगे, लेकिन अचानक 2024 में रिजल्ट का ग्राफ 5.08 प्रतिशत घटकर 90.39 प्रतिशत तक पहुंच गया। हालांकि शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने भरोसा दिलाया है कि आनेवाले दिनों में रिजल्ट का ग्राफ चढ़ेगा। इसके लिए स्कूलों के रिजल्ट की समीक्षा कर वहां बेहतर करने का प्रयास शिक्षा विभाग करेगा।

### वर्षवार आंकड़ा

| वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|
| 2003 | 33.00 |
| 2004 | 60.98 |
| 2005 | 72.70 |
| 2006 | 79.19 |
| 2007 | 83.37 |
| 2008 | 86.99 |
| 2009 | 77.82 |
| 2010 | 74.37 |
| 2011 | 69.31 |
| 2012 | 67.35 |
| 2013 | 73.15 |
| 2014 | 75.30 |
| 2015 | 71.20 |
| 2016 | 67.54 |
| 2017 | 67.83 |
| 2018 | 59.56 |
| 2019 | 70.81 |
| 2020 | 75.07 |
| 2021 | 95.95 |
| 2022 | 95.78 |
| 2023 | 95.47 |
| 2024 | 90.39 |

### ग्रामीणों के आगे शहरी बाबू की चमक फीकी

ग्रामीण प्रतिभाओं के आगे शहरी बाबू की चमक फीकी पड़ गयी। मैट्रिक का रिजल्ट तो चौंकाने वाला रहा है। उम्मीद थी कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय के अलावा शहरी क्षेत्र के बच्चे बाजी मारेंगे। पर हुआ ठीक इसके विपरीत। दस टॉपरों की सूची नेतरहाट का नहीं दिख रहा है, लेकिन इंदिरा गांधी ने दमदार उपस्थिति दर्ज करायी है।

# नेतरहाट का टूटा तिलिस्म, इंदिरा गांधी विद्यालय चमका



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मैट्रिक के रिजल्ट में इस बार नेतरहाट आवासीय विद्यालय लातेहार का तिलिस्म टूटता नजर आया। वहीं इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय ने अपनी चमक दिखायी। यहां की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। टॉप टेन में 44 छात्रों ने अपनी जगह बनायी है, लेकिन इस सूची में नेतरहाट के एक भी बच्चा शामिल नहीं है। चौंकानेवाला पहलू यह है कि इस सूची में कई ग्रामीण स्कूल के बच्चों ने अपनी दमदार धमक जरूर दिखायी है। आमतौर पर यह देखा जाता रहा है कि मैट्रिक के रिजल्ट में नेतरहाट स्कूल टॉप टेन में अपनी उपस्थिति मजबूत तरीके से दर्ज कराते रहा है। लेकिन इस बार की कहानी कुछ और बयां कर रही है। हर साल स्टेट टॉपर देनेवाले इस स्कूल का रिजल्ट इस बार आशा का अनुरूप नहीं रहा है। रिजल्ट पर गौर करें, तो इंदिरागांधी आवासीय विद्यालय के आलवा दूरदराज के स्कूलों का का सिक्का जरूर चला है।

### मैट्रिक पारा मीटर

| वर्ष | परीक्षार्थी | सफल | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2017 | 4,63,323 | 3,14,296 | 67.83 |
| 2018 | 4,28,394 | 2,55,175 | 59.56 |
| 2019 | 4,38,259 | 3,10,349 | 70.81 |
| 2020 | 3,85,149 | 2,89,148 | 75.07 |
| 2021 | 4,34,885 | 4,17,246 | 95.95 |
| 2022 | 3,91,108 | 3,74,623 | 95.78 |
| 2023 | 4,27,295 | 4,07,950 | 95.47 |
| 2024 | 4,18,623 | 3,78,398 | 90.39 |

### कैटेगरी वाइज रिजल्ट

| श्रेण | संख्या | उपस्थिति | पास प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सामान्य | 2,69,137 | 2,39,726 | 89.07 |
| एससी | 16,365 | 14,726 | 89.98 |
| एसट | 53,814 | 49,425 | 91.84 |
| पिछड़ा वर्ग | 56,149 | 52,758 | 93.96 |
| एमबीसी | 23,158 | 21,763 | 93.97 |
| कुल | 4,18,623 | 3,78,398 | 90.39 |

# मैट्रिक पारा मीटर: सीएम का जिला 16वें नंबर पर

### जमशेदपुर बेस्ट, देवघर बॉटम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मैट्रिक के नतीजे को देखें तो यह स्पष्ट है कि इस बार सीएम चंपाई सोरेन का जिला सरायकेला 16वें नंबर पर है। वहीं जमशेदपुर अव्वल और देवघर सबसे फिसड्डी रहा है। राजधानी रांची 15वें स्थान पर है। टॉपर फाइव जिलों की बात करें, तो इसमें जमशेदपुर के बाद क्रमशः हजारीबागर, गिरिडीह, लातेहार, कोडरमा और पलामू है। वहीं रिजल्ट की दृष्टि से देखें, तो देवघर सबसे नीचे है। इसके बाद ऊपर की ओर क्रमशः साहिबगंज, पश्चिमी सिंहभूम, पाकुड़, जामताड़ा और बोकारो है।

जमशेदपुर का रिजल्ट सबसे अच्छा 94.075 प्रतिशत रहा। वहीं 84.531 फीसदी के साथ देवघर का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। इससे पहले 2023 में मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी और 2022 में 91.19 फीसदी रिजल्ट रहा था।

| जिला | प्रतिशत |
|---|---|
| पूर्वी सिंहभूम | 94.075 |
| हजारीबाग | 93.835 |
| लातेहार | 93.230 |
| कोडरमा | 92.429 |
| पलामू | 91.909 |
| गुमला | 91.866 |
| गढ़वा | 91.139 |
| सिमडेगा | 90.891 |
| खूंटी | 90.328 |
| धनबाद | 90.327 |
| गोड्डा | 90.005 |
| चतरा | 89.339 |
| रामगढ़ | 89.709 |
| रांची | 89.659 |
| सरायकेला | 89.570 |
| दुमका | 88.688 |
| लोहरदगा | 88.456 |
| बोकारो | 99.030 |
| जामताड़ा | 87.678 |
| पाकुड़ | 87.302 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 86.378 |
| साहिबगंज | 85.984 |
| देवघर | 84.531 |

## बच्चों ने पढ़ा, शिक्षकों ने पढ़ाया, फिर भी 5.08 प्रतिशत रिजल्ट गिरा

# शिक्षा सचिव ने कहा, समीक्षा करेंगे और बेहतरी का होगा प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मैट्रिक का रिजल्ट जारी करने के बाद शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा कि बच्चों ने मेहनत से पढ़ाई की है। शिक्षकों ने भी ईमानदारी से पढ़ाया है। बावजूद इसके रिजल्ट का ग्राफ थोड़ा गिरा है, हालांकि फर्स्ट डिविजन में छात्रों ने दमदार उपस्थिति दर्ज करायी है। यह अच्छा है। जो स्कूल इसमें बेहतर नहीं कर पाये हैं, उसकी समीक्षा की जायेगी। साथ ही बेहतरी का प्रयास होगा।



**सम्मानित किये जायेंगे टॉपर :** शिक्षा सचिव ने कहा कि 2023 और 2024 के टॉपर को एक साथ सम्मानित किया जायेगा। इसमें झारखंड बोर्ड के अलावा आइसीएसइ और सीबीएसइ के टॉपर को भी शामिल किया जायेगा। स्कूलों में गुणवत्ता को कैसे बढ़ाया जाये, इसके पांच साल का कैलेंडर भी तैयार किया जा रहा है। विभाग का फोकस है कि झारखंड के बच्चे हर क्षेत्र में बेहतर करें। अब स्कूलों में शिक्षकों की कमी पहले जैसी नहीं है, लेकिन फिर भी रिजल्ट का ग्राफ गिरा है। इसकी गहन समीक्षा की जायेगी।

### असफलता ही सफलता की कुंजी: अध्यक्ष

जैक अध्यक्ष एके महतो ने कहा कि असफलता ही सफलता की कुंजी होती है। इस कारण असफल बच्चों को घबराना नहीं चाहिए। उन्हें और दोगुने मेहनत से बेहतर करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। अभी इसी परीक्षा में कई विकल्प खुले हैं। वे और मेहनत करें। बच्चों के सामने उज्जवल भविष्य है।

### इम्तिहान का यह छोटा पड़ाव: सचिव

जैक सचिव एसडी तिग्गा ने कहा कि मैट्रिक की परीक्षा जिंदगी के इम्तिहान में छोटा सा पड़ाव है। जिंदगी में पल-पल इम्तिहान से गुजरना पड़ता है। इस कारण परीक्षा में असफलता से हताश न हों। मेहनत कर आगे बढ़े।

# आया रिजल्ट का मौसम, दूसरे से न करें बच्चों की तुलना

## बढ़ रही हताशा, हार रही जिंदगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अपेक्षा और संभावनाओं के विस्फोट का शायद यह नकारात्मक पक्ष है। रिजल्ट के बाद छात्र-छात्राओं में डिप्रेशन के कारण यह प्रवृत्ति घर कर जाती है। इसके कारणों के पीछे का सच तलाशने की कोशिश दैनिक आजाद सिपाही ने की।

विशेषज्ञ भी मानते हैं कि बढ़ती हताशा के बीच जिंदगी हार जाती है। मामूली सी बात पर मौत को गले लगाने की घटनाएं होती हैं। छात्र असफलता को नहीं पचा पाते हैं।

### मौत को गले लगाने के पहले देता है संकेत

दुनिया में हर जगह विकास होता है, पैसा आता है तो इससे कई चीजें खुलती हैं। सपने हजार होते हैं। आसमान में दिमाग चला जाता है। ऐसे वक्त और हालात में अभिभावकों को ज्यादा चिंता करने की जरुरत है। वैश्वीकरण के दौर में अपनों से दूरियां बनाने की कोशिश खतरनाक साबित हो सकती है। अभिभावकों को बच्चो के करीब-करीब होने की जरुरत है। कोई भी अगर मौत को गले लगाने का फैसला करता है, तो इसका संकेत भी आसपास के लोगों को देता है। इन संकेतों को पकड़ने की जरुरत है।

### बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति

छात्र-छात्राओं में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति चिंता का कारण बन रही है। समस्याओं से जूझने का जज्बा किशारों में खत्म सा होता जा रहा है। लिहाजा वे जीवन से जूझने की बजाये मौत को गले लगाना सहज समझते हैं।

### क्यों करते हैं ऐसा

- उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं करना
- अपनी क्षमता से अधिक की आशा कर बैठना
- समय-समय पर छात्रों की काउंसिलिंग नहीं होना
- रिजल्ट अच्छा नहीं होने से शर्मिंदा होने का डर
- मैट्रिक में शारीरिक और मानसिक बदलाव से गुजरते हैं
- इस समय बच्चों और अभिभावकों के बीच दूरी बढ़ जाती है
- अपने उम्र के दूसरे बच्चों के साथ की जानेवाली तुलना भी एक वजह

### अभिभावक ध्यान दें

- नियमित रूप से छात्र की काउंसिलिंग करानी चाहिए
- व्यवस्तता के बावजूद बच्चों को समय दें, उनकी गतिविधियों पर नजर रखें
- किसी भी तरह के तनाव और मतभेद को बच्चों के सामने जाहिर न होने दें

### क्या है उपाय

- कॉलेज एवं संस्थानों में छात्रों की नियमित रूप से काउंसिलिंग
- मनोरंजन के लिए भी समय निकालें
- कॉलेज समेत अन्य संस्थानों में निरंतर कॉलेज फेस्ट जैसे कार्यक्रम
- नेशनल क्राम रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट
- 6500 से ज्यादा छात्र देशभर में करते हैं खुदकुशी इसमें एक तिहाई की वजह परीक्षा
- 77 फीसदी आत्महत्या करनेवाले 15 से 29 साल के
- झारखंड-बिहार में आत्महत्या की घटना में अव्वल
- झारखंड में रांची और जमशेदपुर में ज्यादा घटनाएं
- पढ़ाई का अधिक प्रेशर नहीं बनायें

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 36.2 °c | 24.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.11 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.54 बजे | |


आजाद सिपाही

रांची, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024

www.azadsipahi.in




## महत्वपूर्ण खबरें

### श्री श्याम मंदिर में कामदा एकादशी मनायी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को कामदा एकादशी के अवसर पर भक्तों की भीड़ मंदिर में देखने को मिली। श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को कामदा एकादशी के अवसर पर मंदिर के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य के द्वारा श्रृंगार किया गया। रात्रि 9:30 बजे से कार्यक्रम संकीर्तन शुरू की गयी। इसके बाद भजनों का कार्यक्रम 12:00 तक चलते रहा। भजन गाने वालों में मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनियां, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, अनुज मोदी, पंकज गाड़िया, तनय कटपाल, पवन शर्मा, मदन सोनी एवं अन्य ने दरबार में हाजिरी लगाकर बाबा श्याम को रिझाया।

### मेडिका हॉस्पिटल का बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। मेडिका हॉस्पिटल, रांची में एक माह से चल रहे बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेडिका हॉस्पिटल के डॉक्टर्स, अधिकारी और लगभग 300 कर्मचारियों ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया और पूरे जोश के साथ अपने खेल कौशल का परिचय दिया। विजेताओं में मेंस सिंगल्स में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रोहित विजेता और कुजूर रनर-अप, विमेंस सिंगल्स में डायटीशियन प्रिया विजेता और नूतन रनर-अप, मेंस डबल्स में जॉनसन ब्रदर और अमर की जोड़ी विजेता और डॉ. रोहित और डॉ. विशाल की जोड़ी रनर अप-रही, विमेंस डबल में प्रिया और स्मृति की जोड़ी विजेता और डॉ. प्रियम और प्रीति की जोड़ी रनर-अप रही। वहीं मिक्स्ड डबल्स में जॉनसन ब्रदर और नूतन की जोड़ी विजेता और अमर और प्रिया की जोड़ी रनर-अप रही। समापन समारोह में दो मैत्री मैच भी खेले गये जिसमें एवीपी अनिल कुमार, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. गणेश कुमार, एमरजेंसी हेड डॉ. रोहित सेंगर, डॉ. गौतम, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. धनंजय, जीएम ऑपरेशन मनीष गुरुदत्त, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. पंकज मिश्र और एडीसी के जीएम रामवतार जांगिड़ ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ गुंजेश, डॉ. विजयश्री, डॉ. शताक्षी, नीरज कुमार, पिउली बनर्जी सुहैल कैसर, बादशाह, मानस लभ, भारती ओझा, अनूप ब्रदर समेत सहयोगी उपस्थित थे।

### रामनवमी में बेहतरीन झांकी निकालने पर नवकला महावीर मंडल डेली मार्केट को द्वितीय पुरस्कार मिला

रांची(आजाद सिपाही)। नव कला महावीर मंडल डेली मार्केट निवेदक विद्यासागर पूजा क्लब कैलाश बाबू स्ट्रीट नियर टैक्सी स्टैंड को रामनवमी के अवसर पर बेहतरीन झांकी के लिए द्वितीय पुरस्कार मिला। शुक्रवार को रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष कुणाल अजमानी और दिलीप सोनी ने अमित चक्रवर्ती संगठन सचिव कौशल साहू को पुरस्कार सौंपकर सम्मानित किया। संस्था के मुख्य संरक्षक विक्रम सिंह, विश्वरूप दे, शिवम कुमार ने पुरस्कृत होने पर सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### आरएस फाउंडेशन ने बुकरू में गुड़ चना और शर्बत का वितरण किया



रांची(आजाद सिपाही)। हर साल चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी मनायी जाती है। इस दिन प्रभु श्रीराम धरती पर अवतरित हुए थे। भगवान श्री राम के जन्मदिन के शुभ अवसर पर आरएस फाउंडेशन ने बुकरु ग्राम में ग्रामीणों के बीच गुड़, चना और शरबत का वितरण किया और रामनवमी मनायी। इस मौके पर संस्था के सदस्य पंकज बंका, बजरंग गुप्ता और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# साइंस प्वाइंट के बच्चों ने मैट्रिक में लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डंगरा टोली स्थित साइंस प्वाइंट के बच्चों ने मैट्रिक में अपना परचम लहराया। बच्चों ने झारखंड टॉपर में 13वीं रैंक पर अंजली कुमारी संत अन्ना स्कूल, 14वीं रैंक पर आस्था सिन्हा संत अन्ना स्कूल, 16 वीं रैंक पर सुमित कुमार संत अलोइस स्कूल और 20वीं रैंक पर आसिफ अली संत जोंस स्कूल के छात्र रहे। स्कूल टॉपर में संत अन्ना रैंक एक अंजली कुमारी, रैंक दो आस्था सिन्हा, रैंक पांच साइका निगार, रैंक नौ प्रार्थना कुमारी, संत अलोइस हाइस्कूल से सुमित कुमार रैंक तीन, अल्बर्ट सोरन रैंक 12 और संत जांस स्कूल में रैक सात आसिफ अली तथा हॉलीक्रास स्कूल में रैंक तीन अंकिता मांझी, रैंक पांच अराधना कुमारी, रैंक सात पर शिवानी कुमारी पांडेय और रांची के हर एक विद्यालय में बच्चे अपना स्थान बनाये हैं। साइंस प्वाइंट में 11वीं कक्षा शुरू हो गयी है और सारे बच्चों को स्कॉलरशिप दी जा रही है। साइंस प्वांइट की चेयर पर्शन डॉ साइमा अख्तर और डॉयरेक्टर फैयाज सर और साइंस प्वाइंट की पूरी टीम ने बच्चों को बधाई दी।

## नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय की शबाना परवीन बनीं टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय होचर, कांके की छात्रा शबाना परवीन ने 465 (93%) अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। विद्यालय की रितिका कुमारी ने 453 ( 90.6%) अंक लाकर द्वितीय, पवन कुमार साहू ने 448 (89.6%) अंक लाकर तृतीय, अंजू कुमारी व निशा कुमारी ने 436 (87.2%) अंक लाकर चतुर्थ तथा सृष्टि उरांव ने 432 (86.4%) अंक लाकर पंचम स्थान पर रहे। विद्यालय के 02 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक,13 विद्यार्थियों ने 80 से 90%, 32 विद्यार्थियों ने 70 से 80%, 40 विद्यार्थियों ने 60 से 70%, 11 विद्यार्थियों 45 से 60% एवं 02 विद्यार्थियों ने 40 से 45% के बीच अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेंद्र साहू ने सफल विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ साहू ने कहा विद्यालय के सभी बच्चे मजदूर एवं किसान वर्ग के



परिवार से आते हैं। बच्चों के अथक परिश्रम एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के उचित मार्गदर्शन से बच्चों का परीक्षाफल संतोषजनक रहा।

## आरटीसी उच्च विद्यालय की स्नेहा बनीं टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आरटीसी उच्च विद्यालय पीएचइडी बूटी रांची के झारखंड माध्यमिक परीक्षा 2024 में प्रथम श्रेणी से 107 और द्वितीय श्रेणी से 39 बच्चों ने पास किया है। विद्यालय की स्नेहा कुमारी 478 अंक लाकर प्रथम स्थान, साजिया शाहीन 470 अंक लाकर द्वितीय, आयुष कुमार 460 अंक लाकर तृतीय, चंदन कुमार 448 अंक लाकर चतुर्थ एवं शिवानी कुमारी 441 अंक लाकर पंचम स्थान प्राप्त किया कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के निदेशक डॉ रुद्र नारायण महतो एवं प्राचार्य शांति कुमारी ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का मेहनत का परिणाम बताया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिस्थिति में सुधार,नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।

**वृष** रोजी-रोजगार के क्षेत्र में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर, राजनीतिक लाभ।

**मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रूका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि,धन-द्रव्य का लाभ, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होंगी।

**सिंह** सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।

**कन्या** पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा। जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे।

**तुला** काम-काज की स्थिति में सुधार अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।

**वृश्चिक** वृश्चिक-संकल्पित कार्य पूरे होंगे, आकस्मिक लाभ,स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, जमीन-जायदाद के कामों में रूकावट दूर होगी।

**मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ,हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

**कुंभ** स्वास्थ्य में सुधार,दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**मीन** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे। व्यापार में लाभ। समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

### ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

रांची। राजधानी की सुखदेव नगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ तस्करी के आरोपित पिंटू साह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 26 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार के सासाराम से एक व्यक्ति ब्राउन शुगर लेकर रांची के सुखदेवनगर क्षेत्र में सप्लाई करने आ रहा है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। आकाशवाणी रातू रोड के पास पुलिस टीम को देखकर कुछ लोग भागने लगे। इस दौरान टीम ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया। उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक बोर्ड ने शुक्रवार को जैक परिसर में मैट्रिक का रिजल्ट जारी किया। इसमें मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय बरियातू रांची के चालीस प्रतिशत बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय की छात्रा मधु कुमारी 87.60 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, मनीषा कुमारी 84.40 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय एवं काजल किंडो और वनिता महतो 83.60 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। 2023-24 में कुल 180 छात्राएं मैट्रिक की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें 71 छात्राएं प्रथम श्रेणी और 65 छात्राएं द्वितीय क्षेणी से उतीर्ण हुए। विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार ने कहा कि विद्यालय की मैट्रिक परीक्षा के परिणाम संतोषजनक है। उन्होंने अगले वर्ष विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत प्रयास कराने की बात कहीं।

### आइपीएल 2024 : लखनऊ की चौथी जीत

लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में चौथी जीत हासिल कर ली है। टीम ने अपने होमग्राउंड पर चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया। मौजूदा सीजन में यह लखनऊ की लगातार दो हार के बाद पहली जीत है, जबकि चेन्नई लगातार दो मैच जीतने के बाद हार मिली है। लखनऊ में होस्ट टीम ने टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का फैसला किया। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 176 रन बनाये। 177 रन का टारगेट लखनऊ ने 19 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। निकोलस पूरन 23 और मार्कस स्टोयनिस 8 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान केएल राहुल ने 53 बॉल पर 82 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि क्विंटन डी कॉक ने 54 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच 134 रन की शतकीय साझेदारी हुई। सीएसके से मुस्तफिजुर रहमान और मथीश पथिराना को एक-एक विकेट मिला।

# रक्तदान शिविर लगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के नर्सिंग ब्लॉक में शुक्रवार को विवि के एनएसएस यूनिट 1 एवं 2 और चिकित्सा संस्थान रिम्स के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विवि के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रो गोपाल पाठक ने इस तरह के शिविर के आयोजन की आवश्यकताओं पर जोर दिया। उन्होंने रक्तदान से होनेवाले फायदों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो वीके सिंह, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुभानी बाड़ा, प्रशासक आशुतोष द्विवेदी, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. संजीव कुमार सिन्हा, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ संजीव कुमार एवं डॉ मेघा सिन्हा समेत विवि के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों समेत छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और विवि के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

# श्री हनुमान मंडल रांची का 46वां वार्षिक महोत्सव 21 को

**महोत्सव की तैयारी में जुटे हैं मंडल के सदस्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नगर की धार्मिक और सामाजिक संस्था श्री हनुमान मंडल, रांची का 46वां वार्षिक महोत्सव 21 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा।

मंडल के अध्यक्ष सज्जन पाड़िया, मंत्री श्रवण अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी दी कि रविवार 21 अप्रैल 2024 को एक दिवसीय 46 वां वार्षिक महोत्सव प्रातः 7:00 बजे श्री गणेश पूजन के साथ प्रारंभ हो जायेगा। प्रातः 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक चलने वाला यह उत्सव महाराजा अग्रसेन भवन के आधारतल के सभागार में होगा। इस मांगलिक अवसर पर सभी देवी-देवताओं के पूजन उपरांत श्री हनुमान जी की अखंड ज्योत प्रातः 8:00 बजे मंडल के संरक्षक प्रेमचंद श्रीवास्तव सपत्नी लेंगे। श्री हनुमान जी के परम सेवक सुरेश कुमार बजाज के सानिध्य में 400 से भी अधिक हनुमान भक्तों के द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन महोत्सव स्थल पर होगा। इस उत्सव में बालाजी के भव्य अलौकिक श्रृंगार के दर्शन भक्त जन कर सकेंगे। दरबार को सजाने के लिए बाहर के कलाकार दिन रात अपनी सेवा समर्पित किये हुए हैं। 301 भक्तों के द्वारा सवामनी का भोग लगाया जायेगा वहीं 56 भोग का प्रसाद भी भगवान को अर्पित कर भंडारे के रूप में 1500 भक्त जन इसे प्राप्त कर सकेंगे। बरसाना से मनीषा ठाकुर, फरीदाबाद से अंश एवं वंश, धनबाद के पिंटू कुमार अपने भजनों की गंगा प्रवाह कर महोत्सव स्थल पर अमृत वर्षा का लाभ श्रद्धालु भक्तों को देंगे।

महोत्सव स्थल महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में महिलाएं व पुरुष भक्तों के बैठने की व्यवस्था अलग-अलग रखी गयी है। महोत्सव को सफल बनाने में सज्जन पाड़िया, श्रवण अग्रवाल, प्रकाश धेलिया, शिव भावसिंहका, प्रेमचंद श्रीवास्तव, प्रवीण मोदी, अरुण बाजोरिया, हनुमान बेड़िया, निर्मल बुधिया, कौशल राजगढ़िया सहित काफी संख्या में सदस्य लगे हुए हैं।

# वाइबीएन यूनिवर्सिटी में एनएसएस विंग ने अंतरराष्ट्रीय विरासत दिवस का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के एनएसएस विंग ने 19 अप्रैल 2024 को अंतरराष्ट्रीय विरासत दिवस का आयोजन किया है, जहां दोनों इकाइयों के सभी एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया है (कुछ स्वयंसेवक प्रत्यक्ष रूप से और कुछ परोक्ष रूप से भाग लेते हैं)। इस कार्यक्रम में निर्देशानुसार स्वयंसेवकों ने पांच के समूह में भाग लिया और कुल 10 समूह ने भाग लिया है। स्वयंसेवकों को निर्देश दिया गया था कि वे चयनित राज्य के अनुसार अपनी विरासत दिखायें, अपना पोस्टर दिखायें और 5 मिनट के भीतर अपना पोस्टर प्रस्तुत करें। इस कार्यक्रम में 2 जज (डॉ ब्रजेश कुमार सिंह, डीन (स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट) वाइबीएन विश्वविद्यालय, रांची और डॉ सुस्मिता महापात्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग के एचओडी, वाइबीएन विश्वविद्यालय, रांची) हैं, जिन्होंने इन तीन क्रैटेरिया की जांच पर अंक दिये। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षण, गैर-शिक्षण कर्मचारियों प्रोग्राम शामिल हुए और एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एन के गुप्ता, कुलपति, वाइबीएन यूनिवर्सिटी, रांची ने अपने भाषण में कहा कि विश्व धरोहर दिवस अथवा विश्व विरासत दिवस प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को दुनिया भर में मनाया जाता है। इस दिन को स्मारकों और स्थलों के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के नाम से भी जाना जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के महत्व,उनके अस्तित्व के संभावित खतरों और उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता लायी जा सके।

### इस पोस्टर प्रस्तुति के परिणाम इस प्रकार हैं:

**पहला:** सुजाता कुमारी, शिवानी कुमारी, छाया कुमारी, जूही कुमारी, रितिक रोशन। **दूसरा :** सत्यम राज, राम कुमार, इशिता वेनेसा मिंज, मामन दास, वृत्तिका रंजन। **तीसरा:** सोनी लकड़ा, बबीता नाग, सपना कच्छप, जसमनी टोपनो, अमित तिर्की। अंत में कार्यक्रम के प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र और विजेता को ट्रॉफी दी गयी।

# आर्यन ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**दस साल तक शत-प्रतिशत उपस्थिति, मिला अवार्ड**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीपीएस स्कूल का छात्र आर्यन प्रियदर्शी को लगातार 10 साल का 100 परसेंट अटेंडेंस अवार्ड दिया गया। उनके अभिभावक नीलम चौधरी, जो भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी और पारस हॉस्पिटल की कमेटी मेंबर हैं। बताती हैं कि क्लास प्रेप से लेकर क्लास टेन तक आर्यन प्रियदर्शी एक भी दिन अनुपस्थित नहीं रहा। यही नहीं, इसका बड़ा भाई आदित्य प्रियदर्शी, जो डीपीएस बारहवीं पास कर आइआइटी प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की, वह भी क्लास प्रेप से क्लास टेन तक एक भी दिन स्कूल में एब्सेंट नहीं रहा।

आर्यन प्रियदर्शी की छोटी बहन अदिति प्रियदर्शनी को भी 6 साल का लगातार स्कूल में 100 परसेंट अटेंडेंस अवार्ड दिया गया। यह एक रिकॉर्ड है कि एक घर के तीन बच्चे, जो स्कूल से कभी एब्सेंट नहीं किये। इसका श्रेय माता नीलम चौधरी और पिता विकास चौधरी को जाता है। स्कूल के प्रिंसिपल राम सिंह और डीपीएस स्कूल के सभी टीचर्स को भी श्रेय जाता है कि स्कूल का वातावरण बेहतर होने के कारण बच्चे लगातार स्कूल में अपनी उपस्थिति दर्ज किये।

## सीसीएल मुख्यालय में आइएसटीडी का दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन, वक्ताओं ने कहा

# संगठन के उन्नयन में मानव संसाधन की अति महत्वपूर्ण भूमिका

**जस्टिस एसएन पाठक मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, रांची के कन्वेंशन सेंटर में इंपावरिंग एचआर फार इंब्रोसिंग न्यू टेक्नोलॉजी फार सस्टनेबल डेवलपमेंट विषय पर इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आइएसटीडी) का दो दिवसीय (19 और 20 अप्रैल को) पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित की गयी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. एसएन पाठक, विशिष्ट अतिथि अतुल तिवारी, आइएएस और सचिव, कौशल विकास और उद्यमिता विभाग, भारत सरकार थे। साथ ही सम्मेलन के आयोजन समिति के अध्यक्ष हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक, कार्मिक, सीसीएल, निदेशक (वित्त), पवन कुमार मिश्रा निदेशक (तक /संचालन) हरीश दुहान, सीवीओ पंकज कुमार मुख्य मार्गदर्शक के रूप में एनके ओझा, पूर्व कार्यकारी निदेशक एवं प्रभारी आइआइसीएम, रांची और एमके गुप्ता, प्रिंसिपल, जेजीटीसी, इस सम्मेलन के संयोजक के रूप में उपस्थित थे। आइएसटीडी गणमान्यों में प्रो. एन. संबाशिव राव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, एन. पैनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, आइएसटीडी, प्रमोद कुमार साहू क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, इएसआर एवं महेश गुप्ता अध्यक्ष, आइएसटीडी रांची चैप्टर उपस्थित थे। हर्षनाथ मिश्रा ने कहा कि किसी भी संगठन के उन्नयन में मानव संसाधन की अति महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुख्य अतिथि जस्टिस एन पाठक ने मानव संसाधन में एआइ के प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि एआइ का प्रयोग करके रिज्यूम में एवं आवेदनों को बेहतर एवं वस्तुनिष्ठ धन-ढंग से विश्लेषित किया जा सकता है। अतुल तिवारी इस ने आधुनिक तकनीक को का प्रयोग कर्मियों के कौशल विकास में करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कार्यालय के कार्यों में आधुनिक सॉफ्टवेयर के प्रयोग से डाटा प्रोसेसिंग तथा कार्य निष्पादन में मदद मिल रही है। बताते चलें कि इंडस्ट्री और शिक्षाविदों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रख्यात वक्ता इस विषय के तीन उप-विषयों पर अपना भाषण देंगे जो इस सम्मेलन में भाग लेने वाले दर्शकों को प्रबुद्ध करेगा और कार्यरत मानव संसाधन पेशेवरों और शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्यों और एमबीए के छात्रों के लिए अत्यधिक फायदेमंद होगा। इस दो - दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन के कुछ प्रतिष्ठित वक्ताओं में योगी श्री राम, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मानव संसाधन, लार्सन एंड टुब्रो और वर्तमान में सीइओ और एमडी, एलएंडटी लिमिटेड के सलाहकार, विद्यानंद झा, आइआइएम कोलकाता के प्रोफेसर और उत्तम लाल, निदेशक कार्मिक, एनएचपीसी के अलावे और भी अनेक गणमान्य वक्ता शामिल हैं। इस पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन के उप-विषय और वक्ताओं के ज्ञानवर्धक भाषण प्रतिभागियों को देश और दुनिया भर में उद्योगों में हो रहे हालिया विकास से अवगत रखने में मदद करेंगे। इससे प्रतिभागियों को काफी फायदा होगा। आइआइएम, रांची इस मेगा इवेंट का नॉलेज पार्टनर है।

# वीवीपैट का दायरा बढ़ाने की जरूरत

देश में 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले सात चरणों का मतदान आज से शुरू हो गया शुक्रवार को पहले चरण की वोटिंग के लिए सारी तैयारियां हो चुकीं। लेकिन दिलचस्प है कि मतदान से ठीक पहले तक सुप्रीम कोर्ट में चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता से जुड़े मामले पर सुनवाई होती रही। मसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) में डाले गये वोटों के वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों से मिलान का है। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। निश्चित रूप से मुद्दा अहम है और पुराना भी। इवीएम के जरिए वोटिंग की शुरुआत 2004 के लोकसभा चुनावों में हुई थी। तब से सरकारें बदलती रहीं, लेकिन इवएम की गड़बड़ियों के आरोप लगते रहे। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी कि बैलट पेपर की ओर वापसी का विकल्प नहीं है। लेकिन उसने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और उसकी विश्वसनीयता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। इवीएम की विश्वसनीयता के सवाल से जूझते हुए ही 2013 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से वीवीपैट लाया गया। इससे मतदाताओं को यह देखने का मौका मिलता है कि उनका वोट उसी को गया है, जिसे वह देना चाहते थे। इसने निश्चित रूप से इवीएम की विश्वसनीयता बढ़ाने वाले एक टूल के रूप में अपनी जगह बनायी है, लेकिन विवाद का कोई सर्वमान्य हल उसके बाद भी नहीं निकल सका। 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले यह मामला एक बार फिर जोरदार ढंग से उठा। तब सुप्रीम कोर्ट में पिटिशन के जरिए मांग की गयी कि हर लोकसभा क्षेत्र में 50 फीसदी वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया जाये। इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट का कहना था कि अगर बिना किसी तय आधार के यूं ही चुन लिये गये 479 इवीएम का वीवीपैट से मिलान किया जाता है, तो 99 फीसदी सटीक नतीजे आ सकते हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि वह इससे आठ गुना ज्यादा इवीएम लेता है। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट मिलान का दायरा पांच गुना और बढ़ाने को कहा। बावजूद इसके, मामला अभी भी फंसा हुआ है। अभी हर विधानसभा क्षेत्र से 5 एश्ट की वीवीपैट पर्चियां मिलान के लिए ली जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में हर वोट के मिलान की मांग की गयी है। दिक्कत यह है कि वीवीपैट की पर्चियों के मिलान में वक्त लगता है। लेकिन सवाल चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता का हो तो वक्त कोई मसला नहीं होना चाहिए। यूं भी 2004 में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया तीन सप्ताह में पूरी हुई थी। इस बार उसके लिए छह सप्ताह का वक्त लिया जा रहा है। जब वोटिंग में इतना समय लिया गया, तो थोड़ा वक्त काउंटिंग में भी लगने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। बेहतर होगा चुनाव आयोग अपनी तरफ से वीवीपैट मिलान का दायरा बढ़ाने पर विचार करे।

**इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट का कहना था कि अगर बिना किसी तय आधार के यूं ही चुन लिये गये 479 इवीएम का वीवीपैट से मिलान किया जाता है, तो 99 फीसदी सटीक नतीजे आ सकते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**एक अनुमान के मुताबिक मानसून पर 2 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है और कम से कम 50 प्रतिशत कृषि को पानी वर्षा के जरिए ही हासिल होता है। लगभग 800 मिलियन लोग गांवों में निवास करते हैं और वे कृषि पर ही निर्भर हैं, जो कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 14 प्रतिशत है। अगर मानसून असफल रहता है, तो देश के विकास और अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सामान्य से ऊपर मानसून रहने पर कृषि उत्पादन और किसानों की आय दोनों में बढ़ोतरी होती है, जिससे ग्रामीण बाजारों में उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलता है।**

# अच्छे मानसून से पड़ेगी अर्थव्यवस्था में जान

**रवि शंकर**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने इस साल भारत में सामान्य से ज्यादा मानसून रहने की संभावना जतायी है। मौसम विभाग ने मानसून का पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि इस बार सीजन की कुल बारिश 87 सेंटीमीटर औसत के साथ 106 प्रतिशत रहने की संभावना है। अल नीनो प्रभाव के चलते इस साल देश में मानसून अच्छा रहेगा। अगस्त-सितंबर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। हकीकत में अर्थशास्त्री और नीति निर्माता भी मानसून का बेसब्री से इंतजार करते हैं और कामना करते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए अच्छी बारिश हो। मौसम विभाग की भविष्यवाणी यदि सही होती है, तो यह देश की अर्थव्यवस्था से लेकर खेती-किसानी के लिए रामबाण हो सकती है। कहा जा रहा है कि मानसून सामान्य रहा तो फसलों की पैदावार अच्छी होगी, जो महंगाई को नीचे लाने का काम करेगी। इससे ग्रामीण मांग में भी सुधार आयेगा, जो अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मदद करेगी।

अच्छी बारिश का असर खरीफ फसलों के उत्पादन पर पड़ता है, जिससे कुछ खास खाद्य पदार्थों के दाम घट सकते हैं। चावल, बाजरा, रागी, अरहर, मूंगफली, कपास, मक्का, सोयाबीन आदि खरीफ फसलें हैं और इनका उत्पादन अधिकतर अच्छे मानसून पर निर्भर करता है। इनकी बुवाई जून-जुलाई से शुरू होती है। ऐसे में मानसून के दौरान अच्छी बारिश खरीफ फसलों के उत्पादन को बढ़ा सकती है, जिससे महंगाई पर कुछ हद तक नियंत्रण किया जा सकता है। महंगाई घटेगी तो पूरी अर्थव्यवस्था को इसका फायदा मिलेगा। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि मानसून भारतीय खेती की लाइफलाइन है।

**मानसून के कारण जलाशय लबालब भर जाते हैं जो हाइड्रोपावर तथा सिंचाई के लिए अहम हैं।**



**बहरहाल, देश में अच्छा मानसून विकास की रेखा माना जाता है क्योंकि मानसून का प्रभाव देश के करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी और रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ता है। माना जा रहा है कि चार महीने की मानसूनी बारिश अर्थव्यवस्था के लिए मरहम साबित हो सकती है। देश की आधे से ज्यादा फसलें इसी मानसूनी बारिश से लहलहाती हैं। फसलों की पैदावार से खाने-पीने की चीजों के दाम तय होते हैं।**

एक अनुमान के मुताबिक मानसून पर 2 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है और कम से कम 50 प्रतिशत कृषि को पानी वर्षा के जरिए ही हासिल होता है। लगभग 800 मिलियन लोग गांवों में निवास करते हैं और वे कृषि पर ही निर्भर हैं, जो कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 14 प्रतिशत है। अगर मानसून असफल रहता है, तो देश के विकास और अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सामान्य से ऊपर मानसून रहने पर कृषि उत्पादन और किसानों की आय दोनों में बढ़ोतरी होती है, जिससे ग्रामीण बाजारों में उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलता है। अच्छी बारिश न सिर्फ कृषि क्षेत्र के लिए जरूरी है, बल्कि इससे उद्योग जगत में भी बहार आती है। मालूम हो कि खेत से लेकर खाने की टेबल तक एक बड़ी चेन जुड़ी होती है। ऐसे में कमजोर मानसून पूरी वैल्यू चेन को बिगाड़ सकता है। इससे पूरी आर्थिक गतिविधियां गड़बड़ा जाती हैं। लेकिन जब वर्ष 2024 में एक अच्छा मानसून संभावित है, तब सरकार को किसानों को मुस्कुराहट देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाभप्रद बनाने के लिए रणनीतिक कदम आगे बढ़ाना चाहिए।

बहरहाल, देश में अच्छा मानसून विकास की रेखा माना जाता है क्योंकि मानसून का प्रभाव देश के करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी और रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ता है। माना जा रहा है कि चार महीने की मानसूनी बारिश अर्थव्यवस्था के लिए मरहम साबित हो सकती है। देश की आधे से ज्यादा फसलें इसी मानसूनी बारिश से लहलहाती हैं। फसलों की पैदावार से खाने-पीने की चीजों के दाम तय होते हैं। पैदावार बढ़िया रही, तो खाद्य पदार्थों की कीमतें कम रहेंगी। इससे आम आदमी को राहत मिलेगी।

मानसूनी बारिश से खरीफ फसलों को लाभ तो होता ही है, साथ ही रबी सीजन यानी सर्दियों में बोई जाने वाली फसलों के लिए भी मिट्टी को नमी मिल जाती है। बढ़िया बारिश से देश के जलाशयों में पानी भरता है, जिससे किसानों को खेती के लिए पानी मिल पाता है। इतना ही नहीं, आरबीआइ ब्याज दरें तय करते समय मानसून के प्रदर्शन, खाद्य उत्पादन और महंगाई दर पर ध्यान देता है। इसलिए अच्छे मानसून से ब्याज दरों में भी गिरावट आती है और कर्ज सस्ता होता है। निःसंदेह आर्थिक विकास दर को बढ़ाने में अच्छे मानसून की अहम भूमिका होता है। इससे जहां महंगाई नहीं बढ़ेगी, वहीं विकास दर बढ़ेगी। साथ ही, अच्छे मानसून से किसानों की फसल अच्छी होने से क्रयशक्ति बढ़ेगी और उनके कदम बाजारों की चमक बढ़ाएंगे।

इस समय देश में महंगाई अहम मुद्दा है। वर्तमान समय में अगर बात करें तो देश के किसानों को खेती करना काफी महंगा पड़ रहा है। बीज, खाद और डीजल के दामों में तेजी के बाद किसानों के लिए खेती करना बड़ा मुश्किल हो गया है। बढ़ती हुई महंगाई से किसानों की रुचि खेती के प्रति दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है, क्योंकि किसानों के लिए खेती अब घाटे का सौदा लग रहा है। किसानों का मानना है कि अब खेती से लागत निकलना भी असंभव सा हो रहा है। बता दें डीजल की कीमत बढ़ने से किसान पहले ही परेशान हैं। खेती-किसानी का ज्यादातर काम ईंधन पर निर्भर है। खेत की जुताई से लेकर कटाई और फसल को मंडी ले जाने तक किसान ट्रैक्टर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन महंगा डीजल किसानों के सामने पहले से ही बड़ी समस्या बना हुआ है। ऐसे में खराब मानसून से हालात और जटिल हो सकते थे।

कम पैदावार से अनाज, फल-सब्जी और दूध जैसी रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों के दाम और बढ़ सकते हैं। लेकिन अच्छे मानसून से महंगाई पर लगाम लग सकती है। साथ ही खाद, बीज, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर गुड्स और फाइनांस कंपनियों के शेयर भी डिमांड में रहते हैं। इस तरह अच्छा मानसून शेयर बाजार पर भी प्रभाव डालता है। मानसून के कारण जलाशय लबालब भर जाते हैं जो हाइड्रोपावर तथा सिंचाई के लिए अहम हैं। साफ है, जिस तरह मानसून देश की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम है, उसी तरह कॉरपोरेट कंपनियों से लेकर आम कंज्यूमर तक हर किसी की पर्सनल इंकम और सेविंग्स पर भी इसका गहरा असर पड़ता है। यकीनन देश की अर्थव्यवस्था के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक सुकून भरा परिदृश्य उभरता दिखायी दे रहा है। मॉनसून तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ ही है।

## जमशेदपुर की खबरें

### उलगुलान महारैली में जुगसलाई विधानसभा से 5000 कार्यकर्ता होंगे शामिल : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया गठबंधन के द्वारा आगामी 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान महारैली में शामिल होने के लिए पूर्वी सिंहभूम जिले में तैयारी जोरो पर है। शुक्रवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अपने आवास में जमशेदपुर प्रखंड के कार्यकताओं संग बैठक की। बैठक में विधायक ने महारैली में शामिल होने की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओ को कई दिशा निर्देश दी। विधायक ने कहा केंद्र में भाजपा सरकार ने झारखंड के एक युवा आदिवासी मुख्यमंत्री व जन जन के नेता को सोची समझी साजिश के तहत जेल में बंद कर दिया। लेकिन झामुमो घबराने वाला नही है। इंडिया गठबंधन ने इसके खिलाफ उलगुलान महारैली का आयोजन कर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवाज को झारखंड के एक एक जनता तक पहुचाने का काम करेगी। उन्होंने कहा महारैली के बाद झारखंड की जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। विधायक ने कहा जुगसलाई विधानसभा से महारैली में 5 हजार से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में मनोहर हुसैन, मिथुन चक्रवर्ती, पलटन मुर्मू, नागि मुर्मू, जितेंदर सिंह,नीलम बाड़ा,गोविंदो महतो,विजय महतो,लखन मुर्मू,राम टुडू,रूस धिवर,मलिन मुर्मू, प्रकाश, चिट्टू उपस्थित रहे।

### सरायकेला में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** लोकसभा स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो सरायकेला पहुंचे। शुक्रवार को सरायकेला कोर्ट के समीप आजसू पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने माला पहनाकर एवं बुके सौप कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सन्नी सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला उपाध्यक्ष गणेश महतो, राजा टुडू, जिला सचिव विकास कुमार साव, आदित्यपुर नगर अध्यक्ष राजकिशोर यादव, नगर सचिव प्रिंस यादव, नगर आइटी सेल प्रभारी अंकित कुमार, गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष रवि हांसदा, मलकीत सिंह, मानिक, अजय, बिश्वजीत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यह चुनाव सांसद का नहीं, देश के विकास का चुनाव है : कर्मवीर सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**इचागढ़।** चांडिल स्थित बाबूर बागान में भारतीय जनता पार्टी ईचागढ़ विधानसभा की कोर कमेटी और लोकसभा प्रबंधन समिति की बैठक जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें रांची में 2 मई को होने वाले नामांकन सभा में ईचागढ़ विधानसभा से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ ने कहा कि 2 मई को होने वाला नामांकन ऐतिहासिक होगा एवं भारतीय जनता पार्टी रांची लोकसभा से यहां के जनता के प्यार और आशीर्वाद से ऐतिहासिक विजय करेगी। उनके द्वारा किये विकास कार्य, जनता से जुड़ाव एवं रांची लोकसभा के सभी विधानसभाओं में लगातार 5 साल तक वह जनता के बीच में रहे हैं। भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने चुनावी प्रबंधन और जनसंपर्क से जुड़े विषयों पर प्रकाश डाला। संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि यह चुनाव सांसद का नहीं, देश के विकास का चुनाव है। सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक लोगों से संपर्क करने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का टास्क कार्यकर्ताओं को दिया ।

जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा में कार्यकर्ता संगठित और मजबूत है। रांची लोकसभा में ईचागढ़ विधानसभा पिछले बार से अधिक वोटो से विजयी बना कर कमल खिलाने का कार्य करेगा।

पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि नामांकन में हजारों की संख्या में ईचागढ़ से कार्यकर्ता जायेंगे और रांची लोकसभा के ऐतिहासिक विजय में ईचागढ़ की जनता एवं यहां के कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

मंच का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री एवं लोकसभा चुनाव के निमित्त ईचागढ़ विधानसभा के संयोजक मधुसूदन गोराई ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला के उपाध्यक्ष ठाकुरदास महतो ने किया।

इस मौके पर मंच पर प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, लोकसभा के संयोजक संजीव विजयवर्गीय, ईचागढ़ विधानसभा के प्रभारी दिनेश कुमार, सह-प्रभारी प्रभु दयाल बड़ाइक, सारथी महतो, राकेश सिंह, ईचागढ़ विधानसभा के सभी मंडलों के अध्यक्ष कोर कमेटी के सदस्य एवं चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### गम्हरिया के छात्र प्रिंस कुमार 95.80 प्रतिशत अंक हासिल कर बने जिला टॉपर



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 10वीं बोर्ड परीक्षा 2024 के परिणाम घोषित कर दी। सरायकेला खरसावां जिले में इस साल भी लड़कों की तुलना में लड़कियों के सफलता का प्रतिशत 91.98 फीसदी रहा जबकि 89 फीसदी छात्र सफल हुए हैं। शुक्रवार को सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया आदर्श विकास विद्यालय के छात्र प्रिंस कुमार ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बना। गम्हरिया साईं नगर में रहने वाले प्रिंस सिविल सेवा में जाना चाहता है। पिता अमलगम स्टील में सुपरवाइजर का काम करता है। प्रिंस की दो बहनें में बड़ी बहन इंटर की छात्रा है, जबकि छोटी बहन आठवीं में पड़ती है। प्रिंस ने उपलब्धि का का श्रेय अपने माता,पिता को दी है। वहीं सकेंड टॉपर सरस्वती शिशु मंदिर सरायकेला के छात्र धीरज कुम्हार के पिता सुकराम कुम्हार एक सरकारी शिक्षक है। उन्होंने बताया उनका पुत्र शिक्षक बनना चाहता है। धीरज की भी दो बहनें हैं। एक की सादी हो चुकी दूसरी संत जेवियर रांची से पीजी कर रही है। उनके बेटे ने अपने उपलब्धि का श्रेय गुरुजनों को दी। धीरज को गणित में शत प्रतिशत अंक प्राप्त हुई। धीरज ने कुल 95.60 अंक प्राप्त कर सकेंड टॉपर बना। वहीं बीपीडीए हाई स्कूल भीमखांदा का छात्र तन्मय प्रधान तीसरे स्थान पर रहा। उसे 95 फीसदी अंक मिले हैं। जिला शिक्षा पदधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा ने सभी छात्रों के उपलब्धि पर उनके अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही आगे भी बेहतर शिक्षा देने के लिए सलाह दी।उन्होंने सरायकेला खरसावां जिले को राज्य में 16वां स्थान हासिल होने पर सभी शिक्षकों व कर्मियो की सराहना की। साथ ही आगे और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। जिले में 2024 में कुल 4 लाख 21 हजार 678 विद्यार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा दी। इनमें 2 लाख 5 हजार 110 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी,1 लाख 53 हजार 33 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी और 19 हजार 555 छात्र तृतीय श्रेणी से सफल हुए।

## झामुमो ने सिंहभूम की जनता का राजनीतिक दोहन किया है: सुदेश

**इंडिया गठबंधन के पास न कोई सर्वमान्य नेता और न सर्वमान्य नीति**

**सम्मेलन में सिंहभूम से एनडीए की उम्मीदवार गीता कोड़ा भी उपस्थित रहीं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** साढ़े चार साल से सत्ता का सुख भोग रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा लोकसभा चुनावों में जनता के सामने विकास का कोई एक उदाहरण पेश करने की स्थिति में नहीं है और न ही इनके पास राज्य के प्रमुख विषयों पर कई सोच अथवा स्पष्ट विचार हैं। लोगों की भावनाओं को कुरेद कर राजनीति करना ही जेएमएम की मंशा रही है। लोकसभा चुनावों में करारी हार के लिए जेएमएम और कांग्रेस दोनों को तैयार रहना चाहिए।

उक्त बातें आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने चाइबासा स्थित गांधी मैदान में आयोजित सिंहभूम लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। इस सम्मेलन में लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखंड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया।



सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार ने चार सालों में राज्य की खान संपदा को लूटने और लूटने वालों को संरक्षण देने का काम किया है। नियोजन, विस्थापन और स्थानीय नीति का वादा कर सत्ता में आये लोग एक भी नीति नहीं बना पाये। झामुमो में विरासत की राजनीति हावी है। अब एनडीए की एकजुटता के सामने अवसरवादी गठबंधन का टिक पाना मुश्किल होगा। इस मौके पर सिंहभूम क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और कई समाजसेवियों ने आजसू का दामन थामा। आजसू के इस सम्मेलन में सिंहभूम से एनडीए की उम्मीदवार गीता कोड़ा भी उपस्थित रहीं। सुदेश महतो ने कार्यकर्ताओं को उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिये साथ ही उन्होंने गीता कोड़ा की ऐतिहासिक जीत के लिए लोगों से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सिंहभूम जनता इस बार राज्य सरकार के कुशासन के खिलाफ मतदान करेगी। राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री ने पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच नहीं करा कर लाखों युवाओं से किया अपना पहला वादा भी पूरा नहीं किया। इसका जवाब कोल्हान की जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर देगी।

मौके पार्टी के प्रधान महासचिव राम चंद्र सहिस ने कहा कि आजसू के नेतृत्व ने झारखंडियों को राजनीतिक और सामाजिक न्याय देने का काम किया है। यह चुनाव ऐतिहासिक होगा। राज्य की जनता ने सभी 14 सीटों पर एनडीए को जिताने का निश्चय किया है। आने वाले 13 मई को सिंहभूम के मतदाता अपने मत का प्रयोग कर गीता कोड़ा को विजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे। इस अवसर पर रामचंद्र सहिस, डॉ देवशरण भगत, स्वप्न सिंहदेव, हरेलाल महतो, रीना गोडसारा, रविशंकर मौर्य, सचिव सत्यनारायण महतो, सिद्धार्थ महतो, रामलाल मुंडा, सचिन महतो, नंदू पटेल, सुजीत गिरी, अमित महतो, जितेंद्र सिंह इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# निर्वाचन की तैयारियों में नहीं चलेगी शिथिलता और बहानेबाजी : के रवि कुमार

**झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गढ़वा में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की**

**गर्मी-धूप लग रही, तो जेब में ग्लूकोज/सत्तू का पैकेट, साथ में पानी की बोतल और माथे पर गमछा लगाकर क्षेत्र भ्रमण करें**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों में कोई शिथिलता और बहानेबाजी नहीं चलेगी। गर्मी-धूप लग रही, तो माथे पर गमछा लगायें और क्षेत्र भ्रमण कर निरोधात्मक कार्रवाईयां सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य की तैयारियों में बेहतर परिणाम चाहिए। उक्त बातें झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कही। वे शुक्रवार को गढ़वा जिले में चुनाव आबंधी अबतक की गयी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। गढ़वा जिले के समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब की बिक्री एवं आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निदेश दिया। उन्होंने संपूर्ण जिला क्षेत्र के साथ-साथ बॉर्डर क्षेत्र के प्रखंड एवं थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी और जांच अभियान चलाकर संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अप्रैल 2024 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया । उन्होंने पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## शस्त्र जमा नहीं करनेवालों के विरुद्ध करें कार्रवाई

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई में गति लाने का निदेश दिया। शस्त्र जमा नहीं करने वालों की शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने का निदेश दिया। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की स्थिति पर कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही उन्होंने निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय करने का भी निदेश दिया।

## स्वास्थ्य सुविधा के लिए मतदान केंद्रों की करें मैपिंग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मतदान केंद्र का मैपिंग करते हुए एएनएम, जीएनएम सहिया आदि की तैनाती कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये, ताकि मतदान के दिन मतदान कर्मियों एवं मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान हो सके।

## इस बार दिन भर मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस बार दिन भर मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। उन्होंने अंतरराज्यीय और अंतरजिला चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच कराने का निर्देश दिया। **गर्मी के मद्देनजर पेयजलापूर्ति की रखें मुकम्मल व्यवस्था :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम है। पानी की समस्या सामने आने लगी है, ऐसे में मतदान केंद्रों पर पेयजलापूर्ति की मुक्कमल व्यवस्था सुनिश्चित करें। पानी की किल्लत वाले मतदान केंद्रों पर टैंकर से भी पेयजलापूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। **अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए चलायें विशेष अभियानः एवी होमकर :** राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने सभी हिस्ट्रीशीटर, किंगपिन और वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने संबंधी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, इवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने अपराधी, असमाजिक तत्वों, उपद्रवियों सहित निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही भगोड़े और विभिन्न जगहों पर छिपे हुए अपराधियों के विरुद्ध कुर्की जब्ती सहित अन्य कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। **सोशल मीडिया सेल को रखें एक्टिव, 24 घंटे रखें निगरानीः** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने सोशल मीडिया सेल को एक्टिव रखते हुए 24 घंटे कड़ी निगरानी रखने का निदेश दिया। साथ ही आपत्तिजनक एवं फेक न्यूज पोष्ट पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

## बैठक में ये थे उपस्थित

समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इंद्रजीत महथा, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी नरेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी वाइएस रमेश, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्त सहित निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में इस बार पूरे उत्साह से मतदान करेंगे मतदाता

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्लामू लोक सभा क्षेत्र के बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र स्थित हेसातू के मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के अति दुर्गम क्षेत्र अवस्थित बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र के मतदाता लोकसभा चुनाव 2024 में पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे। इसके लिए इस क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बना है। क्षेत्र सुरक्षित हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के रवि कुमार में कही। वे आज बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसातु स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी करीब तीन किलोमीटर मोटरसाइकिल से सफर कर मतदान केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने मतदान केंद्र पर तैनात बीएलओ/पर्यवेक्षक और स्थानीय मतदाताओं से बातचीत की। उनकी समस्याओं को सुना। मतदान केंद्र पर न्यूनतम सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय और अन्य न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से मतदान के दिन भयमुक्त होकर मत देने का अपील किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हालात अब बदले हैं। सुरक्षा बलों और जवानों की मेहनत से यह क्षेत्र भयमुक्त हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में पहले भी वोटिंग होती थी, लेकिन मतदाता छुप-छुप कर मत देने जाते थे। लेकिन लोकसभा चुनाव, 2024 में मतदाता पूरी तरह भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन के तहत खाना परोसकर भी खिलाया। साथ ही मतदान केंद्र की कमियों को दूर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

मतदान केंद्र के निरीक्षण में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इंद्रजीत महथा, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्त सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी : रुपेश सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ता बुथ स्तर से लेकर जिला स्तर पर युवाओं के बिच जाएंगे। इस दौरान 21 अप्रैल को भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रुपेश सिन्हा एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के दौरान गढ़वा पहुंचेंगे। एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिला स्तरीय बैठक करेंगे। इस बिच जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित युवा चौपाल कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इसको लेकर भाजयुमो कार्यकर्ता फिर से मोदी सरकार बनाने को लेकर लगातार जनसंपर्क के माध्यम से युवाओं के बिच जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार का लक्ष्य रखा है। जिसे पुरा करने के लिए कार्यकर्ता संकल्पित हैं। मोदी सरकार ने भारत को विश्व के मानचित्र पर स्थापित करने का काम किया है। मोदी सरकार ने हर वर्ग के लिए योजना बनाकर युवा किसान महिला व्यवसायी सबको लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में भारत विश्व गुरु बना है भारत का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं यह हर देशवासी के लिए गौरव का क्षण है। वहीं विपक्ष के लोग सत्ता पाने के लिए आम जनता को भ्रमित करने में लगे हुए हैं। मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान मंत्री संजय जायसवाल मिडिया प्रभारी नवीन जायसवाल लक्ष्मीकांत पाण्डेय सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# ऐतिहासिक होगी उलगुलान महारैली, गढ़वा से शामिल होंगे 25 हजार कार्यकर्ताः झामुमो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** रांची में आगामी 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान महारैली ऐतिहासिक होगा। इस महारैली में गढ़वा से लगभग 25 हजार कार्यकर्ता शामिल हांगे। सभी कार्यकर्ता विभिन्न बसों, चारपहिया वाहन आदि के माध्यम से रांची पहुंचेंगे। वहां पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने शुक्रवार को शहर के चिनियां रोड स्थित होटल पद्मावती में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही।

श्री दुबे ने कहा कि भाजपा मीठा जहर घोलकर लोकतंत्र पर कुठाराघात कर रही है। यदि जनता इसबार सचेत नहीं हुई तो मतदान के अधिकार से सभी को वंचित हो जाना पड़ेगा। भाजपा इस बार सत्ता में आयी तो अगली बार से चुनाव बंद कराने की तैयारी में है। इस बार भी सभी प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं को भाजपा चुनाव से ठीक पहले बेवजह जेल में बंद कर चुनाव को एकतरफा करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कर एकमात्र मकसद है किसी भी प्रकार से हर हथकंडा अपनाकर सत्ता में बने रहना। भाजपा देश एवं देशवासियों के लिए नहीं बल्कि सिर्फ सत्ता के लिए काम करती है।

प्रेसवार्ता में केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे के अतिरिक्त ज़िलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय सदस्य शरीफ अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अशफी राम उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होंगे गढ़वा के व्यंगकार राजीव भारद्वाज

गढ़वा। धराधाम इंटरनेशनल एंड एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, गोरखपुर के द्वारा आयोजित साउथ एशियन रीजनल कंट्रीज प्राइड अवार्ड एंड पीस समिट - 2024 के लिए गढ़वा के व्यंग लेखक राजीव भारद्वाज का चयन उनके लिखित भोजपुरी मगही हिंदी मिश्रित व्यंग झोलाछाप नही, गारंटीड डागडर के लिए किया गया है। ये सम्मान इन्हें नेपाल के लुंबनी में दिया जायेगा। भारत सहित दक्षिण एशिया के देश पाकिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार, बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत तथा नेपाल के साहित्यकारों को साहित्य की विभिन्न विद्या यथा व्यंग लेखन, संस्मरण, कविता, यात्रा वृतांत, कहानी, उपन्यास, लघु कहानी के लिए चयनित किया गया है। राजीव को पूर्व में श्रीराम अंतराष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन, अयोध्या में 2022 में, कबीर कोहिनूर सम्मान 2023 नई दिल्ली, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कृति सम्मान, जायल नागौर राजस्थान 2023 में व्यंग लेखन के लिए सम्मानित किया गया है। राजीव नियमित रूप से समसामयिक घटनाओं पर व्यंग लिख कर युवाओं में काफी ख्याति अर्जित किया हैं। चयनित व्यंग झोलाछाप डागडर में इन्होंने इलाज करने वाले ग्रामीण स्तर के बिना डिग्री वाले डॉक्टर पर व्यंग किया है, जो रोचकता के साथ साथ समाज के लिए एक संदेश भी प्रदान करता है।

## मंजू कुंवर का घर जल कर राख हुआ

भवनाथपुर। प्रखंड के सिंघीताली गांव में मंजू कुंवर पति स्वर्गीय भीम राम का घर जलकर राख हुआ। उक्त आग लगी में राशन और नगद सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। खबर के अनुसार मंजू कुंवर के घर के सभी सदस्य मजदूरी करते हैं। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू तो पा लिया गया लेकिन तबतक घर मे रखे गेंहू चावल कपड़ा सहित दैनिक उपभोग में आने वाली सामानों के साथ 25 हजार रुपये नगद जलकर खाक हो गया

# जेएससी 10वीं में संत एंथोनी हाई स्कूल कंजिया के छह विद्यार्थी टॉप टेन में शामिल

## संत एंथोनी हाई स्कूल की आकृति बनीं जिला टॉपर

**आजाद सिपाही संवाददाता**


आकृति गुप्ता


ऋषिका जायसवाल

**गढ़वा।** झारखंड अधिविध परिषद की ओर से शुक्रवार को जारी किये गये मैट्रिक के परीक्षा परिणाम में जिले के छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इसमें भंडरिया प्रखंड के संत एंथोनी हाई स्कूल कंजिया के आकृति गुप्ता ने 482 अंक लाकर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

वहीं अपग्रेड हाई स्कूल पेसका के छात्र सौरभ कुमार द्विवेदी और संत एंथोनी हाई स्कूल के ऋषिका जायसवाल ने संयुक्त रूप से 481 अंक लाकर दूसरे स्थान पर रहे। इसी तरह बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा के छात्रा सेजल राज चंद्रा ने 479 अंक लाकर जिला में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नगर ऊंटरी के छात्रा साक्षी चौबे ने 478 अंक लाकर चौथा स्थान, बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा की छात्रा वीणा ज्योति ने 477 अंक लाकर पांचवा, संत एंथोनी हाई स्कूल कंजिया की शिवानी गुप्ता ने 475 अंक लाकर छठा स्थान, उसी विद्यालय के शिवम कुमार राम ने 474 अंक लाकर सातवां स्थान प्राप्त किया है, उच्च विद्यालय मेराल की छात्रा खुशबू कुमारी ने 473 अंक लाकर आठवां स्थान प्राप्त किया है।

वहीं संत एंथोनी हाई स्कूल के लक्की जायसवाल ने 472 अंक लाकर जिले में नौवां स्थान प्राप्त किया जबकि आरएमएसआरसीपी स्कूल गरदाहा एस कुमार गुप्ता और संत एंथोनी हाई स्कूल कंजिया के रूबी कुमारी और आरुषि कुमारी ने 470 अंक लाकर संयुक्त रूप से दसवां स्थान प्राप्त किया है।

## ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के चंदन कुमार बने प्रखंड टॉपर





**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बिरबल गांव में चल रहे ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल का छात्र-छात्राओं नें प्रचंड लहराया है। आपको बता दें कि ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में पहली बार विद्यालय में 22 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जो की सभी विद्यार्थियों नें 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर उत्तीर्ण हुए। जिसमें ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थि चंदन कुमार गुप्ता पिता प्रदीप गुप्ता 92.60 प्रतिशत लाकर प्रखंड टॉपर बना और विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन किया। ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के टॉप टेंन छत्र - छात्राओं की सूची इस प्रकार है:- 1 चंदन कुमार गुप्ता पिता प्रदीप गुप्ता 462 अंक प्राप्त कर 92.60 प्रतिशत लाकर प्रखंड टॉपर बन कर प्रखंड के नाम रौशन किया। 2.वही दूसरा स्थान विशाल कुमार यादव पिता अनुज यादव 448 अंक प्राप्त कर 89.60 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का दूसरा स्थान प्राप्त कर नाम रौशन किया। 3. जबकि तीसरा स्थान खुशबु कूमारी पिता रामचंद्र कुशवाहा 445 अंक प्राप्त कर 89 प्रतिशत हाशिल किया। 4. ओहि दानिश राजा पिता गुलामनवी 443 अंक प्राप्त कर 88.60 प्रतिशत प्राप्त किया। 5 आयुष कुमार यादव पिता यशवंत प्रसाद यादव 441 अंक लाकर 88.20 प्रतिशत हाशिल किया। इस संबंध में ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल प्रबंधक महताब आलम और प्रधानाध्यापिका साथ सभी शिक्षक और शिक्षिका मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को उनकी मेहनत व उनकी लगन के लिए बधाई दिए हैं।

## किशुनराज पब्लिक उच्च विद्यालय का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित किशुनराज पब्लिक उच्च विद्यालय बलियारी का सत्र 2023 -24 में मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के सभी 35 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। रिशु दुबे 466 अंक 93.20 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। जबकि सचिन ठाकुर 465 अंक 93 % अंक के साथ दूसरा स्थान व शिवमंगल कुमार 463 अंक 92.60 % अंक के साथ तृतीय स्थान लाने में कामयाब रहा। इसके साथ ही नीरज कुमार 459 अंक, आदर्श कुमार दुबे 454 अंक, निधि दुबे 451 अंक, कौशल कुमार 448 अंक, तनु कुमारी 447 अंक, जयकांत तिवारी 445 अंक व निधि साव ने 444 अंक लाकर स्कूल के मैट्रिक रिजल्ट में टॉप टेन में जगह बनाने में सफल रहे हैं। विद्यालय का मैट्रिक रिजल्ट शत प्रतिशत होने पर विद्यालय सचिव आनंद प्रकाश दुबे व प्रधानाध्यापक नवनीत कुमार दुबे ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को उनकी मेहनत व उनकी लगन के लिए बधाई दिए हैं। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों को भी बधाई दिये हैं। साथ ही सभी शेष बच्चे भी प्रथम श्रेणी से मैट्रिक परीक्षा उर्तीण किये।

# सरस्वती विद्या मंदिर का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट, साक्षी बनीं स्कूल टॉपर


साक्षी चौबे 95.6%


निशिबाला चौबे 93.4%


प्रिया कुमारी 93%


आर्यन विभूति 93%

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने झारखंड अधिविध परिषद रांची दशम बोर्ड एग्जाम 2024 की परीक्षा में सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने में सफलता प्राप्त किया है।

**विद्यालय के टॉप टेन विद्यार्थियों में :-** 1. साक्षी चौबे, पिता ब्रजेश कुमार चौबे 95.6%

2. निशीबाला चौबे, पिता शशि मोहन चौबे 93.4%

3. प्रिया कुमारी, पिता मनोज पाल 93% आर्यन विभूति, पिता पारस विभूति 93%

4. माही राज, पिता, आनंद प्रसाद 92.8%

5. मुस्कान कुमारी, पिता, गोरखनाथ गुप्ता 92.6%

6. आरूषी कुमारी, पिता, जितेंद्र प्रसाद 92.2%

7. शिवराज प्रसाद, पिता,ज्वाला प्रसाद 91.8%

8. मुस्कान सिंह, पिता ,राकेश सिंह 91.6%

9. रागिनी कुमारी, पिता,धीरज कुमार 91.4%, ज्योति प्रिया,पिता, ऋषिकांत प्रसाद गुप्ता 91.4%

10. पलक पांडे पिता,श्याम नाथ पांडे 91.2%।

उक्त अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, अनिल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष श्री राजकुमार प्रसाद ने विद्यालय के बच्चों को शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि अथक परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होती है इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए सभी को इस उत्तम रिजल्ट के लिए बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर पिछले कई दशकों से निरंतर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने में सफलता प्राप्त करते आया है।

# प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की अदिति रानी 442 अंकों के साथ प्रखंड टॉपर बनीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**










**भवनाथपुर।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जेएसी) की ओर से आयोजित कक्षा 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इस साल प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की अदिति रानी 88.4 फीसदी 442 अंको के साथ प्रखंड टॉपर बनी, वहीं टॉप 5 में 3 छात्र और 2 छात्राओं का नाम शामिल है। इस परीक्षा में प्रखंड स्तर पर प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल भवनाथपुर की अदिति रानी ने 442 अंक लाकर प्रथम, आरके प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर के अमन पटेल ने 433 अंक लाकर द्वितीय, राधे कुमार ने 431 अंक लाकर तृतीय, उज्ज्वल कुमार ने 423 अंक लाकर चतुर्थ, आरके प्लस टू उच्च विद्यालय झगड़ाखांड की चांदनी कुमारी ने भी 423 अंक लाकर संयुक्त रुप से चतुर्थ जबकि आदर्श कुमार ने 421 अंक लाकर पांचवा स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि प्रखंड के आरके प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर से 324 छात्रों में 318, आरके प्लस टू उच्च विद्यालय झगड़ाखांड में 135 छात्रों में 127, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल भवनाथपुर में 352 छात्रों में 342, केजीबीवी भवनाथपुर में 25 में 25 छात्र जबकि यूएचएस बनखेता के 49 में 36 छात्र सफल हुए।

# नरेंद्र मोदी जैसा निष्ठावान प्रधानमंत्री देश को इससे पहले नहीं मिला : कड़िया मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा मेन रोड एसबीआइ के समीप शुक्रवार को भाजपा का विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष पदमभूषण से सम्मानित कड़िया मुंडा, विधायक कोचे मुंडा, चुनाव प्रभारी अरुण चंद्र गुप्ता, संयोजक शशांक राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, विनोद भगत ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। मौके पर सबसे अधिक आठ बार खूंटी से सांसद रहे कड़िया मुंडा ने कार्यकर्ताओं को कहा कि सभी एकजुटता के साथ चुनाव कार्य में लग जायें। उन्होने नसीहत देते हुए कहा कि चुनाव में कभी भी प्रतिद्वंदी को कमजोर नही आंकना चाहिए। चुनाव जीतने के लिए मेहनत ज्यादा करनी होगी। कहा कि नरेंद्र मोदी जैसा निष्ठावान प्रधानमंत्री देश को इससे पहले नही मिला था। मोदी ने जो जो कहा पूरा किया। मोदी देश को मजबूत बनाने में जी जान से लगे हैं। उन्होंने कहा मोदी मोदी के शोर से विपक्ष घबरा गया है। मोदी और पांच साल पीएम रहे तो विपक्ष ढूंढने से नहीं मिलेगा। कहा मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का श्रेय खूंटी को भी मिले इसके लिए अर्जुन मुंडा को भारी मतों से जितायें।



## गांव गांव, घर-घर पहुंचे कार्यकर्ता: कोचे मुंडा

लोकसभा संयोंजक विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है दस वर्षों में जो हुआ वो केवल एक ट्रेलर था, देश को बहुत आगे लेकर जाना है। विकसित भारत बनाने के लिए मोदी को जीताना हम सभी का दायित्व है। उन्होने कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों को मोदी की उपलब्धियों को बतायें। चुनाव प्रभारी अरूण चंद्र गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ पार्टी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में काम करने को कहा। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पुरेन्द्र मांझी ने किया। इस मौके पर तोरपा, रनिया, कर्रा,बानो चारों प्रखंड के पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसमें मुख्य रूप से कृपासिंधु बेहरा, तुलसी भगत, ब्रजेन्द्र हेमरोम, अजीत तोपनो, निखिल कंडुलना, रामानंद साहु, रामध्यान सिंह, शिवराज बडाईक, कामेश्वर सिंह, कलीम खान, कृष्णा भगत, विनोद धान, जोनिका गुडिया, गंदौरी गुडिया, संतोषी तोपनो आदि उपस्थित थे।

## सड़क हादसा में एक व्यक्ति घायल



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** रांची टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के बुंडू थाना क्षेत्र स्थित टॉल प्लाजा के पास प्रात लगभग 6 :30बजे मारुति स्विफ्ट संख्या डब्लू बी 06के 9659 धक्के से मोटरसाइकिल सवार वारिक मंसूरी उम्र 58वर्ष ग्राम छोट कोलमा, एदेलहातु, थाना बुंडू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को बुंडू अनुमंडतीय अस्पताल ने प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रांची रेफर किया गया जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी बताया जाता है कि वारिक अंसारी बुंडू नगर से अपना घर लौट रहा था। इस संबंध में थाना में वाहन मालिक के विरुद्ध एक मामला दर्ज किया गया है। मृतक व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दी गयी है।

## दिवाकर महतो 94.6 प्रतिशत लाकर टॉपर बने



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मैट्रिक में भास्कर सरस्वती विद्या मंदिर प्रधान नगर बुंडू के दिवाकर महतो 94 .6 प्रतिशत लाकर बुंडू प्रखंड में टॉपर बना। भास्कर विद्यालय में इस सत्र 2023-24 में भी 100 प्रतिशत परिणाम हुआ। जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में कुल 134 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें से 117 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए तथा तृतीय श्रेणी में 17 छात्र सफल हुए। विद्यालय स्तर में दूसरा स्थान समीर मुंडा 91.02 प्रतिशत, तीसरा स्थान सुमित कुमार महतो 90 .8 प्रतिशत, चौथा स्थान बालकृष्ण मुंडा 89 .2 प्रतिशत लाकर विद्यालय का नाम पूरे पांच परगना में रोशन किया। भास्कर सरस्वती विद्यालय के प्रधानाध्यापक धनंजय महतो और सभी शिक्षक शिक्षिका सभी सफल विद्यार्थियों बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य कामना की है।

# 460 अंक प्राप्त कर प्राची कुमारी बनीं स्कूल टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** झारखंड माध्यमिक परीक्षा 2024 मे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल और कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल से कुल 122 छात्र-छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें से 73 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी,46 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी और तीन विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। स्कूल के बच्चों का परिणाम इस वर्ष शत प्रतिशत रहा। स्कूल द्वारा जारी सूचना के अनुसार प्राची कुमारी 460 अंक प्राप्त कर स्कूल की टॉपर बनी है। वही 451 अंकों के साथ टिवंकल कुमारी दूसरे और 445 अंकों के साथ सोनम कुमारी तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह रिमझिम कुमारी 438 अंक, वंदना कुमारी 436 अंक, रिया रानी 435 अंक,अंशु कुमारी 434 अंक, पूजा कुमारी 432 अंक, दीपिका कुमारी 430 अंक,नंदनी कुमारी 428 अंक, रंजन कुमार 428 अंक, नोजीत कुमार 428 अंक, पम्मी कुमारी 425 अंक, विकास कुमार 425 अंक,उर्वशी कुमारी 425 अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विषयवार में टिवंकल कुमारी हिंदी में 92 अंक, उर्वशी कुमारी अंग्रेजी में 92 अंक, विकास कुमार गणित में 96 अंक, प्राची कुमारी विज्ञान में 94 अंक और सामान्य विज्ञान मे 86 अंक,सोनम कुमारी संस्कृत में 94 अंक प्राप्त किया है।

बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल के प्रधानाचार्य गणेश कुमार महतो ने परीक्षा में सफल सभी बच्चों को बधाई दी है और आगे उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की है।

# अर्जुन मुंडा ने चुनावी दौरा किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** खुटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह केन्द्रीय मंत्री व भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा ने आज अड़की व तमाड़ इलाके में तुफानी दौरा किया। यह चुनावी कार्यक्रम सुदूर अड़की प्रखंड के बारीगाडा राउता तक देर रात चलता रहा माओवादियों का गढ़ कभी यह रहा है यहां का जन मानस अब मुख्य धारा में जुड़ चुका है आजादी के बाद पहली बार किसी केन्द्रीय मंत्री ने आज दस्तक दीया आज पहले अड़की सांसद प्रतिनिधि अनुप कुमार साहू के आवास में सर्वदलीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया और सभी प्रमुख लोगों के साथ संबाद स्थापित किया और एक दूसरे से रुबरू हुए इसमें विभिन्न पार्टियों के नेता व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत की अपील किया इसके बाद चैनपुर गांव में ग्रामीणों के साथ अपनी बातों का समन्वय स्थापित किया और ग्रामीणों के साथ गांव की समस्या का बात किया उन्होंने कहा कि मोदी के हाथों को मजबूत करें इसके बाद कोटा मोड़ में भगवान बिरसा मुंडा की मुरती पर माल्यार्पण किया फिर बारीगाडा रास्ता में छौ नाच में भाग लिया फिर सारजमडीह गांव में पुर्व मुखिया के घर में कार्यकर्ता से मिले इस अवसर पर अनुप कुमार साहू, लछमन मुंडा, मोती पात्रर, परमेश्वरी शांडिल, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, विजय मानकी, उमाकांत मानकी, गोपाल कृष्ण, पातर मोहन सिंह मुंडा, दिपक सिंह मुंडा, महाविर सोनी, विवेक गुप्ता, जगदीश गुप्ता, हीरालाल दास, शिव चरण मुंडा, चैतन पुरान सत्य नारायण मुंडा, राज कुमार गुप्ता, प्रदीप साहु, आदि मुख्य रूप से मौजूद हुए।

## मुस्कान कुमारी पांडेय को 96 प्रतिशत अंक मिला



**मुरी (आजाद सिपाही)।** आईटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर मुरी की छात्र मुस्कान कुमारी पांडेय 96प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण होकर इस साल की दसवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय टॉपर बनी इस साल दसवीं बोर्ड परीक्षा में 196 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 181 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में एवं 15 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए प्रथम स्थान पाने वालों में सिंगपुर निवासी मुस्कान कुमारी पाण्डेय 96प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रोहित कुमार महतो 95प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर नीलम कुमारी 95प्रतिशत लकार विद्यालय के नाम रोशन किया बच्चों की सफलता के लिए विद्यालय के प्राचार्य तुलसी दास महतो और विद्यालय के निर्देश शोभाराम महतो उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भाजपा एसटी मोर्चा की हुई बैठक



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** भाजपा एसटी मोर्चा की बैठक लपरा पंचायत के लरबेधवा में हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष रविन्द्र मुंडा ने किया। बैठक में मोर्चा के खलारी प्रभारी किरण देवी उपस्थित थी। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। जिसमे लोकसभा चुनाव में एसटी मोर्चा की भी अहम भूमिका है। एसटी मोर्चा के माध्यम से गांव गांव में आदिवासी समाज के बीच यह जानकारी देना है कि भाजपा की केंद्र सरकार के द्वारा आदिवासियों के विकास एवं उनके सम्मान के लिए किए गये कार्यों को एसटी मोर्चा के माध्यम से जन जन तक पहुचाना है। बैठक में विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, महामंत्री अनिल गंझु, उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहू, शशि प्रसाद साहू, सुबोध रजक, रामधारी गंझु, हरि पाहन, काली उरांव, कुलदीप प्रसाद साहू, पंकज भगत, राजू मुंडा, अनिल कुमार तुरी, रामजनम राम मौजूद।

# सुशांत दास सोनाहातू के प्रखंड टॉपर



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सोनाहातू के सुशांत कुमार दास 93.80 प्रतिशत अंक के साथ प्रखंड टॉपर हुआ है। सूर्या कुमारी 89.40 प्रतिशत,वीणा कुमारी 84.40 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल की टॉपर हुई है। राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय लांदुपडीह की छात्र राहुल कुमार स्वांसी 91.20 प्रतिशत, जिया कुमारी 90.80 प्रतिशत, सुप्रिया मुंडा 89.60 प्रतिशत अंक लायी है। आदिवासी हाई स्कूल दुलमी बोंगादार के प्रिया कुमारी 85.80, सचिन मांझी 82.20 था कैलाश महतो 82 प्रतिशत अंक लाये है। इन छात्रों की सफलता पर राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय लांदुपडीह के प्राचार्य रुबेल लकड़ा, शिक्षक विंदेशवर महतो, उमाकांत स्वांसी, राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सोनाहातू के प्रधानाध्यापक रामेशवर सेठ, दीपक महतो, खितिश कुमार महतो आदि ने बधाई दी है और इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इधर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू की 71 छात्राओं में 68 छात्राएं प्रथम श्रेणी से पास और 3 छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। विद्यालय की सुमन कुमारी और सुलेखा कुमारी संयुक्त रूप से 88.60 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय की टॉपर बनी है। उषा रानी कुमारी 86.40 प्रतिशत, पूर्णिमा कुमारी 86 प्रतिशत लायी है। छात्राओं के प्रदर्शन पर वार्डेन शशि बाड़ा, शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो, सौरभ सिंह और कृष्ण चंद्र महतो ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कलश यात्रा में शामिल हुईं अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडू पंचायत के ग्राम किरीगढ़ा में श्री श्री 1008 शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ शुक्रवार से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। जानकारी के अनुसार यज्ञ स्थल से कलश यात्रा की शुरूआत की गई जो पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए नदी पहुंची, जहां पूजा अर्चना के बाद विधिवत कलश में जल भरा गया। जिसके बाद कलश यात्रा वापस यज्ञ स्थल पहुंचकर कलश की स्थापना की। कड़ी धुप और उमस भरी गर्मी के बावजूद कलश यात्रा में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ देखी गयी। इधर बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद भी कलश यात्रा मे शामिल हुई। इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद का यज्ञ समिति के द्वारा भगवा वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। जिसके बाद विधायक अंबा प्रसाद भी श्रद्धालु भक्तों के साथ कलश यात्रा में शामिल होकर गांव का भ्रमण कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। इस संबंध में विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र राज्य और देश की खुशहाली और सुख शांति के लिए यज्ञ का आयोजन किया जाता है। साथ ही ग्रामीण इलाकों में महायज्ञ होने से लोगों को धार्मिक ज्ञान मिलता है। उन्होंने क्षेत्र राज्य और देश की सुख शांति उन्नति और खुशहाली की कामना की।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता, उमेश यादव, सुरेन्द्र करमाली, आलोक महतो, बसंत गुप्ता, तेजनाथ महतो, संतोष महतो, विजय महतो के अलावा यज्ञ समिति के भुवनेश्वर महतो, राजेश महतो, फुलेश्वर महतो, रामेश्वर महतो, सरवन महतो, कृष्णा महतो, गणपति महतो श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।



## 14 वर्षों से फरार नक्सली बोदन मुंडा गिरफ्तार




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नक्सलियों और पीएलएफआइ उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। पुलिस ने शुक्रवार को 14 वर्षों से फरार नक्सली बोदन मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। वह अड़की थाना क्षेत्र के गितिलबेड़ा गांव का रहने वाला है। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक द्वारा शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि फरार नक्सली बोदन मुंडा किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से अपने गांव गितिलबेड़ा आया हुआ है। उन्होंने सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए सीडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। छापामारी टीम द्वारा गितिलबेड़ा में नक्सली बोदन मुंडा के घर की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# अंजली लकड़ा ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** झारखंड अधिविद्य परिशद द्वारा आयोजित मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2024 का परिणाम षुक्रवार को जारी किया गया। षांतिनगर स्थित आदर्ष उच्च विद्यालय का परीक्षा परिणाम 90.65 प्रतिषत रहा। विद्यालय के कुल 107 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मलित हुए थे, जिसमें 97 उर्तीण, 09 मार्जिनल हुए। विद्यालय की छात्राओं का बेहतरीन प्रदर्षन रहा। विद्यालय की छात्रा अंजली लकड़ा 422 अंक प्राप्त कर 84.40 प्रतिषत के साथ विद्यालय की टॉपर बनी। अंजली को अंग्रेजी में 71 गणित में 77, हिन्दी में 95, सामाजिक विज्ञान में 84, विज्ञान में 81 और संस्कृत में 85 अंक प्राप्त हुए है। वहीं विद्यालय के टॉप टेन बेहतर प्रदर्षन करने वाले छात्रों में सानु प्रिय को 80.60 प्रतिषत, रेशम गुड़िया 80.60 प्रतिषत, पिंकी कुमारी को 80.40 प्रतिषत, नवनीत कुमार पासवान को 79.80 प्रतिषत, नाजमी परवीन को 78.80 प्रतिषत, रूना कुमारी को 78.20 प्रतिषत, संजना कुमारी को 77.20 प्रतिषत, गुलनाज परवीन को 74.80 प्रतिषत, सोनम कुमारी यादव को 72.60 प्रतिषत तथा निखिल लकड़ा को 72.20 प्रतिषत अंक मिले। विद्यालय के 64 छात्र प्रथम श्रेणी में, 32 छात्र द्वितीय श्रेणी में तथा तृतीय श्रेणी में 01 छात्र उर्तीण हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर ऑस्कर टॉप्पो ने सभी उर्तीण छात्रों को उज्जवल भविश्य की कामना की।

# अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ तीन दिवसीय रामनवमी महोत्सव संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** केंद्रीय रामनवमी महासमिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रामनवमी महोत्सव अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। नेताजी चौक में रात भर चली प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विभिन्न अखाड़ों खिलाडियों न करतब दिखाये। मौके पर विजेता मंडलियों को पुरस्कृत करते हुए ासमिति के अध्यक्ष ज्योतिष भगत एवं कार्यकारी महामंत्री मुकेश जायसवाल ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के बताए मार्ग पर चलना ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। अस्त्रशस्त्र चालन प्रतियोगिता में अतिथि मंडलियों में श्री महावीर मंडल कडरू रांची को प्रथम, सरना समिति पुंदाग रांची को द्वितीय एवं फ्रेंड क्लब बड़कागढ़ रांची को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्थानीय मंडलियों में वर्दी मेरा जुनून की महिला टीम को प्रथम, यंग स्टार क्लब मोहना टोली और जयश्री तुलसी मंडली शिवालय रोड खूंटी को द्वितीय एवं युवा क्रांति मंडली रेवा को तीसरा पुरस्कार मिला। झांकी में प्रथम स्थान क्रांतिकारी युवा मोर्चा मिश्रा टोली खूंटी, मिलन क्लब को द्वितीय स्थान, यंग स्टार क्लब मोहना टोली खूंटी की झांकी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। नगर सज्जा के लिए प्रथम पुरस्कार मिलन क्लब खूंटी, द्वितीय पुरस्कार राम सेवा समिति को मिला, तृतीय पुरस्कार यंग स्टार क्लब मोहना टोली खूंटी को दिया गया। चार दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव में विशेष आकर्षण और सहयोग के लिए विशेष पुरस्कार महावीर मंडल भठठी रोड, विशाल शक्तिशाली युवा मोर्चा, न्यू स्वतंत्र महावीर मंडली दतिया एवं यंग मोनार्क क्लब नेताजी चौक खूंटी को दिया गया। पूरे आयोजन में अनुशासित तरीके से शामिल होने के लिए स्टार क्लब चौधरी तालाब खूंटी की मंडली को पुरस्कृत किया गया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में समिति के संरक्षक संजय मिश्रा और संजीव चौरसिया थे। इससे पूर्व अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ संरक्षक संजय मिश्रा ने तलवार भांजकर किया। कार्यक्रम का संचालन कुमार सौरभ,लव चौधरी एवं सुनील साहू ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन को सफल बनाने में महासमिति के अध्यक्ष ज्योतिष भगत, कार्यकारी महामंत्री मुकेश जायसवाल, संरक्षक संजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष बजरंग बाहेती,मनीष भगत, दामोदर प्रसाद गुप्ता, श्रीराम साहू आदि ने सहयोग किया।



## हर विधानसभा क्षेत्र में प्रवास करें अजजा मोर्चा के पदाधिकारी: शिव शंकर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा के जिला कार्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय मुंडा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजजा मोर्चा शिवशंकर उरांव ने लोकसभा चुनाव कों लेकर कार्यकताओं को कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि खूंटी लोकसभा के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से मोर्चा के पदाधिकारी प्रवास करें। खूंटी विधानसभा सह संयोजक जगन्नाथ मुंडा, सरायकेला जिला अध्यक्ष संजय सरदार, सिमडेगा जिला अध्यक्ष बसंत मांझी, सुजान मुंडा, सोशल मीडिया आइटी सेल संयोजक डॉ श्रीराम कुमार मांझी, सह संयोजक अनिल बोदरा, लालसिंह सोय, रीता मुंडा, बासमती देवी, लक्ष्मी बाखला, अर्जुन पहान, अखिल भारतीय सरना समिति के अध्यक्ष भीम सिंह मुंडा, लीलू पाहन, अजजा मोर्चा जिला महामंत्री सुदर्शन भोगता आदि उपस्थित थे।

# श्रुति कुमारी बनीं राहे प्रखंड की टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता



**राहे।** झारखंड बोर्ड के मैट्रिक परीक्षा में राहे प्रखंड के परिणाम शतप्रतिशत रहा। हाई स्कूल राहे की छात्रा श्रुति कुमारी 93 प्रतिशत अंक लाकर पूरे प्रखंड की टॉपर बनी बनी है।स्कूल के सरोज कुमार मुंडा 92 प्रतिशत तथा मनीषा कुमारी 87 प्रतिशत अंक लायी है। झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे का परिणाम शतप्रतिशत रहा है। 52 छात्राओं में 45 छात्रायें प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुई है। लिया कुमारी सिंह 82.40 प्रतिशत के साथ स्कूल टॉपर हुई है। वार्डन परमेश्वरी कुमारी, शिक्षिका बिमला कुमारी ने शुभकामनाएं दी है। सर्वोदय स्कूल राहे का सचिन कुमार महतो ओर देव कुमार महतो 89.80 प्रतिशत चंदन कुमार महतो 88.60 प्रतिशत और भाग्यश्री प्रिया 87.80 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉपर हुई है। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल के सफलता पर निदेशक सुनील कुमार महतो, प्रधानाचार्य श्री ज्ञान महतो, प्रबंधक हराधन महतो ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की शुभकामनाएं दिये।

## सीआरपीएफ और पुलिस अधिकारियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** आसन्न लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में शुक्रवार को पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें डीएसपी, पुलिस इंस्पेक्टर, पीएसआई, एएसआई एवं सीआरपीएफ के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद कार्य संपादन एवं दायित्वों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने से पहले और बाद में उम्मीदवारों की सुरक्षा के साथ-साथ पूरी मतदान मशीनरी और चुनाव सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की जिम्मेवारी होती है। चुनाव के दौरान पुलिस की भूमिका एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल बनाना है, जहां मतदाता बिना किसी हस्तक्षेप या भय के वोट देने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर सकें।

## जैक मैट्रिक की परीक्षा में प्रखंडों में दिखा बेटियों का जलवा, शुरू हुआ शुभकामनाओं का दौर

# 95 फीसदी अंक के साथ बेड़ो मॉडल स्कूल की छात्रा अनोखी टंडन बनीं प्रखंड टॉपर

**आजाद सिपाही टीम**

**बेड़ो।** जैक की ओर से शुक्रवार को घोषित मैट्रिक परीक्षा 2024 में मॉडल स्कूल की छात्राओं ने परचम लहराया है। अनोखी टंडन 95 प्रतिशत लाकर प्रखंड टॉपर बनी हैं। जबकि इसी स्कूल की ज्योतिका कुमारी ने 92 प्रतिशत लाकर प्रखंड में दूसरे स्थान पर रही। जबकि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का अंशदीप सिंह 91 प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान पर रहा। वहीं इस साल भी मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड की बेटियों ने अपना परचम लहराते हुए प्रखंड के टॉप 10 में अपना दबदबा बरकरार रखा है।

टॉप 10 सूची में नौ बेटियों ने अपना नाम दर्ज कराया है। ऐसा करके छत्राओं ने साबित कर दिया है कि उन्हें माहौल और मौका मिले तो वो किसी से कम नहीं हैं।

## 94.2 फीसदी अंक के साथ पिठोरिया के प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय की रहनुमा परवीन टॉपर, कोमल दूसरे स्थान पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**पिठोरिया।** झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा 2024 का परिणाम जारी किया गया। इसमें पिठोरिया के प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। रहनुमा परवीन 94.2 प्रतिशत लाकर टॉपर बनीं। इसके साथ ही विद्यालय के 26 वर्ष के इतिहास को तोड़कर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने का रेकार्ड अपने नाम कर ली। बतातें चलें कि रहनुमा परवीन यह मुकाम स्वध्याय से प्राप्त की है। वहीं द्वितीय स्थान में कोमल कुमारी 94 प्रतिशत, प्रियंका कुमारी व श्रेया केशरी 93.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान, अमृता कुमारी चतुर्थ स्थान और तनु कुमारी 92 प्रतिशत लाकर पंचम स्थान पर रही। विद्यालय के कुल 58 छात्रों में से 52 प्रथम श्रेणी और छह द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 10 छात्रों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुआ। विद्यालय से अब तक कुल 1138 छात्र मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके हैं, जिसमें 756 प्रथम श्रेणी, 342 द्वितीय श्रेणी और 40 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के निदेशक सुजीत कुमार केशरी, शेखर कुमार और दीपक चौरसिया ने छात्रों की सफलता पर छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी है। प्राचार्य उमेश नारायण सिंह, प्रधानाध्यापक करम सिंह महतो, विंसेंट सोरेन प्रधानाध्यपिका हेंनरिता मिंज, कलावती कुमारी व मुक्ति खलखो ने छात्र-छात्रओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## हेसल के जीपी मध्य-उच्च विद्यालय का मैट्रिक का रिजल्ट शत-प्रतिशत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** हेसल के जीपी मध्य और उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता अर्जित की है। छात्रा संध्या कुमारी 89. 60 फीसदी अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। संध्या को हिंदी में 84, अंग्रेजी में 86, गणित में 91, विज्ञान में 94, सामाजिक विज्ञान में 82 एवं संस्कृत में 90 अंक प्राप्त हुए। वहीं, राहुल महतो 89.20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय टॉपर रहा। जबकि रिया कुमारी 8860 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय, शिवानंद पहान 88. 40 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ और सोनू कुमार महतो 88.20 अंक लाकर पांचवा टॉपर रहा। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव डॉ अमर कुमार चौधरी एवं प्राचार्य ब्रजेश कुमार महतो ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। कहा कि यह उपलब्धि सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं अभिभावकों के सम्मन्वित प्रयास से हासिल हो पाया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## विकास विद्यालय सिरका का मैट्रिक में अच्छा प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका विकास विद्यालय का मैट्रिक रिजल्ट अच्छा रहा। यहां के विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत सफलता अर्जित की। कुल 26 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 21 प्रथम और पांच द्वितीय श्रेणी से पास हुए। छात्र दिनेश महतो 83. 6 फीसदी अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना। वहीं दीपक महतो 79. 8 अंक के साथ द्वितीय टॉपर और ब्रजेश चौधरी 79 फीसदी अंक के साथ तृतीय टॉपर बना। विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक डॉ अमर चौधरी, सचिव जगेश्वर महतो एवं प्राचार्य बलराम महतो ने रिजल्ट पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## टाटीसिलवे के कमला नेहरू बालिका उच्च विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** जय प्रभा कमला नेहरु बालिका उच्च विद्यालय टाटीसिलवे की छात्राओं ने जैक बोर्ड मैट्रिक 2024 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। छात्राओं ने परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। छात्रा रागिनी कुमारी 90 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, पूजा कुमारी 84.20 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय और काजल कुमारी 75.20 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रही। वहीं, विद्यालय की शिक्षिका अर्चना मिश्रा ने बच्चों व उनके अभिभावकों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। आजाद सिपाही से बात करते हुए बताया कि इससे पहले भी परीक्षा में शामिल छात्राएं शत प्रतिशत सफलता हासिल की थी।

## नगड़ी में ट्रेन से कट कर किशोर की मौत

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के एडचोरो रेलवे फाटक के समीप ट्रेन से कटकर एक किशोर की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की सुबह नौ बजे के आसपास बताई जा रही है। मृतक की पहचान नगड़ी के लददा गांव निवासी जॉनसन खलखो (19) के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि वह रांची से सासाराम जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया। वह कान से कम सुनता था।

## सरना आदिवासी व महादेव उरांव विकास मिडिल-उच्च विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत, 94.40 फीसदी अंक के साथ वनशिखा टॉपर

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी केसारो स्थित सरना आदिवासी एवं महादेव उरांव विकास मीडिल एवं उच्च विद्यालय का मैट्रिक का रिजेल्ट शुक्रवार को प्रकाशित हुआ, जो शत प्रतिशत रह। विद्यालय के 10 विद्यार्थी टाप 10 में स्थान पक्का किए। इसमें 94.40 फीसदी अंक के साथ वनशिखा रानी टॉपर रही। जबकि प्रियंका कुमारी 93.60 फीसदी, संस्कार चौधरी 93 फीसदी, सोनम कुमारी 92.40 फीसदी, श्वेता कुमारी 92.20 फीसदी, विरेंद्र कुमार 92.20 फीसदी, रागिनी कुमारी 91.60 फीसदी, कनक कुमारी 90.40 फीसदी, सम्यक राज 89.60 फीसदी और शिवानी कुमारी 88.20 फीसदी अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक बिरसा मिंज ने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई किए और इनकी विद्यालय में उपस्थिति भी अच्छी थी। उसी का परिणाम है कि हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राएं टॉप में रही और विद्यालय का नाम रोशन किया। हमलोग उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। वहीं प्रिंसिपल सुशीला कश्यप ने कहा कि विद्यालय परिवार ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा देने और उसके बेहतर भविष्य के लिए अग्रसर रूप से कार्य कर रही है।

## चान्हो और मांडर प्रखंड के स्कूलों का शानदार प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चान्हो/मांडर।** मैट्रिक परीक्षा में चान्हो और मांडर प्रखंड के विद्यालय का रिजल्ट शानदार रहा। शुक्रवार को जैक बोर्ड का रिजल्ट प्रकाशित हुआ जिसमें आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के विद्यार्थी तारिक अनवर और नवसबा प्रवीन ने 452 अंक (90.40 फीसदी) लाकर स्कूल का टॉपर बने। वहीं, प्रियंका कुमारी 86.60 फीसदी लकार दूसरे और खुशी कुमारी 421 अंक (84.20 फीसदी) लाकर तीसरे स्थान पर रही। बतातें चलें कि इस स्कूल से कुल 39 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा दिया था। जिसमें 35 छात्र-छात्राएं प्रथम और 4 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। स्कूल के निदेशक व प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, सनराइज पब्लिक स्कूल टांगर का रिजल्ट भी शत प्रतिशत रहा। आयुष राज विद्यालय टॉपर रहा जिसे 94.4 फीसदी अंक प्राप्त किया। वहीं मांडर स्थित अमेरिकन पब्लिक स्कूल पुनगी मोड़ का शानदार प्रदर्शन रहा। मंजीत भगत ने 445 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बने। द्वितीय टॉपर, शोएब अंसारी ने 443 अंक प्राप्त किया। तृतीय टॉपर आयान अंसारी ने 435 अंक प्राप्त किया। बतातें चलें कि 120 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 110 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शेष 10 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल का भी रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। निदेशक अलोक विपिन टोप्पो ने विद्यार्थियों को बधाई दिया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**अनगड़ा।** गेतलसूद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में शानदार प्रर्दशन किया। शुक्रवार को जारी हुआ स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। कुल 57 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें 28 प्रथम श्रेणी, 23 द्वितीय और तीन तृतीय श्रेणी से उर्तीण हुए। स्कूल की छात्रा मोनिका कुमारी 8768 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय की टॉपर बनी। वहीं प्रियंका कुमारी 8160 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय टॉपर और प्रियसंका कुमारी 81. 20 फीसदी अंक के साथ तृतीय टॉपर बनी। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र उरांव, सचिव विगेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष अनुप कुमार पांडेय एवं प्राचार्य सेवाराम महतो ने परीक्षा परिणाम को बेहतर बताते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ओरमांझी के बारीडीह में लगा रामनवमी मेला, अस्त्र-शस्त्र खेल का प्रदर्शन

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भगवान के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत : प्रो आदित्य साहू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ओरमांझी।** प्रखंड के बारीडीह में राम नवमी झंडा मिलन मेला सह अस्त्र शस्त्र खेल प्रर्दशन का आयोजन बारीडीह वीर बजरंग मेला समिति की ओर से किया गया। जिसका उद्‌घाटन पूर्व लोकसभा सांसद रामटहल चौधरी और राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, सांसद संजय सेठ, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रमुख अनुपमा देवी, सरिता देवी, बीडीओ विजय कुमार, सीओ नितिन शिवम गुप्ता, थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह, रांची विश्व विद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार अमर कुमार चौधरी, पूर्व खादी बोर्ड सदस्य अमरनाथ चौधरी, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहू, पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, मुंतजिर अहमद राजा, डॉ पारस नाथ महतो की ओर से अस्त्र शस्त्र खेल में बेहतर करने वाले गांवों की टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि हम सबों को भगवान श्री राम के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। मोदी जी ने राम राज्य का सपना हम सभी को दिखाया है, जो साकार हो सकता है। मेले के सफल आयोजन में अध्यक्ष मानकी राजेंद्र शाही, सचिव सिकंदर महतो, कोषाध्यक्ष चंद्र नायक, मीडिया प्रभारी शारदा प्रसाद, उप सचिव अशोक नायक, उपाध्यक्ष सोहराई महतो, शिव चरण नायक, विजय महतो, सुजीत नायक, कोषाध्यक्ष पन्नालाल प्रजापति आदि का योगदान रहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## 86.6 फीसदी अंक प्राप्त कर सोफी परवीन बनीं स्कूल टॉपर

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** मैट्रिक परीक्षा में प्रस्तावित उच्च विद्यालय सुकुरहुटू के छात्रों का प्रदर्शन बेहतर रहा। 86.6 फीसदी अंक प्राप्त कर सोफी परवीन स्कूल टॉपर बनी। वहीं, मनीषा कुमारी 86.4 फीसदी अंकों के साथ दूसरे और 85.4 फीसदी अंक लाकर अमन कुमार ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह निशा कुमारी को 84.6 फीसदी अंक प्रास हुआ। रानी कुमारी की 79 फीसदी और राधा कुमारी 77.4 फीसदी अंक प्राप्त हासिल किया। प्राध्यापक मुकेश रंजन ने विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवन भविष्य की कामना की है।

## प्रेमचंद हाई स्कूल मेसरा के विद्यार्थियों ने मारी बाजी, शत प्रतिशत छात्र हुए पास




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रेमचंद हाई स्कूल मेसरा के विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में बाजी मार ली है। स्कूल के 140 विद्यार्थियों ने इस बार मैट्रिक परीक्षा दी थी, जिसमें से 80 विद्यार्थि ने प्रथम श्रेणी और 60 विद्यार्थि द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सर्वाधिक अंक लाने वालों में अमीषा कुमारी 92 फीसदी, पुरुषोत्तम कोल 91 फीसदी, धीरज महतो 87फीसदी, विशाल कुमार 85 फीसदी, आर्यन राज 82 फीसदी आदि शामिल हैं। वहीं, विद्यार्थियों द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने पर प्राचार्य उपेंद्र कुमार सिंह और सचिव संजय कुमार ने छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी।

## लापुंग प्लस टू उच्च विद्यालय का रिजल्ट 85 फीसदी



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय का रिजल्ट 85 फीसदी रहा। छात्रा रूबी कुमारी और छात्र विवेक कुमार ने 426 अंक (85.20 प्रतिशत) लाकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, गुंजाईर कुजूर 423अंक के साथ द्वितीय, रूपाली कुमारी 422 अंक के साथ तृतीय, 419 अंक लाकर प्रीतम सोनी चतुर्थ व 413 अंक लाकर शिल्पा कुमारी ने पांचवा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रथम स्थान 74, द्वितीय स्थान 93, तृतीय स्थान 19 विद्यार्थी कुल 224 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। उसमें 38 असफल रहे। उन्हें परीक्षा में पुनः शामिल होने का मौका मिलेगा। यह जानकारी प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार राय ने दी।

## रायगढ़ स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से बेड़ो के मजदूर की हुई मौत



**बेडो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरटोली गांव निवासी सोमनाथ उरांव (22) की रायगढ स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस बाबत रायगढ जीआरपी में पत्नी के बयान पर मामला दर्ज की गई है। मृतक की पत्नी जुलिया उरांव ने बताया कि दो महीना पूर्व बिमलेश के साथ लोहा फैक्ट्री में काम करने के लिये सोमनाथ गोवा गया था। वहां से ट्रेन से वापस घर लौटने के क्रम में बुधवार को रायगढ स्टेशन पर नास्ता लेने के लिये उतरा था। तभी ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। इधर, मुखिया वीरेंद्र भगत, उप मुखिया जितिया उरांव व वार्ड सदस्य सन्नी उरांव की पहल पर शुक्रवार को शव गांव लाया गया। देर शाम गांव के मसना में अंतिम संस्कार की गई।

## इटकी में स्थापित श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण और वीर हुनमानजी की प्रतिमा का विसर्जन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर स्थित पंडाल में नवान्ह परायण महा यज्ञा के निमित स्थापित श्रीराम, माता जानकी, भाई लक्ष्मण और महा बली हनुमान जी की प्रतिमा को शुक्रवार को एक शोभा यात्रा निकाल कर वनिया तालाब में विसर्जित किया गया। शोभायात्रा श्री जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर इटकी बाजार, महाबीर चौंक होते बनिया टोली स्थित तलाब पहुंचा। पंडित शत्रुघ्न पांडेय द्वारा महा आरती के बाद सभी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा में यज्ञ समिति के अध्यक्ष कृष्णा राम तिवारी, संरक्षक लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, देवेंद्र महतो, कार्तिक महतो, विंदे भगत, जितेंद्र महतो, पंचम महतो व दिवाकर शाही आदि थे।

## नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को विदाई



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** चैती दुर्गा पूजा की विसर्जन शोभायात्रा शुक्रवार को ओरमांझी दुर्गा महादेव मंदिर से निकाली गई। इससे पहले महिलाओं द्वारा मां दुर्गा की खोईछा भर विश्व में खुशहाली व शांति की कामना की गई। इसके बाद नाचते-गाते गांव का भ्रमण करते हुए मां की प्रतिमा को ओरमांझी तालाब में विसर्जित किया गया।

## मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कल

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** शहीद जीतराम बेदिया के शहादत दिवस के अवसर पर जयराम स्पोंटस एकेडमी बीसा अनगड़ा के तत्वावधान में 21 अप्रैल को मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह दौड़ सुबह 6 बजे गेतलसूद से शुरू होगी। प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग के लिए 5 किमी और महिला वर्ग के लिए 3 किलोमीटर रखा गया है। इसकी जानकारी एकेडमी के अध्यक्ष जयराम बेदिया ने दी।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पलामू लोस के बूढ़ा पहाड़ स्थित हेसातू के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया

# बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में इस बार उत्साह के माहौल में मतदाता करेंगे मतदान: के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के अति दुर्गम क्षेत्र स्थित बुढ़ा पहाड़ के मतदाता इस बार पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे। इसके लिए क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण है। क्षेत्र सुरक्षित हुआ है और शांति व्यवस्था कायम है। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कही। वे शुक्रवार को बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसातु स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बाइक से करीब 3.30 किलोमीटर की दूरी तय कर मतदान केंद्र पर पहुंचे थे। उन्होंने मतदान केंद्र पर तैनात बीएलओ/पर्यवेक्षक एवं स्थानीय मतदाताओं से बातचीत की। उनकी समस्याओं को सुना। मतदान केंद्र पर न्यूनतम सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय एवं अन्य न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से मतदान के दिन भयमुक्त होकर मत देने का अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हालात अब बदले हैं। सुरक्षा बलों एवं जवानों की मेहनत से यह क्षेत्र भयमुक्त हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में पहले भी मतदान होता था, लेकिन मतदाता छिप-छिप कर मतदान करने जाते थे, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाता सिर पूरी तरह भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन के तहत खाना परोसकर भी खिलाया। साथ ही मतदान केंद्र की कमियों को दूर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतदान केंद्र के निरीक्षण में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इंद्रजीत महथा, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय और स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्त सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धीरज और शिवम बने झारखंड बोर्ड 10वीं में हुसैनाबाद अनुमंडल टॉपर

**विधायक कमलेश सिंह व जिप सदस्य सहित सभी ने की उज्जवल भविष्य की कामना**

आजाद सिपाही संवाददाता



अनुमंडल टॉपर धीरज को मिठाई खिलाता बड़ा भाई।

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के महुअरि पंचायत के दुल्हर गांव निवासी धीरज मेहता व हैदरनगर प्रखंड के बैराव निवासी शिवम कुमार पाल ने झारखंड बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में 476 अंक लाकर क्षेत्र में प्रथम व जिले के टॉप-10 में स्थान लाकर नाम रौशन किया है। दुल्हर गांव निवासी किसान कुलदीप मेहता व झुबली देवी के छोटे पुत्र धीरज मेहता ने स्थानीय सरस्वती शिशु बिद्या मंदिर से मैट्रिक की परीक्षा दी थी। जिसमें शुक्रवार को जारी परिणाम में 95.02 अंक अर्जित किया है। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को देते हुए धीरज ने बताया कि ईमानदारी से मेहनत करने पर निश्चित तौर पर बेहतर सफलता मिलती है। वह इंजीनियरिंग की क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहता है। वहीं, धीरज की सफलता पर उसके पिता कुलदीप मेहता ने खुशी व्यक्त की। कहा कि वह शुरू से ही अपने कार्यो के प्रति सजग रहा है। मुझे उम्मीद थी कि अच्छा अंक प्राप्त करेगा। वहीं, बैराव के अखिलेश पाल व चंदमुनि देवी के पुत्र शिवम कुमार पाल ने भी 95.02 अंक लाकर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता पर विधायक कमलेश कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी, समाजसेवी बिमलेश पासवान, नीरज मेहता, सरस्वती बिद्या मंदिर के प्रधानाचार्य कुश जी पांडेय, सचिव राकेश तिवारी, अध्यक्ष डॉ शिव प्रसाद मेहता, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, शिक्षक राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, हर्षदा चौबे, छाया कुमारी, सुनील कुमार आदि ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अग्निशमन विभाग ने समता स्कूल में चलाया जागरूकता अभियान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में अग्निशमन विभाग की ओर से शुक्रवार को अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता के लिए अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर अग्निशमन पदाधिकारी रामायंश सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना है। साथ ही आग रोकथाम पर ध्यान देना है। इसके तहत लोगों को अग्निशमन और बचाव के तरीके और फायर सेफ्टी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि गर्मी में अग लगने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर मोहन चौधरी, चुरमन महतो, विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान, अध्यक्ष विनोद चौधरी, सचिव संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद सिंह आदि उपस्थित थे।

### रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत, सुजीत बना टॉपर




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय ने बताया कि इस बार स्कूल से कुल 62 छात्र छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी। जिसमे से 56 ए+ के साथ उत्तीर्ण हुए। वहीं छह छात्र ए श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सुजीत कुमार 91.4 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉपर बना। वहीं खुशी कुमारी 91.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और फरहान 90.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। अवध बिहारी पांडेय ने कहा कि सभी टॉपरों को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरष्कृत किया जायेगा।

### छात्राओं को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर शुरू हुआ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार, बीपीओ मणि कुमार पांडेय, बीपीएम पंकज पांडेय, बिनोद तिवारी व मिथिलेश दूबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने छात्राओं को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# 9790 मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशि रंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी रवि आनंद के निदेर्शानुसार 9790 मतदान कर्मियों को पीठासीन, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह,अमरेन्द्र पाठक, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम,सहायक सौरव कुमार सिन्हा,दिनेश चंद्र पासवान के द्वारा प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया गया। प्रशिक्षण का अनुश्रवण छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने किया।

मास्टर ट्रेनर अनीश सिंह, नितेश कुमार,आशीष रंजन, संजय राम, सुमंत सिंह, ब्रजेश कुमार,अजय सिंह,सरोज कुमार आजाद, दूधनाथ साहू, निखिल सिंह,निशिकांत नीरव, शशिभूषण सिंह,अविनाश रंजन,संजय पाण्डेय,अर्जुन राम, विजय कुमार,जितेन्द्र सिंह,गौतम प्रसाद,विकास सिंह, महताब खान,सुजीत कुशवाहा,मनोज कुमार द्विवेदी, विनोद दीक्षित आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। पलामू लोकसभा चुनाव की निर्धारित तिथि 13.05.2024 एवं चतरा लोकसभा की तिथि 20.05.2024 के मद्देनजर निष्पक्ष, त्रुटिरहित व भयमुक्त चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को पूरी तरह से प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशिरंजन ने मतदानकर्मियों के समुचित प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

# राधाकृष्ण किशोर का राजद की सदस्यता से इस्तीफा देना स्वाभाविक है: चंदन सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर द्वारा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की सदस्यता से इस्तीफा देना कोई अप्रत्याशित नहीं, बल्कि स्वाभाविक है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा सीट पर भाजपा ने विष्णु दयाल राम को उम्मीदवार बनाया गया है जो राधा कृष्ण किशोर के रिश्तेदार हैं। ऐसी परिस्थिति में दूसरे दल में बने रहना राधा कृष्ण किशोर के लिए असंभव था और हटने का बहाना चाहिए था जो मिल गया। यदि उन्हें पार्टी के किसी नेता से कोई दिक्कत थी तो उचित मंच पर रखना चाहिए था। राजद नेता गौतम सागर राणा द्वारा दिया गया बयान किसी जाति के खिलाफ नहीं, बल्कि विचारधारा से था। शब्द चयन में थोड़ी दिक्कत थी और राधा कृष्ण किशोर को मौका मिल गया। यदि आइएनडीआइए गठबंधन को किसी जाति विशेष से कठिनाई होती तो महागठबंधन में बड़े-बड़े पदों पर इस जाति के लोग बैठे हुए हैं। राधा कृष्ण किशोर एक मंजे हुए राजनीतिज्ञ हैं और बातों को तोड़ मरोड़ कर कहना बखूबी जानते हैं। कहा कि गिरनाथ सिंह को चतरा से टिकट देने का तो झारखंड में सीट बटवारा ही क्लियर नहीं था तो उस स्थिति में कोई पार्टी किसी को टिकट का वादा कैसे कर सकती है। वास्तविकता यह है कि क्षत्रिय समाज भाजपा से गुस्साए हुए हैं और बड़ी-बड़ी सभा कर भाजपा को वोट नहीं देने की कसमें खा रहे हैं। गिरिनाथ सिंह का घर वापसी उसी का परिणाम है। वास्तव में इनकी यह बात क्षत्रिय समाज को भाजपा की तरफ मोड़ने के लिए कही गई थी जो सफल नहीं हुआ। छतरपुर की जनता इनके रग रग से वाकिफ है और उनके इस कार्य से महागठबंधन के उम्मीदवार ममता भुइंया को कोई फर्क नहीं पड़ना है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीओ और एसडीपीओ ने चलाया जांच अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद से सटे बिहार के औरंगाबाद जिले में शुक्रवार को सीमावर्ती सभी क्षेत्रओं को पुलिस ने सील कर दिया है। एसडीएम पियूष सिन्हा और एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सघन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। बिहार में शराब बंदी होने से हुसैनाबाद के रास्ते बिहार में शराब कारोबारियों का बड़ा धंधा भी पकड़ में आता रहा है। जिस पर पुलिस पैनी नजर रखते हुए चेक पोस्ट पर विशेष सतर्कता बरत रही है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अंतरराज्यीय चेकपोस्ट बिहार सीमा से सटे जपला नवीनगर रोड व जपला दंगवार मार्ग पर सीमा को सील किया गया है। दंगवार ओपी प्रभारी संजय यादव ने बताया की चुनाव को लेकर दंगवार ओपी से सटे बिहार के कोईरियाडीह के समीप सीमा को सील किया गया है। इससे किसी भी तरह का अवैध व आपतिजनक सामान के आयात व निर्यात पर रोकथाम लग सका है।

# भाजपा नेताओं ने किया नप के कई गांवों का भ्रमण ग्रामीणों को नामांकन में चलने के लिए किया आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को विश्रामपुर नगर परिषद के कई गांवों का भ्रमण किया और ग्रामीणों को निवर्तमान सांसद सह पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के नामांकन में चलने के लिए आमंत्रित किया। बताते चलें कि 24 अप्रैल को भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल राम अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने बताया कि नप के सभी वार्डों और प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान चल रहा है। इस दौरान भाजपा नेता-कार्यकर्ता आम लोगों से नामांकन कार्यक्रम में चलने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन के बाद मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में जनसभा भी होगा। जिसमें भाजपा के कई प्रादेशिक और केंद्रीय नेता शामिल होंगे। उन्होंने दावा किया कि जनसभा में काफी संख्या में लोग शामिल होंगे। मौके पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, रामसारिख पांडेय, नरसिंह चौबे, विकाश चौबे उर्फ मिंटू चौबे, कयास चौधरी, उपेंद्र तिवारी, राधा कृष्ण साव आदि नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



भारतीय पहलवान दीपक पुनिया की पेरिस ओलंपिक की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। दीपक और सुजीत कलकल को एशिया ओलंपिकक्वालीफायर्स में शामिल होने की मंजूरी नहीं मिली है।

# पहलवान दीपक पूनिया और सुजीत की उम्मीदों को लगा झटका, क्वालीफायर्स में नहीं हो सके शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक में पदक से चूकने वाले पहलवान दीपक पूनिया की पेरिस ओलंपिक की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। दीपक और सुजीत कलकल को एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में शामिल होने की मंजूरी नहीं मिली है। यह दोनों पहलवान मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे और शुक्रवार को बिश्केक पहुंचे थे। जब तक यह दोनों भारतीय पहलवान वहां पहुंचे, उस समय तक अन्य पहलवानों के वजन की जांच शुरू हो चुकी थी जिसके बाद आयोजकों ने दीपक और सुजीत को मंजूरी देने से इनकार कर दिया।

### दीपक व सुजीत के पास क्वालीफाई का एक और मौका



**एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में खेलने की मंजूरी नहीं मिलने पर दीपक और सुजीत ने आयोजकों को अपनी परेशानी बताई, लेकिन वे नहीं माने। दीपक और सुजीत के पास अगले महीने वर्ल्ड क्वालीफायर्स के दौरान पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का एक और मौका रहेगा। भारत का क्वालीफिकेशन अभियान पुरुष फ्रीस्टाइल बाउट के साथ शुरू होगा। दीपक पूनिया की अनुपस्थिति में 57 किग्रा वर्ग में युवा पहलवान अमन शेहरावत पुरुष टीम की अगुआई करेंगे।**

### फर्श पर सोने को हुए थे मजबूर

दीपक और सुजीत भारी बारिश के कारण दुबई एयरपोर्ट पर फंस गए थे। देश में अब तक हुई सबसे भारी बारिश के कारण प्रमुख राजमार्गों और सड़कों पर पानी भर जाने और दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक के अस्त-व्यस्त हो जाने के कारण दोनों दुबई हवाई अड्डे पर फंसे रह गए थे। रूसी कोच कमल मलिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ इन दोनों को फर्श पर सोने के लिए मजबूर होना पड़ा था और बारिश से उत्पन्न संकट के कारण उन्हें उचित भोजन भी नहीं मिल पा रहा था। मामला सामने आने के बाद भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लेते हुए दुबई के अधिकारियों से चर्चा की थी जिसके बाद यह दोनों पहलवान उड़ान भर सके थे। हालांकि देरी होने के कारण यह दोनों भारतीय पहलवान समय से बिश्केक नहीं पहुंच पाए थे।

# सेल बना ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट चैंपियन

### जीत चुका है ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर हॉकी टूर्नामेंट का भी खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की ओर से भोपाल में विगत सोमवार से गुरुवार तक आयोजित आल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट (एआइपीएसएससीबी) 2024 जीत लिया है। इससे पहले हाल ही में एआइपीएसएससीबी की ओर से भुवनेश्वर में आयोजित आल इंडिया पब्लिक सेक्टर हॉकी टूर्नोंट में भी भारतीय खाद्य निगम को हराकर सेल चैंपियन बनकर उभरा था। सेल ने ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नोंट में ऑयल इंडिया को (3-0) से हराकर, इस टूर्नामेंट के चैंपियन का खिताब हासिल किया। इस टूर्नामेंट में कुल नौ पब्लिक सेक्टर यानि सेल, एलआईसी, बीएसएनएल, कोल इंडिया, निवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन, ऑयल इंडिया, ईएसआईसी, बीएचईएल और नाल्को ने भाग लिया। सेल द्वारा लगातार जीती गई ट्रॉफियां, खेल और एथलेटिक प्रतिभाओं को व्यवस्थित रूप से बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने के प्रति कंपनी के निरंतर समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। कंपनी देश की उभरती खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर कई खेल अकादमियों को चलाती और उनका संचालन करती है। कंपनी खेल के बुनियादी ढांचे को विकसित करने और प्रतिभाओं को निखारने के अलावा खेल प्रतिभाओं को निखरने का अवसर प्रदान करने के लिए अपने संयंत्रों और इकाइयों में अंतर सेल खेल चैंपियनशिप भी आयोजित करती है। इसके अलावा,सेल स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड (एसपीएसबी) के तत्वावधान में सेल पूरे वर्ष विभिन्न खेल और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है।

**कार्रवाई :** घटना के बाद से कारखाना संचालक फरार, तलाश में जुटी पुलिस

# निरसा में अवैध मिनी शराब कारखाने का भंडाफोड़, 3 लाख की शराब जब्त

**फरार कारखाना संचालक के खिलाफ थाना में पहले से भी दर्ज है आपराधिक मामले**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीसी और एसएसपी के निर्देश पर अवैध शराब, नकदी व हथियार आदि की बरामदगी को लेकर लगातार छापामारी की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को एक बार फिर उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर निरसा में स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापामारी कर मिनी अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। यहां से करीब तीन लाख रुपए मूल्य के नकली शराब बरामद किये गए। जिसका संचालन विकाश शहनी नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था। हालांकि पुलिस की छापामारी की भनक लग जाने के कारण विकास पहले ही फरार हो चुका था। पुलिस की मानें तो विकाश शहनी के खिलाफ पहले से भी उत्पाद और निरसा पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया है। सहायक उत्पाद आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि छापामारी में चारलीटर किरामिल, 350 लीटर स्प्रिट जो गैलन में था, निर्मित 14 पेटी नकली शराब, लेबल और कैप बरामद की गई है। फरार आरोपित की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, छापामारी दल में अमित गुप्ता, जितेंद्र, स्वेता, जय हेंब्रम और निरसा पुलिस शामिल थे।


अवैध शराब कारखाने से जब्त निर्मित शराब, बोतलें व अन्य सामग्री।

# बीडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह धनबाद डीसी के निर्देश पर शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के निमित्त बीडीओ राजेश कुमार सिंह द्वारा ग्राम पंचायत अलकडीहा, मुकुंदा एवं सुरुंगा के कुल 13 मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन किया गया। मुकुंदा पंचायत अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदा के मतदान केंद्र संख्या 286, 287 में शौचालय की मरम्मती कर ली गई है और नया दरवाजा भी लगा लिया गया है। मतदान केंद्र संख्या 290 नया प्राथमिक विद्यालय हरिबोल थान मुकुंदा में रैंप का सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। इस संबंध में बीडीओ द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक को अविलंब एएमएफ सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। ग्राम पंचायत सुरूंगा स्थित मतदान केंद्र संख्या 302, 303, 304, 305 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुरुंगा में चापाकल खराब था, जिसकी मरम्मती कर ली गयी है। मतदान केंद्र संख्या 306 प्राथमिक विद्यालय जगन कोच का भी निरीक्षण कर एएमएफ सुदृढ़ीकरण के संबंध में किया जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मतदान केंद्र अवस्थित संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता, परिसर की सफाई, शौचालय की साफ सफाई करने का विशेष निर्देश दिया गया।



# लोस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आयोजित होंगे कई कार्यक्रम: सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित बेरमो प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को सभी पंचायत के सचिव व स्वीप कोषांग के कर्मियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ सह बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने की। इसमें सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का आह्वान किया गया। सीओ ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गयी। जिसमें बूथ को बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण और मतदाता जागरूक शामिल था। बताया कि 142 बूथ में से 121 बूथों पर पूर्व में हुए मतदान में औसत से कम मतदान हुआ है। इन सभी बूथों पर मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत कई तरह के कार्यक्रम हर बूथ में आयोजित किए जायेंगें। इसमें साइकिल रैली, प्रभात फेरी, क्वीज प्रतियोगिता आदि शामिल है। इसको बूथ वार टीम बनाकर कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि किसी भी बूथ में किसी भी प्रकार की सुविधाओं में कमी दिखती है तो उसकी जांच कर सूची बनाने और समस्या को 48 घंटे के अंदर दूर किया जाए। इस मौके पर मिथिलेश कुमार पांडेय, नीलकंठ कश्यप, मो अफरोज आलम, दीपक लोहरा, नरेश कुमार यादव, किशन मुंडा, आनंद प्रसाद, शेषनाथ, नीरज कुमार सिन्हा, फनिंद्र मंडल, पूनम कुमारी, विनीता कुमारी, उमा कुमारी, सुजाता कुमारी, बालेश्वर प्रसाद, उत्तम दास आदि उपस्थित थे।



# लोक चुनाव को गंभीरता से लें, सभी कोषांग समन्वय बना कर काम करें : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में लोकसभा चुनाव एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित गठित कार्मिक सेल/वाहन सेल/लॉजिस्टिक सेल/प्रशिक्षण सेल/ईवीएम वीवीपैट सेल के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गयी। इस दौरान डीसी ने समीक्षा करते हुए सभी कोषांगों के कार्यों की जानकारी ली और प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही कलस्टर, मतदान केंद्रवार मूलभत सुविधाएं, मतदान केंद्रवार रूट चार्ट/मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिंदुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उक्त सभी कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली और उन्हें बताया कि भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने व कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ ही सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी कोषांग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। इस दौरान सभी को बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन व गांडेय विधानसभा उप चुनाव के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराना हमारी जिम्मेवारी है। साथ ही कंट्रोल रूम को दिन-रात उचित संचालन एवं रजिस्टर संधारण को लेकर निर्देश दिए गए।

# विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने दी जवान शहीद नायक प्रज्ञानंद सिंह को श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामाडोबा।** जितपुर निवासी रिटायर्ड टिस्को कर्मी और सेना के पूर्व जवान गजेन्द्र सिंह के छोटे पुत्र जम्मू कश्मीर के उधमपुर कैंप में पोस्टेड सेना के जवान प्रज्ञानंद सिंह (34) ने निधन पर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शुक्रवार को झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह भी शामिल हुईं। जीतपुर आवास में शोकाकुल परिवार से मिलकर शहीद जवान की मां और पत्नी को ढांढस बंधाया। साथ ही परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। इसके अलावा शहीद नायक की प्रतिमा स्थापित करने का आश्वासन देते हुए विधायक कहा कि शहीद प्रज्ञानंद जी की मूर्ति ऐसी जगह स्थापित की जायेगी जिससे लोगों को उनसे देश सेवा की प्रेरणा मिले। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, मृणालकांत सिंह, सिंटू सिंह, रवि थापा, अमित आर्यन, हरेंद्र यादव, त्रिलोचन तिवारी, विकाश सिंह और गौरव चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।



# गांडेय में कम वोटिंग प्रतिशत वाले क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को गांडेय प्रखंड में कम मतदान केंद्र वाले क्षेत्र मनकडीहा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बूथ नंबर 343, 344 और अहिल्यापुर हाई स्कूल के बूथ नंबर 294 एवं 295 में मतदाताओं के बीच जन जागरूकता अभियान चलाया गया। वहां के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। मतदाताओं को मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। इस दौरान सहयोगी पदाधिकारी (स्वीप कोषांग) ने स्थानीय लोगों को वोट के महत्व की जानकारी दी। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है। जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 20 मई को होना है। सभी को इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व और निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।



# आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर खाक

**कतरास (आजाद सिपाही)।** जोगता थाना क्षेत्र के भेलाटांड स्थित जेनरल स्टोर में शुक्रवार की अहले सुबह आग लग जाने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। पता चला है कि आग से एक डीप व एक एकल फ्रिज, काउंटर, फर्नीचर, रूफ सिलिंग, खाद्य सामग्री, कोल ड्रिंक, पानी की बोतलें और आइसक्रीम जल गए, जिसकी अनुमानित कीमत आठ लाख रुपये बताई जा रही है। भेलाटांड-कपुरिया मुख्य सड़क के किनारे दुकान अवस्थित है। इस रास्ते प्रातः भ्रमण करने वालों की नजर दुकान के अंदर से निकल रहे धुआं पर पड़ी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। यह देख लोगों की भीड़ जुट गई। इसकी सूचना पाकर दुकान संचालक राजू भी वहां पहुंच गए। उधर से गुजर रहे टुंडी विधायक मथुरा महतो ने टाटा कंपनी व जिला दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी। हालांकि जबतक दमकल के इंजन मौके पर पहुंचते सब कुछ जलकर खाक हो चुका था।

# सिंदरी डीएवी पब्लिक स्कूल में मना महात्मा हंसराज का जन्मदिन

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को डीएवी के संस्थापकों में प्रमुख महात्मा हंसराज का जन्मदिन मनाया गया। स्वामी दयानंद सरस्वती के देहावसान के बाद उनके स्मारक के रूप में जब 1886 में डीएवी स्कूल का रूप सामने आया तो जीवन भर अवैतनिक मुख्य प्राध्यापक और प्राचार्य के रूप में सेवा दिए। इस अवसर पर प्राचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि महात्मा हंसराज जी वास्तव में महात्मा थे। एक महान शिक्षाविद् के साथ ही समाजसेवी के रूप में भी प्रसिद्ध हैं। महात्मा जी का जीवनकाल हम सभी लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। केवल 22 वर्ष की आयु में डीएवी स्कूल लाहौर के प्रधानाचार्य बने और साल 1895 में बीकानेर में आये भीषण अकाल के दौरान दो वर्षों तक बचाव व सहायता का कार्य किये। वहीं, जोधपुर में आए भीषण अकाल में लोगों की सहायता 14 हजार अनाथ बच्चे आर्य आनाथालयों में पालन-पोषण के लिये लिये गये। इसी तरह हंसराज जी के नेतृत्व में साल 1905 में कांगड़ा, 1935 में क्वेटा, साल 1934 में बिहार में पीड़ितों की सहायता की गयी। इस मौके पर समाजसेवी राजू पांडेय, मानवाधिकार कार्यकर्ता राजीव कुमार गोप, संस्कृत शिक्षक बृजकिशोर द्विवेदी और माहेश्वरी प्रसाद पाण्डेय आदि उपस्थित थे।




लोकसभा चुनाव–2024
उत्त्व प्राथमिकता

**जिला समादेष्टा का कार्यालय,**
**झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, रामगढ़**

**आवश्यक सूचना**

महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय, झारखण्ड, राँची के कार्यालय पत्रांक– 350/चु0को0, दिनांक– 01.04.2024 एंव महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक– 820/OTD, दिनांक–16.04.2024 के निदेश के आलोक में आगामी लोक सभा आम चुनाव– 2024 में दिनांक–06.05.2024 से दिनांक– 04.06.2024 तक कुल– 624 गृह रक्षकों को कॉल–अप करने का आदेश प्राप्त हुआ है।

अतः सभी प्रभावी बल के गृह रक्षकों को सुचित किया जाता है कि दिनांक–22.04.2024 से लेकर 24.04.2024 तक जिला समादेष्टा कार्यालय, रामगढ़ में पासबुक की प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति के साथ अपना आगमन कराना सूनिश्चित करें। निर्धारित तिथि पर आगमन नहीं करने वाले गृह रक्षकों पर कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

इसे अतिआवश्यक समझें।

आदेशानुसार
ह0/
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षावाहिनी, रामगढ़।

PR.NO.323923 District(24-25):D


रांची में 21 को न्याय उलगुलान रैली के सफल आयोजन को लेकर सिंदरी में आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक

# केंद्र की मोदी सरकार पर सत्ता का दुरुपयोग और विपक्ष के नेताओं को फंसाकर जेल में डालने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक शुक्रवार को राजद कार्यालय में हुई। जिसमें आगामी 21 अप्रैल को रांची में आयोजित होने वाले न्याय उलगुलान रैली को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आइएनडीआइए गठबंधन के घटक दलों ने एक स्वर में भाजपा की नीतियों की आलोचना की। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित झूठे केस में साजिश के तहत फंसा कर जेल भेजा गया है। इसी के प्रतिवाद में रांची में न्याय उलगुलान रैली आयोजित की गई है, जिसे सफल बनाने को लेकर सिंदरी में बैठक की गई है। वक्ताओं ने केंद्र द्वारा सिंदरी रेलवे स्टेशन को हटाने के फैसले की भी निंदा की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि इस फैसले को वापस नहीं लिया गया तो सिंदरी की जनता को गोलबंद कर आंदोलन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के सिंदरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार और संचालन माकपा के सिंदरी सचिव गौतम प्रसाद ने की। इस मौके पर झामुमो के नगर अध्यक्ष अशोक कुमार महतो, राजद के नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव, भाकपा-माले के नगर सचिव कृष्णा प्रसाद महतो, झामुमो के केंद्रीय सदस्य सुखलाल मरांडी, महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल, माकपा सिंदरी-बलियापुर लोकल कमेटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर, शिबू राय, माले नेता मजीद खान, सागर मंडल, कांग्रेस के मनोज घोष, सिया कांत दूबे, झामुमो के फागू प्रामाणिक, अर्जुन प्रमाणिक आदि मौजूद थे।


सिंदरी राजद कार्यालय में बैठक में शामिल आइएनडीआइए गठबंधन के नेता-कार्यकर्ता।


**चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता**

**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी**

**आवश्यक सूचना**

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा झारखंड राँची का ज्ञापांक–753/OTD,दिनांक–04.04.2024 के आलोक में खूँटी जिला अंतर्गत प्रभावित बल के सभी शहरी/ ग्रामीण महिला एवं पुरुष गृह रक्षों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में विधि–व्यवस्था संधारण हेतु कुल प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को चुनाव ड्यूटी (दिनांक–06.05.2024 से 04.06.2024 तक) में लगाया जाना है एंव सभी गृह रक्षको को फार्म–12 हस्ताक्षर कर भोटर आई डी कार्ड के साथ जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी में जमा करना है।

खूँटी जिला के प्रभावित बल के गृह रक्षक जो राँची, बोकारो एंव खूँटी के विभिन्न कार्यालय/संस्थाओं/आवासीय कार्यालय /निदेशालय /सचिवालय / मंत्रालय में प्रतिनियुक्त हैं। सभी को सूचित किया जाता है कि जल्द से जल्द जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, खूँटी में( पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थित) मे आकर अपना आगमन करना सुनिश्चित करे फार्म–12 हस्ताक्षर कर तथा भोटर आई डी कार्ड की छाया प्रति संलग्न कर समर्पित करना सुनिश्चित करें।

यह भी सूचित किया जाता है कि दिनांक–04.05.2024 तक जिला समादेष्टा कार्यालय खूँटी (तूतटोली, खूँटी) में एंव चुनाव कार्य हेतु 02 सेट वर्दी, बेडिंग एवं अन्य आवश्यक सामग्री के साथ तैयारी हालत में उपस्थित होगें।

इस आशय की सूचना पूर्व में ही दूरभाष विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप, कार्यालय सूचना एवं दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम सेबार–बार सूचित किया जा रहा है इसके बावजूद भी आपके द्वारा आदेश को अनदेखी किया जा रहा है। निर्धारित तिथि तक उपरोक्त आदेश का अनुपालन नही करने वाले गृह रक्षको के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस उपाधीक्षक(मु0),
–सह– जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
खूँटी

PR 323927 District(24-25)D

# पूर्व तट रेलवे ने विश्व धरोहर दिवस मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे विश्व विरासत दिवस को उत्साह के साथ मना रहा है और समृद्ध रेलवे विरासत के संरक्षण और सम्मान पर जोर दे रहा है। पूर्व तट रेलवे के कार्यकारी महाप्रबंधक महेश कुमार बेहेरा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में हमारी सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए चर्चा, कलात्मक अभिव्यक्ति और सामूहिक प्रतिबद्धता का मिश्रण देखा गया।

दिलीप कुमार सामंतराय, प्रबंध निदेशक, अंगुल सुकिंदा रेलवे लिमिटेड ने एक दिलचस्प भाषण में रेलवे विरासत और इसके संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि बेहेरा ने अपने भाषण में रेलवे विरासत के संरक्षण पर जोर दिया और कार्यक्रम की सामूहिक भावना को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर आयोजित एक कला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महेश कुमार बेहेरा कार्यकारी महाप्रबंधक और शर्मिला बेहेरा पूर्व तट रेलवे महिला संघ की अध्यक्ष ने कला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। समारोह का आयोजन रेल संग्रहालय में किया गया। केके खडंगा उप महाप्रबंधक पूर्व तट रेलवे ने संचालन किया और इसमें रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

# महानदी में नाव पलटी, दो यात्री की मौत, सात लापता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** झारसुगुडा जिले के लखनपाली प्रखंड शरधा गांव के पास महानदी में एक यात्री नाव के पलट जाने से 2 व्यक्ति की मौत हो गयी और 7 लापता होनेका सूचना है। नाव पर कई महिलाओं और बच्चों के होने की सूचना है।

सूचना के मुताबिक छत्तीसगढ़ से पिकनिक करने के लिए आये थे और वापस नाव में 50 यात्री बरगड बांजीपाली के लिए यात्रा कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक क्षमता से अधिक यात्री सवार होने के कारण नाव पलट गयी। आसपास के मछुआरों ने 40 से अधिक लोगों को बचाया और किनारे ले आये, लेकिन जो अन्य लापता हैं। उन्हें बचाने के प्रयास अभी भी जारी है। दमकल कर्मियों ने सर्च ऑपरेशन में शामिल है। घटनास्थलों पर जिलापाल, एसपी मौकेपर उपस्थित होकर बचाब कार्य का तदारख कर रहे है।

**मुख्यमंत्री ने दुख व्यक्त किया:** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने महानदी में नाव दुर्घटना में 2 लोगों की मौत की खबर पाकर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को सभी बचाये गये लोगों को उचित इलाज प्रदान करने का निर्देश दिया। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# सम फुलनखरा परिसर में विश्व आवाज दिवस मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विश्व आवाज दिवस के अवसर पर मंगलवार को इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल के फुलनखरा परिसर में आवाज की समस्या वाले मरीजों की मुफ्त जांच की गयी। विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ) खगेश्वर राउत ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल के कान, नाक और गला विभाग द्वारा किया गया, जिसमें स्वरयंत्र एंडोस्कोपी के माध्यम से मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया।

आवाज में कोई भी बदलाव इंगित करता है कि स्वरयंत्र के कैंसर की संभावना है। विश्व आवाज दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य इस संदेश को लोगों तक पहुंचाना है। डॉ राउत ने कहा की यह विशेष रूप से उन लोगों में होने की संभावना है जो धूम्रपान करते हैं, गुटका का सेवन करते हैं और शराब पीते हैं। उन्होंने कहा कि जहां बुजुर्ग लोगों में इस कैंसर की संभावना होती है, वहीं शिक्षकों, वकीलों, गायकों और फेरिवाला के मामले में इस कैंसर का खतरा अधिक होता है, जो अपने स्वर तंत्र का अत्यधिक उपयोग करते हैं। हालांकि डॉ राऊत ने कहा कि इस बीमारी की जल्द पहचान होने से इसका उचित इलाज किया जा सकता है और इसके इलाज व जांच के लिए अस्पताल में नवीनतम व्यवस्था उपलब्ध है। कार्यक्रम में डॉ राउत के साथ-साथ डॉ स्मृति रंजन, डॉ विवेकानंद आचार्य, डॉ शुभ्रा प्रधान, डॉ अरोदीप लूथार और डॉ परेश गिरी उपस्थित थे।

# पूर्व तट रेलवे ने शुरू की 20 जोड़ी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें

- भीड़ से बचने के लिए नौ जोड़ी विशेष ट्रेनें जोड़ी गयीं
- 11 जोड़ी विशेष ट्रेनों की सेवाएं बढ़ायी गयीं
- पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार से गुजरनेवाली 13 जोड़ी विशेष ट्रेनों

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए और गर्मियों के दौरान नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार से देश के विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष ट्रेनें चलाने और मौजूदा विशेष ट्रेनों की सेवाओं को अधिक समय के लिए विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है।

**पुरी-शालीमार द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन :** 08483/08484 पुरी-शालीमार-पुरी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन पुरी से 21 अप्रैल से 30 जून के बीच प्रत्येक रविवार और बुधवार को 23.50 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में शालीमार से यह ट्रेन 22 अप्रैल से 1 जुलाई के बीच प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को 1945 बजे रवाना होगी।

**पुरी-निजामुद्दीन साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन :** 08475/08476 पुरी-निजामुद्दीन-पुरी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन पुरी से 19 अप्रैल से 28 जून के बीच प्रत्येक शुक्रवार को 4:50 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में, यह ट्रेन 20 अप्रैल से 29 जून के बीच प्रत्येक शनिवार को 23:35 बजे निजामुद्दीन से रवाना होगी।

**मालतिपाटपुर (पुरी)-शालीमार साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन :** 02839/02840 शालीमार-मालतिपाटपुर (पुरी)-शालीमार ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन शालीमार से 14 अप्रैल से 30 जून के बीच प्रत्येक रविवार को 2125 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में, मालतिपाटपुर से यह ट्रेन 15 अप्रैल से 1 जुलाई बीच प्रत्येक सोमवार को 23.50 बजे रवाना होगी।

**भुवनेश्वर-यशोवंतपुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन :** 02811/02812 भुवनेश्वर-यशवंतपुर-भुवनेश्वर ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 13 अप्रैल से 25 मई के बीच प्रत्येक शनिवार को 19.15 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में, ये ट्रेन 15 अप्रैल से 27 मई के बीच प्रत्येक सोमवार को पांच बजे रवाना होगी।

**ब्रह्मपुर-सूरत साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन :** 09069/09070 सूरत-ब्रह्मपुर-सूरत समर स्पेशल ट्रेन सूरत से 17 अप्रैल से 26 जून के बीच प्रत्येक बुधवार को 14.20 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में ब्रह्मपुर से यह ट्रेन 19 अप्रैल से 28 जून 20.24 के बीच प्रत्येक शुक्रवार को 3.30 बजे रवाना होगी।

**संबलपुर-पुणे साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन :** 08327/08328 संबलपुर-पुणे-संबलपुर समर स्पेशल ट्रेन संबलपुर से 14 अप्रैल से 30 जून के बीच प्रत्येक रविवार को 22 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में पुणे से यह ट्रेन 16 अप्रैल से 2 जुलाई के बीच प्रत्येक मंगलवार को 9.15 बजे रवाना होगी।

**संबलपुर-गुवाहाटी साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन :** 08351/08352 संबलपुर-गुवाहाटी-संबलपुर ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन संबलपुर से 22 अप्रैल से 24 जून के बीच प्रत्येक सोमवार को 18.50 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में, गुवाहाटी से यह ट्रेन 24 अप्रैल से 26 जून के बीच प्रत्येक बुधवार को आठ बजे रवाना होगी।

**विशाखापत्तनम-कोल्लम ग्रीष्मकालीन विशेष :** 08539/08540 विशाखापत्तनम-कोल्लम-विशाखापत्तनम ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन विशाखापत्तनम से 17 अप्रैल से 3 जुलाई के बीच प्रत्येक बुधवार को 8.20 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में कोल्लम से यह ट्रेन 18 अप्रैल से 4 जुलाई के बीच प्रत्येक गुरुवार को 19.35 बजे रवाना होगी।

**विशाखापत्तनम-कुर्नूल ग्रीष्मकालीन विशेष :** 08585/08586 विशाखापत्तनम-कुरनूल-विशाखापत्तनम ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन विशाखापत्तनम से 2 अप्रैल से 25 जून के बीच प्रत्येक मंगलवार को 1735 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में कुरनूल से यह ट्रेन 3 अप्रैल से 26 जून के बीच प्रत्येक बुधवार को 15.30 बजे रवाना होगी।

**विशाखापत्तनम-कुर्नूल ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन :** 08585/08586 विशाखापत्तनम-कुर्नूल-विशाखापत्तनम



ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन 2 अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक मंगलवार को विशाखापत्तनम से शाम 5.35 बजे प्रस्थान करेगी, वापसी मार्ग पर ट्रेन 3 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को दोपहर 3.30 बजे विशाखापत्तनम के लिए कुरनूल से रवाना होगी।

## कुछ विशेष रेल सेवाओं का विस्तार

**भुवनेश्वर-चेन्नई साप्ताहिक विशेष ट्रेन :** चेन्नई से प्रत्येक सोमवार एवं भुवनेश्वर से प्रत्येक मंगलवार को चलने वाली 06073/06074 चेन्नई-भुवनेश्वर-चेन्नई स्पेशल ट्रेन की सेवा समय सीमा 4 जून तक बढ़ा दी गयी है।

**भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन :** भुवनेश्वर और धनबाद से प्रतिदिन चलने वाली 02832/02831 भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन भुवनेश्वर से 29 जून तक और धनबाद से 30 जून तक बढ़ा दिया गया है।

**पुरी-पटना स्पेशल ट्रेन :** पुरी से प्रत्येक शनिवार और पटना से प्रत्येक रविवार को चलने वाली 08439/08440 पुरी-पटना-पुरी स्पेशल ट्रेन को 30 जून तक बढ़ा दिया गया है।

**पुरी-पटना स्पेशल ट्रेन :** पटना से प्रत्येक गुरुवार एवं पुरी से प्रत्येक शुक्रवार को चलने वाली 03230/03229 पटना-पुरी-पटना स्पेशल ट्रेन सेवा का विस्तार 26 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है।

**पुरी-भंजपुर (बारीपदा) स्पेशल ट्रेन :** भंजपुर से प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को, पुरी से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को चलने वाली 08011/08012 पुरी-भंजपुर-पुरी स्पेशल ट्रेन सेवा की अवधि 30 जून तक बढ़ा दी गयी है।

**पुरी-संतरागाछी स्पेशल ट्रेन :** प्रत्येक शुक्रवार को संतरागाछी से और प्रत्येक शनिवार को पुरी से चलने वाली 02837/02838 संतरागाछी-पुरी-संतरागाछी स्पेशल ट्रेन 29 जून तक बढ़ा दिया गया है।

**ब्रह्मपुर-एनार्कुलम साप्ताहिक जनसाधारण स्पेशल ट्रेन। (अनारक्षित) :** 06087/06088 एनार्कुलम-ब्रह्मपुर-एनार्कुलम जनसाधारण स्पेशल ट्रेन एनार्कुलम से प्रत्येक शनिवार को और ब्रह्मपुर से प्रत्येक सोमवार को 27 मई तक बढ़ा दिया गया है।

**कटक-हैदराबाद स्पेशल ट्रेन :** 07165/07166 हैदराबाद-कटक-हैदराबाद स्पेशल ट्रेन हैदराबाद से प्रत्येक मंगलवार को और कटक से प्रत्येक बुधवार को रवाना होने वाली ट्रेन 20 जून तक बढ़ा दिया गया है।

**विशाखापत्तन - सिकंदराबाद विशेष ट्रेन :** विशाखापत्तनम से प्रत्येक बुधवार और सिकंदराबाद से प्रत्येक गुरुवार को चलने वाली 08579/08580 विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम विशेष रेल सेवा को 27 जून तक बढ़ा दिया गया है।

**विशाखापत्तनम-तिरुपति स्पेशल ट्रेन :** विशाखापत्तनम से प्रत्येक सोमवार और तिरुपति से प्रत्येक मंगलवार को चलने वाली 08583/08584 विशाखापत्तनम-तिरुपति-विशाखापत्तनम विशेष ट्रेन को 25 जून तक बढ़ा दिया गया है।

**विशाखापत्तनम-बेंगलुरु स्पेशल :** विशाखापत्तनम से प्रत्येक रविवार और बेंगलुरु से प्रत्येक सोमवार को चलने वाली 08543/08544 विशाखापत्तनम- बेंगलुरु-विशाखापत्तनम विशेष ट्रेन को 1 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है।

उपरोक्त विशेष ट्रेनों के अलावा पूर्व तट रेलवे सीमा के माध्यम से देश के महत्वपूर्ण गंतव्यों के बीच 13 जोड़ी लंबी दूरी की ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें भी चल रही हैं। ये ट्रेनें हैं - सिकंदराबाद-डिब्रूगढ़-सिकंदराबाद स्पेशल, सिकंदराबाद-अगरतला-सिकंदराबाद स्पेशल, चेन्नई-संतरागाछी-चेन्नई स्पेशल, नागरकोइल-डिब्रूगढ़-नागरकोइल स्पेशल, कोचुवेली-शालीमार-कोचुवेली स्पेशल, बेंगलुरु खड्गपुर-बेंगलुरु पेसियल, संतरागाछी-सिकंदराबाद - संतरागाछी स्पेशल, सिकंदराबाद-शालीमार-सिकंदराबाद स्पेशल, बेंगलुरु-मालदा टाउन-बेंगलुरु स्पेशल, महिसूर-मुजफ्फरपुर-महिसूर स्पेशल, न्यू तिनसुकिया-बेंगलुरु-न्यू तिनसुकिया स्पेशल और हावड़ा-यशोवंतपुर-हावड़ा स्पेशल ट्रेनें।

# सम हॉस्पिटल और सम अल्टीमेट मेडिकेयर अंगदान को दे रहे बढ़ावा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मृत्यु के बाद भी जीवन है। इस कथन को ध्यान में रखते हुए आयुर्विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल और सम अल्टीमेट मेडिकेयर अंग दान जैसे महान कार्य को बढ़ावा दे रहा है। ये दोनों अस्पताल स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मील के पत्थर के रूप में उभरे हैं, नियमित रूप से अंग दान जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उदाहरण लेकर आ रहे हैं।

आइएमएस और सम अस्पताल में इलाज करा रही केऊंझर की 50 वर्षीय महिला संयूक्ता पात्र की मृत्यु के बाद, उसके तीन अंगों को उसके परिवार द्वारा दान कर दिया गया है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित, मस्तिष्क में खून का जमने के कारण गंभीर हालत में उन्हें पिछले 12 अप्रैल को संयुक्ता को सम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। न्यूरोसर्जरी विभाग के अंतर्गत न्यूरोसर्जन प्रोफेसर (डॉ) सूर्यप्रताप सिंह और उनकी टीम ने उनके मस्तिष्क का ऑपरेशन किया। न्यूरोसर्जरी आइसीयू के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ) ईश्वर चंद्र बेहेरा की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। हालाकि जब मरीज को अस्पताल में भर्ती कराया गया, तब तक उसकी हालत बहुत गंभीर थी और 15 तारीख को उसका ब्रेन डेड हो चुका था। इसके बाद सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार की अध्यक्षता में एक विशेष टीम ने मरीज के रिश्तेदारों को अंगदान की महानता के बारे में बताया। परिवार ने इस महान कार्य के लिए सहमति दी और संयुक्ता की दो किडनी और लीवर दान करने का कदम उठाया। संयुक्ता की मृत्यु के बाद भी, शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) परिवार ने उन्हें उनके महान कार्य के लिए एक विशेष सम्मान के साथ संयुक्ता के परिवारों को धन्यवाद दिया।






























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**